e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 265

प्रभात मंत्र

सुविचार

अन्याय में सहयोग देना,
अन्याय के ही समान है!

शुक्रवार

27.09.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR NO-337283 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

इस नवरात्र फिल्म स्टार रिमी सेन एवं टीवी स्टार रश्मि देसाई संग शहर खेलेगा डांडिया : संध्या

ऐतिहासिक होगा चेंबर महिला विंग द्वारा आयोजित डांडिया नाइट 2024

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी डांडिया नाइट 2024 का आयोजन किया गया है जिसमें धूम, फिर हेरा फेरी जैसे सुपरहिट फिल्म की फिल्म स्टार रिमी सेन एवं उत्तरण, बिग बॉस, नच बलिए फेम टीवी स्टार रश्मि देसाई हम सबों के साथ 8 एवं 9 अक्टूबर को नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया खेलने आ रही हैं द्य इस कार्यक्रम की योजना अध्यक्ष श्रीमती संध्या ने बताया इस बार का कार्यक्रम बड़े शहरों की तर्ज पर भव्यता के साथ किया जा रहा कार्यक्रम में मुंबई की मशहूर महिला डीजे प्लेयर एवं स्टार नाइट की एंकर हम सबों का मनोरंजन करेंगी। श्रीमती संध्या ने बताया इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने शहर के चहैती प्रथम महापौर अरुणा शंकर जिनका भरपूर सहयोग मिल रहा वह इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। श्रीमती संध्या ने बताया स्थान सीमित है मात्र हम सबों द्वारा 500 लोगों की व्यवस्था की जा सकी है और महिलाओं में डांडिया के प्रति उत्सुकता कहीं उससे ज्यादा है इसलिए व्यवस्था बढ़ाने की बात चल रही है। ड्डपर जो लोग पहले आमंत्रण पत्र लेंगे उन्हें ज्यादा सुविधा मिलेगी।ठ्ठआमंत्रण पत्र मिलने का स्थान होटल शिवाय ब्लू , नवदीप वस्त्रालय (घास पटी रोड) आनंद मोटर्स एवं गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में 28 तारीख से उपलब्ध होगा। इस बार कार्यक्रम में स्पॉन्सर द्वारा तीन बेस्ट डांडिया कपल अवार्ड एवं दो डांडिया क्वीन अवार्ड भी दिया जाएगा। कार्यक्रम मैदान में दिल्ली दरबार द्वारा जहां खाने के कई तरह के नए-नए व्यंजन की व्यवस्था की जा रही है वहीं नवरात्र को ध्यान में रखते हुए बिना लहसुन प्याज के कई तरह के व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। श्रीमती संध्या ने कहा जहां पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ,सचिन एवं सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में पूर्ण सहयोग मिल रहा वही हमारी महिला साथी एवं कार्यक्रम सहयोगी कोमल अग्रवाल सराफ, शिवानी आनंद, रंजीता , टीना आनंद, सिमरन कौर, आलिया सिंघानिया, आरती आनंद ,पूजा भिवानिया, प्रियंका सिंघानिया, गुंजन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, प्रीभराज गुप्ता एवं कई महिला मित्र मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं द्य श्रीमती संध्या ने बताया कार्यक्रम स्थल पर डांडिया स्टिक भी उपलब्ध रहेगा जो खरीदना चाहे खरीद सकते हैं।

उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद

पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता): दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर पलामू उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने नवाजयपुर थाना क्षेत्र के कनौदी गाव निवासी सुनील सिह के घर से अवैध विदेशी शराब के भण्डारण सह बिक्री स्थल पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेसी शराब जब्त किया है। इस अवैध विदेशी शराब के कारोबार में संलिप्त अभियुक्त सुनिल सिह, के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापामारी अभियान में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश, प्रतिनियुक्त गृह रक्षक बल शामिल थे।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार जारी

पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता): पाटन प्रखंड मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू उपायुक्त के सौजन्य से व पाटन अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर बीएफटी बृजेश कुमार ने वाहनों के द्वारा ईवीएम, VVPAT मशीन के द्वारा प्रखंड के हर बूथ पर मशीन का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया। जागरूकता अभियान में लोगों ने ईवीएम मशीन में वोट देखकर ट्रायल किया। यह कार्यक्रम सभी बूथों एवं बाजार चौक, चौराहा पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भैया अभियान 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक हर एक बूथ केन्द्रो पर चलाया जाएगा। और लोगों को वोट देने का प्रशिक्षण एवं जागरूक किया जा रहा है।

पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गई पांचवीं पुण्यतिथि, पूर्व मंत्री सहित कई लोग हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिश्रामपुर : बिश्रामपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई. मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व.दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, मनिका सीओ संतोष शुक्ला, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह ने पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया.वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगो के साथ साझा किया.कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दीक्षित, मुखिया अशोक सिंह, पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, जेई विभूति भूषण, सुधीर दुबे, अशोक दुबे, सोनू दुबे, शंकर केशरी, राजेंद्र केसरी, अजय राम चंद्रवंशी, शंकर केशरी, रमेश चौबे, भाजपा नेता मनीष कुमार, कन्हाई चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

भाजपा के पास विकास का विजन : संध्या सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने गुरुवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया.दौरा के क्रम में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिलाया. उन्होंने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी. इस दौरान श्रीमति सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं भाजपा मे शामिल हुई. सभी को उन्होंने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया.संध्या सिंह ने कहा कि भाजपा के पास विकास का विजन है.विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का संकल्प है.सबको साथ लेकर सबके विकास की प्रतिबद्धता है.वहीं विरोधियों के पास सिर्फ झूठा वादा है. तुष्टिकरण की वही पुरानी नीति है. जात पात पर लोगों को बाटने की कूटनीति है. प्रदेश की जानता भी विरोधियों के इस चाल को अब पूरी तरह समझ चुकी है.उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता को छलने वाले इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो जायेगा और प्रचंड बहुमत के साथ झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी. क्षेत्र भ्रमण मे श्रीमति सिंह के साथ पूजा सिंह, किरण सिंह, सरोज देवी, विमला देवी, कलिंदा देवी, लीला देवी, रीना चंद्रवंशी, चंद्रावती देवी, अनुरंभा सिंह, सोनी पासवान, काजल कुमारी, बबली कुमारी, बेबी देवी सहित पार्टी की कई महिला कार्यकर्ता शामिल थीं।

ऑपरेशन सतर्क के तहत 456 बोतल 180 एमएल टनाका एवं शक्तिमान ब्रांड का देशी शराब जप्त

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): आरपीएफ पोस्ट जपला ने गाड़ी संख्या 13349 अप (सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस) के जनरल कोच से 456 बोतल शराब बरामद किया है। गुप्त सूचना मिली थी की सिंगरौली पटना एक्सप्रेस के जेनरल डिब्बे में शराब ले जाई जा रही है। निरीक्षक प्रभारी जपला के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद, सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार तिवारी व प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन, प्रधान आरक्षी सुनील कुमार राय, प्रधान आरक्षी सुधीर कुल्लू एवं प्रधान आरक्षी सुभाषचन्द्र सिंह अपराध आसूचना शाखा गया ने उक्त गाड़ी सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस को जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 03 पर आगमन के पश्चात जनरल कोच को चेक किया। चेक करने पर सीट के नीचे 9 सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरा लावारिस हालत में देखा गया। संदेह होने पर उक्त सभी बोरे को जपला रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। चेक करने पर उसमें टनाका ब्राण्ड एवं शक्तिमान ब्राण्ड का देशी शराब पाया गया। प्लास्टिक बोरे में से टनाका ब्राण्ड का देशी शराब 180 एमएल का 420 बोतल, शक्तिमान ब्राण्ड का देशी शराब 36 बोतल, प्रत्येक बोतल पर सेल इन झारखंड ऑनली अंकित पाया गया। कुल 456 बोतल टनाका ब्राण्ड एवं शक्तिमान ब्राण्ड का देशी शराब कुल अनुमानित मूल्य 18780 रूपया को सहायक उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद ने जब्ती सूची तैयार कर जब्त किया । अग्रिम कार्यवाही करने के लिए उत्पाद अधीक्षक कार्यालय डाल्टनगंज को अग्रसारित कर दिया गया।

युवक के घर से भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ में गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को रामगढ़ थाना की पुलिस ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी व देशी शराब को बरामद किया है।छापेमारी के दौरान साथ ही अवैध शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। रामगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि नावाडीह गांव में एक युवक राजेश भूईहर के पास भारी मात्रा में शराब है और वो अवैध रूप से गांव में शराब बेचने का काम कर रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जब राजेश भूईहर के आवास पर छापामारी के दौरान 20 कैन बीयर,7 बोतल रॉयल स्टैग,1 बोतल b7 एवं बीस लीटर देशी शराब बरामद की। इधर इस मामले में इतनी भारी मात्रा में शराब मिलने पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 48/24 सहित धारा 274/275/292 एवं 47 एक्ट के तहत मामला दर्ज़ कर पुलिस ने युवक राजेश भूईहर को गिरफ्तार कर लिया हैं।

पुर्व मंत्री ददई दुबे ने किया सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : प्रखंड के नौगाढ़ा ग्राम मे सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट का उद्घाटन पुर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे ऊर्फ (ददई) दुबे ने फीता काट कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री दुबे ने बोला ऐसा संस्थान का खुलना गर्व की बात है, हास्पिटल के साथ साथ नर्सिंग के माध्यम से लोग पढ़ाई कर नौकरी कर सकेंगे क्षेत्रीय युवाओं के लिए यह नर्सिंग वरदान के रूप में साबित होगी आने वाले दिन में ईस हॉस्पिटल का तेजी से विकास होगा, वहीं उपस्थित चैयरमैन नितेश पाठक ने बोला क्षेत्र की जनता की समस्या को देखते हुए हॉस्पिटल का खोलना मेरा एक सपना था जो आज पूर्ण होते दिख रहा है नर्सिंग के माध्यम से क्षेत्रीय गरीब बच्चे हमारे यहां आधी फी पर अपना कोर्स पूरा करते हुए नौकरी करेंगे मौके पर बिश्रामपुर प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष राम चन्द्र दीक्षित, उटारी रोड प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पांडू प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे, वरिष्ट कांग्रेस नेता विष्णु कांत पाठक पंचायत समिति सदस्य सूरजमल राम, लगन पाठक, कांग्रेस नेता अरविंद पांडे, पुर्व रेल्वे चालक अशोक तिवारी, पुर्व मुखिया परमोदा देवी, सुनील पांडेय, मुन्ना पानडे, अरून दुबे, रमेश पासवान, अजय पांडेय, सहित कई लोग मौजूद थे।

चोरी के समान के साथ चोर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौडीहा बाजार : पलामू सम्पति मुलक अपराध के अभियुक्तो के विरुध्द गिरफ्तारी/ छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। समकालीन अभियान के दौरान नौडीहा बाजार थाना कांड सं0-58/2024 दिनांक:-23.09.2024 धाराः- 331 (4)/305 BNS के अप्राथ0 अभि0 अरविन्द वर्मा उम्र 38 वर्ष, पिता महेश्वरी वर्मा पताः काजीसराय, थाना काको, जिला-जहानाबाद (बिहार) से पुछ ताछ के क्रम में अपना अपराध स्विकारते करते हुए दिनाक 21.09.24 को नौडिहा बाजार मे अर्ध निर्मात मकान को चोरी के सामान वायरिंग में उपयोग सामान, जेनरेटर के एल्टीनेटर का ताँबा तार, गैस टंकी, चुल्हा, बर्तन, गलैण्डर मशीन, कुलर, बैटरी, ताला तोडने वाले औजर, रैन्च एवं अन्य सामानो के साथ गिरफ्तार किया गया। पुछताछ के दौरान नौडीहा बाजार में ताला तोडकर चोरी करने एवं एक माह पूर्व छतरपुर के राजकीय मध्य विधालय कउवल से चोरी करने की बात को स्वीकार किया है। छापामारी दल में नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार एसआई आशीष कुमार, उदय प्रसाद यादव एएसआई प्रमोद कुमार राय सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

बीडीओ ने किया साइकिल का वितरण

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मझिआंव प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा गुरुवार को प्रखंड परिसर में छात्रों के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की, जिससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा हो सके। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी शैक्षिक यात्रा को सुगम बनाना है।बीडीओ ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि हर विद्यार्थी को शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद मिले। इस अवसर पर कई शिक्षक, स्कूल प्रबंधन और स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

विद्यालय प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरडीहा में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया. विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता- पिता, अभिभावकों के बैठक की अध्यक्षता नेमतुल्लाह अंसारी ने किया. बैठक में उपस्थित पर्यवेक्षक सीआरपी संजय कुमार सिंह ने नियमावली को पढ़कर सुनाया तथा नियमावली के अनुरूप विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का चयन करने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि 12 सदस्यों का चयन माता-पिता,अभिभावकों द्वारा किया किया जाना है. नियमावली सुनने के बाद माता-पिता, अभिभावकों ने आम सहमति से 6 महिला तथा 6 पुरुष सदस्यों का चयन किया. चयनित सदस्यों ने आपस में बैठक कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष के लिये राहत हुसैन, संयोजिका के लिये आसमां बीबी तथा उपाध्यक्ष पद के लिये मसउवर अंसारी का चयन किया. विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन होने के बाद चयनित अध्यक्ष राहत हुसैन ने उपस्थित माता-पिता, अभिभावकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें. यह आपका विद्यालय हैं इसे अंगीकार करें. आपके बच्चें आनेवाले कल के भविष्य है. उन्होंने चयनित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि आप सबों पर विद्यालय संचालन की जबाबदेही है. मौके पर प्रधानाध्यापिका रूबी कुमारी शिक्षक उस्मान अंसारी, आशा कुमारी, उदय कुमार सिन्हा, इसरार अंसारी, साबिद अंसारी, अफरोज अंसारी, रईस अंसारी, नसीम अंसारी, अमीर हसन अंसारी, समसिर अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे.पर्यवेक्षक संजय कुमार सिंह के देखरेख में चुनाव सपन्न किया गया।

भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : भारतीय जनता युवा मोर्चा गढ़वा के द्वारा बंशीधर नगर में गुरुवार को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत जेएसएससी (सीजीएल) भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मामले में झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में फूंका गया।मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश चौबे ने कहा की राज्य में परीक्षा पत्र लीक होना सरकार के मनसा पर सवाल खड़ा करती है। जनवरी में स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर लीक हुआ फिर 21 और 22 सितंबर को भी इस तरह का मामला आ रहा है। कई जगह प्रश्न पत्र पहले से खुला हुआ मिला है। तो कई जगह बाहर में प्रश्न और उत्तर बताते हुए लोग देखे गए हैं।इतना ही नहीं 2019 सेंट्रल स्नातक स्तरीय परीक्षा का पूरा सेट उठाकर इस परीक्षा में दे दिया गया है। अब सरकार नई तरीके से पूरे सुनियोजित होकर इंटरनेट बंद करके और छात्रों के भविष्य के साथ खुलकर खेल रही है। इंटरनेट बंद है और इसके आड़ में पेपर लीक किया जा रहा है। अगर सरकार चेत कर इसमें यथाशीघ्र सुधार नहीं करती है, तो आने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री और मंत्री सहित पूरे सरकार को युवा उखाड़ कर फेंक देंगे।वहीं शहरी भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने कहाँ की हेमंत सोरेन के राज्य में पूरी तरह से शिक्षा व्यवस्था फेल है। जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा में लगातार धांधली देखने को मिल रहा है द्य पांच वर्षो में कदारचार मुक्त परीक्षा नहीं लें पाए। मौके पर भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष शहरी सोनू सिंह, अनुसूचित जाती मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, बिशुनपुरा मण्डल प्रभारी कृपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लालमोहन यादव, बिभूति चौबे, मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि रमना प्रभात कुमार, भाजयुमो कार्यकर्त्ता सुधीर प्रजापति, मिथलेश पासवान, राहुल देव पाल, विद्या पासवान, नन्द किशोर प्रसाद, चिंटू तिवारी, अशोक सिंह, सत्यनारायण पाण्डेय, निक्कू तिवारी, नीरज पाण्डेय, नीरज वार्ड पार्सद, अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बाबा सोमनाथ मन्दिर में धुमधाम से दुर्गा पूजा करने का निर्णय

गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के सहिजना स्थित बाबा सोमनाथ मन्दिर पूजा समिति की बैठक इन्दु भूषण मिश्र की अध्यक्षता में मन्दिर परिसर में संपन्न हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मन्दिर परिसर में मां दुर्गा की पूजा पुरे आस्था एवं उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। इस बावत निर्णय लिया गया कि मां दुर्गा की पूजा को पुरे विधि विधान से संपन्न कराने के लिए वाराणसी से विद्वान आचार्य शंभूनाथ चौबे को आमंत्रित किया जाएगा। निर्धारित समयानुसार प्रथम पूजन के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा बाबा सोमनाथ मन्दिर परिसर से प्रारंभ होकर दानरो नदी तक जाएगी जहां से कलश में जल लेकर मन्दिर में स्थापित की जाएगी। बैठक में अजीत सिंह, कौशलेन्द्र तिवारी उर्फ छोटु तिवारी, शैलेश सिन्हा, उमेश सिंह, प्रदीप सिन्हा, गप्पु मिश्रा, उगेन्द्र तिवारी, राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 265

प्रभात मंत्र

शुक्रवार
27.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
अन्याय में सहयोग देना, अन्याय के ही समान है!

ताजा खबरों के लिए देखें

झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

किसानों की खुशहाली से ही राज्य बनेगा मजबूत : हेमंत

1 लाख 76 हजार 977 किसानों के 400 करो? 66 लाख रुपए के ऋण अदायगी राशि का डीबीटी के माध्यम से सीएम ने किया हस्तांतरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गांव-देहात से होकर विकास का दरवाजा खुलता है। ऐसे में किसानों की खुशहाली से ही राज्य मजबूत बनेगा। हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऋण माफी योजना कार्यक्रम नहीं है। बल्कि यह किसानों के सम्मान में महाजुटान कार्यक्रम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 1,76,977 लाख किसानों के दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ कर उन्हें ब?ी सौगात दी। इन सभी किसानों के लगभग 400.66 करोड़ रुपए के कर्ज की अदायगी राज्य सरकार द्वारा की गई। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के बिरसा किसान इंटीग्रेटेड पोर्टल का भी अनावरण किया।

मुख्यमंत्री ने बिरसा कृषि इंटीग्रेटेड पोर्टल का किया अनावरण, किसानों को एक ही पोर्टल पर कृषि विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं की मिलेगी पूरी जानकारी

किसानों को अपनी ताकत पहचाना होगा: मुख्यमंत्री ने कहा की किसान इस देश और राज्य की रीढ़ हैं। जब तक किसान आत्मनिर्भर नहीं बनेंगे, तब तक यह राज्य आगे नहीं बढ़ेगा। आज किसानों को अपनी ताकत पहचानने की जरूरत है। जिस तरह हमारे किसान खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं, उसी तरह उन्हें अपने मान- सम्मान एवं हक-अधिकार की खातिर एकजुट होकर कदम बढ़ाना होगा।

डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हुआ एमओयू

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु कृषि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीक तथा एनडीडीबी, आनंद , गुजरात के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री एस रघुपति के बीच 5 वर्षों के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इसके तहत लगभग 68 हजार दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा दुग्ध उत्पादकों को दूध उत्पादन के उचित मूल्य के अलावा 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

झारखंड की मिट्टी हर तरह की खेती के लिए अनुकूल है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का जो भौगोलिक परिवेश है, वह काफी अनूठा है। यहां की मिट्टी में हर तरह की फसल उपजाई जा सकती है । लेकिन, इसके लिए बेहतर नीति बनाने की जरूरत है। किसानों को विभिन्न तरीकों के फसलों के उत्पादन को लेकर प्रशिक्षण देने की पहल होनी चाहिए। अगर उस दिशा में कदम बढ़ाते हैं तो निश्चित तौर पर इसके सुखद परिणाम हमको देखने को मिलेंगे।

वैकल्पिक कृषि से जुड़ें हमारे किसान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह मौसम में अनिश्चित बनी हुई है, उसमें किसानों को परंपरागत खेती के साथ वैकल्पिक खेती के लिए भी आगे होगा। इसके लिए हमारी सरकार की ओर से बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, नीलांबर- पीतांबर जल समृद्धि योजना और दीदी बगिया योजना जैसी कई योजनाएं संचालित है। हमारी सरकार ने पहली बार कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति की है, ताकि वे किसानों को फसल उत्पादन की नवीन और आधुनिक तकनीक से अवगत करा सकें।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, जिप मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, रास सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप,केशव महतो कमलेश,राजेश ठाकुर, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीक, निदेशक कृषि ताराचंद, निदेशक उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक पशुपालन किरण पासी एवं एनडीडीबी, आनंद, गुजरात के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर रघुपति उपस्थित रहे।

किसानों को राहत देने का प्रयास लगाकर जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आ रही है। किसानों की गरीबी और पूंजी के अभाव में कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में किसानों को राहत देने के मकसद से उनके दो लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है,ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर उन्हें उन्हें कृषि के क्षेत्र में नई शुरुआत करने का मौका मिल सके।

किसानों का खेत उनका बैंक है और खलिहान एटीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में रहती है ।यहां के किसान- मजदूर जीविकोपार्जन के लिए खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। ऐसे में उनका खेत उनका बैंक है तो खलिहान एटीएम। लेकिन,आज किसानों की स्थिति से छिपी नहीं है।वे विपरीत परिस्थितियों के बीच कृषि कार्य कर रहे हैं। कई बार मौसम की मार की वजह से फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसका खामियाजा उन्हें लंबे समय तक भुगतना पड़ता है। हमारी सरकार किसानों को इन विपरीत परिस्थितियों से निकलने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में कृषि कार्य के लिए जिन किसानों ने दो लाख रुपये तक का लोन लिया है उसे माफ करने का हमारी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया, ताकि किसानों को आर्थिक सुरक्षा कवच प्रदान कर सकें।

100 करोड़ रु. के मानहानि केस में संजय राउत दोषी करार

मुंबई : भाजपा नेता की पत्नी द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत दोषी करार दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा द्वारा शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत पर मानहानि का केस दर्ज कराया था। आज इस मामले में मजगांव कोर्ट ने मानहानि के दावे में संजय राउत को दोषी करार दिया है। उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया था कि सोमैया दंपत्ति शौचालय निर्माण के लिए धन का दुरुपयोग करके 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल हैं। इसके बाद मेधा किरीट सोमैया ने संजय राउत के खिलाफ शिकायत दी थी और 100 करोड़ रुपये की मानहानि का केस दर्ज कराया था।मानहानि के इस मामले में संजय राउत दोषी करार दिए गए है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट 25वीं अदालत, मझगांव ने आज गुरुवार को डॉ मेधा किरीट सोमैया द्वारा दायर एक शिकायत पर सुनवाई के बाद फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संजय राउत को 15 दिन की सजा और 25000 रूपये जुर्माने की सजा दी है। राउत को आईपीसी सेक्शन 500 के तहत संजय राउत को सजा सुनाई गयी है।

क्विक न्यूज

एसिडिटी, बीपी व डायबिटीज की दवाएं टेस्ट में फेल

नई दिल्ली : डायबिटीज, हाई बीपी, एसिडिटी, एलर्जी और बुखार की बनाने वाली कुछ कंपनियों की दवाएं लैब टेस्ट में फेल हो गया. भारत की ड्रग रेगुलेटरी अथॉरिटी सीडीएससीओ ने क्वालिटी टेस्ट में इन बीमारियों के ट्रीटमेंट में यूज होने वाली कुछ दवाओं को फेल कर दिया है. मेडिसिन को मानकों के हिसाब से नहीं बनाया गया है और ये सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं. लैब टेस्ट में फेल हुई दवाओं में हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने वाली मेडिसिन टेल्मिसर्टन और टाइप-2 डायबिटीज की दवा ग्लिमेपिराइड शामिल है.

दिल्ली पुलिस और 2 चेन स्नैचर्स के बीच मुठभेड़, बदमाशों के पैरों में लगी गोली

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को ख्याला इलाके में 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये दोनों चेन स्नैचर्स थे और महिलाओं के गहने लूटकर भाग जाते थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस के साथ मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने 21 सितंबर को चाकू की नोक पर दो महिलाओं से लूट की थी, जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था। आरोपियों के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ट्रैप बिछाया था और मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

उपभोक्ताओं को अनचाहे लिंक संदेशों से बचाने की ट्राई की पहल, गलत लिंक पर लगेगा रोक

नई दिल्ली: भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) 1 अक्टूबर से फोन मैसेज में यूआरएल से संबंधित अपने निर्देशों को लागू करने जा रहा है। इसका मतलब है कि अब मैसेज में केवल अनुमति प्राप्त प्रेषक ही यूआरएल,एपीके या ओटीटी लिंक भेज पायेंगे।ट्राई की इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित संचार प्रणाली को बढ़ावा देना है ताकि उपभोक्ताओं को गलत और अनचाहे लिंक संदेशों से बचाया जा सके।ट्राई ने 20 अगस्त को सभी एक्सेस प्रदाताओं को श्वेत सूची के बाहर यूआरएल, एपीके या ओटीटी लिंक वाले किसी भी ट्रैफ़िक को ब्लॉक करने का निर्देश दिया गया था।

एक परिवार के 5 लोगों ने कार में की आत्महत्या

चेन्नई : तमिलनाडु से गुरुवार को एक हैरान करने वाला मामला सामने आया, जिसने पुलिस को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई जिले में एक लावारिस कार में कुछ लोगों के शव पड़े हैं. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार के अंदर से पांच लोगों के शव बरामद किए, जो एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं. इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस ने भी पांचों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. पुलिस ने बताया कि एक ही परिवार के पांच लोगों की कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हुई है.

बार एसोसिएशन के चुनाव में महिलाओं के आरक्षण का सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षण का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा है कि दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक दस दिनों के अंदर बुलाई जाए और कोषाध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित करने पर विचार हो। जनरल बॉडी चाहे तो एक और पदाधिकारी का पद महिला के लिए आरक्षित करने पर फैसला कर सकती है।

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अक्षय शिंदे के पिता ने अमित शाह को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा

मुंबई : मुंब्रा में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदलापुर दुष्कर्म मामले के आरोपित अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिख कर खुद के परिवार और वकील परिवार को सुरक्षा दिए जाने की मांग की है। पत्र में अन्ना शिंदे ने दावा किया है कि उन्हें और उनके वकील को भाजपा नेता किरीट सोमैया से कहीं ज्यादा खतरा है। बदला पुर प्रशासन गुरुवार को मृत अक्षय शिंदे का शव दफनाने के लिए जमीन की व्यवस्था नहीं कर सका है।

रांची का तापमान

अधिकतम	28°
न्युनतम	22°

बिहार : डूबने से 43 की मौत

एजेंसी

पटना : बिहार के कई जिलों में जितिया पर्व की खुशियां मातम में बदल गई. जितिया वर्त के मौके पर नदी और तालाब में नहाने गए लोगों में से अब तक 43 लोगों की मौत की खबर है. डूबने से सबसे ज्यादा 10 मौतें औरंगाबाद में हुई हैं. जितिया के दौरान ज्यादातर मौतें नदी में स्नान के दौरान हुई है. औरंगाबाद के बाद सबसे ज्यादा मौत छपरा (5) में हुई है. इसके अलावा रोहतास में 04, कैमूर में 3, सीवान में 3, मोतिहारी में 3, बेतिया में 2, बेगूसराय में 2, गोपालगंज, भोजपुर,नालंदा, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और अरवल में 1-1 लोगों की मौत की खबर है. बताया जा रहा है कि कई जिलों में अभी भी कुछ लोगों की तलाश जारी है. ऐसे में मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है.सीएम नीतीश कुमार ने जितिया के मौक पर औरंगाबाद में हुए हादसे पर दुख जताया है. उन्होंने इस घटना को लेकर कहा कि जितिया के मौके पर जो हुआ है वे बेहद दुखद है. सीएम नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजे देने का भी ऐलान किया.

कानपुर में बनी मशीन गन यूरोपीय देशों को निर्यात करेगा भारत

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत पहली बार अपनी अपग्रेडेड मीडियम मशीन गन का निर्यात यूरोपीय देशों को करने जा रहा है। यह एमएमजी प्रति मिनट 1,000 राउंड फायर करने में सक्षम है।

कानपुर की स्मॉल आर्म्स फैक्टरी में तैयार की जाने वाली 2,000 एमएमजी अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी। यह निर्यात सौदा भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी छलांग है, जिससे प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और मजबूत होगी।कानपुर में रक्षा मंत्रालय की हथियार उत्पादन इकाई स्मॉल आर्म्स फैक्टरी है, जहां सेनाओं को आपूर्ति किये जाने वाले छोटे हथियारों का उत्पादन किया जाता है। यह कारखाना पुलिस इकाइयों, राज्य पुलिस संगठनों और बीएसएफ आईटीबीपी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और एसएसबी सहित अर्धसैनिक बलों के लिए आवश्यक अत्याधुनिक छोटे हथियारों के उत्पादन में माहिर है।

बोकारो : मालगाड़ी के 2 डिब्बा पटरी से उतरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोकारो : धनबाद रेल मंडल के तुपकाडीह में एक ट्रेन हादसे का शिकार हुई. कहा जा रहा है कि स्टील प्लांट से इस्पात लेकर मालगाड़ी बहादुरगढ़ जा रही इस दौरान तुपकाडीह रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे के बाद वंदे भारत समेत कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशन पर रुकी रहीं.

रेल दुर्घटना तुपकाडीह रेलवे स्टेशन के उतरी केबिन के पास हुई है. इस हादसे में मालगाड़ी के दो डिब्बे पलट गए और शेष वैगन का संपर्क इंजन से कट गया. इस दुर्घटना के कारण बोकारो रेल खंड पर अप डाउन दोनों ही लाइन बाधित हो गई थी. इस हादसे के कारण करीब पांच घंटे तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ, रात्रि लगभग 1 बजे से परिचालन सामान्य हो गया.

क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि बोकारो से बहादुरगढ़ जाने वाली मालगाड़ी रात्रि 20:32 पर तुपकाडीह से रवाना हुई और किलोमीटर संख्या 412/30 के पास दो हिस्सों में बंट गई और बैगन संख्या 15852 और 10948 पलट गए.

पीएम मोदी ने देश को समर्पित किया तीन सुपर कंप्यूटर

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बने तीन सुपर कंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किया। उद्घाटन से पहले उन्होंने इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर दी। उन्होंने लिखा, तकनीक से जुड़े इनोवेशन को बढ़ावा! आज शाम करीब 5:30 बजे, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए, मैं 3 परम रुद्र सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम और मौसम और जलवायु के लिए एक हाई परफॉरमेंस कंप्यूटिंग सिस्टम का उद्घाटन किया। बता दें कि इन सुपर कंप्यूटर बेहद तेज और शक्तिशाली होते हैं। ये जटिल गणनाओं को बेहद कम समय में पूरा कर सकते हैं। एक सुपर कंप्यूटर इतनी बड़ी मात्रा में डेटा को एक साथ प्रोसेस कर सकता है, जितना एक साधारण कंप्यूटर कलन्पना भी नहीं कर

सकता। इन सुपर कंप्यूटर्स का इस्तेमाल वैज्ञानिक और रिसर्च के कामों में होता है।पीएम मोदी ने जिन तीन नए सुपर कंप्यूटर परम रुद्र को देश को समर्पित कियाउन्हें पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया जाएगा। इन कंप्यूटर में लेटेस्ट कटिंग हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके अधिकांश कंपोनेंट्स का निर्माण और संयोजन भारत में ही किया गया है। सामान्य कंप्टूटर को जिस काम को पूरा करने में 500 साल तक लग जाते हैं उन्हें सुपर कंप्यूटर बहुत कम समय में पूरा कर लेता है।परम रूद्र सुपर कंप्यूटर का इस्तेमाल मौसम पूर्वानुमान, जलवायु, पदार्थ विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। पुणे में विशालकाय मीटर रेडियो टेलीस्कोप फास्ट रेडियो बर्स्ट और अन्य खगोलीयी घटनाओं का पता लगाने के लिए सुपर कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर में इस सुपर कंप्यूटर का उपयोग पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी के रिसर्च के किया जाएगा।

नए सिरे से आंदोलन की तैयारी में जूनियर डॉक्टर

एजेंसी

कोलकाता : आरजी कर दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाने वाले जूनियर डॉक्टरों ने एक बार फिर नए सिरे से आंदोलन की तैयारी कर ली है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े विरोध प्रदर्शन और अस्पतालों में सुरक्षा व बुनियादी ढांचे को लेकर चल रहे आंदोलन के भविष्य की रणनीति तैयार करने के लिए शुक्रवार को जूनियर डॉक्टरों द्वारा एक मास कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम एसएसकेएम अस्पताल के ऑडिटोरियम में शाम चार बजे से शुरू होगा। इसमें आगामी आंदोलन की दिशा पर चर्चा की जाएगी और इसे लेकर योजनाएं बनाई जाएंगी। आयोजन में फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है।वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के एक सदस्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में न सिर्फ आंदोलन की आगामी योजना बनाई जाएगी, बल्कि अस्पतालों में फैल रही धमकी संस्कृति पर भी चर्चा होगी।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल ने जेसीआई एक्सपो उत्सव-2024 का किया उद्घाटन

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जेसीआई, राँची द्वारा मोरहाबादी मैदान, राँची में आयोजित ऊएक्सपो उत्सव-2024ऊ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहाँ प्रदर्शित उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। राज्यपाल महोदय ने ऊएक्सपो उत्सव-2024ऊ के सफल आयोजन हेतु जेसीआई, राँची के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस आयोजन को राज्य की आर्थिक प्रगति में सहायक बताया और कहा कि यह मंच युवा उद्यमियों और व्यवसायियों के लिए अपनी प्रतिभा और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उक्त अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार भी मौजूद थे।

निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों का कराया जा रहा 2 दिवसीय प्रशिक्षण

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सन्निकट विधानसभा चुनाव में त्रुटि रहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराना निर्वाचन से जुड़े हम सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक बिंदु पर आयोग के स्पष्ट दिशा निर्देश प्राप्त हैं स्वच्छ, निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन के लक्ष्य को आयोग के स्पष्ट दिशा निर्देशों का अनुपालन कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी, एसएलएमटी, डीएलएमटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं एएलएमटी के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के विभिन्न बैचों में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण सत्र 26 से 29 सितंबर तक निर्धारित है।

अशोक बेड़ो, नीरज खिलारी, विनोद सिल्ली डीएसपी किये गये नियुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 40 पुलीस उपाधीक्षकों का तबादला कर दिया है इस संबंध अधिसूचना जारी किया गया। अशोक कुमार राम, पुलिस उपाधीक्षक आईआरबी-01. जामताडा (साइबर अपराध रोक-थाम हेतु जामताड़ा जिला में प्रतिनियुक्त) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, बेडो, रॉची के पद पर पदस्थापित किया जाता है। नीरज, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2), हजारीबाग को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, खेलारी, राँची के पद पर पदस्थापित किया जाता है। राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, खूँटी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित किया जाता है। किशोर कुमार रजक, पुलिस उपाधीक्षक, एसआईआरबी-1, दुमका को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक, ब्यूरो, रॉची के पद पर पदस्थापित किया जाता है। मनोज ठाकुर, पुलिस उपाधीक्षक, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-06, जमशेदपुर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, सीसीआर, जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है। सुनील कुमार चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक, ब्यूरो को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, नगर पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

पवन कुमार-2, पुलिस उपाधीक्षक, झारखण्ड जगुआर (एसटीएफ), राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागाँव के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अमित कुमार, अपर पुलिस उपाधीक्षक, जामताड़ा मुख्यालय को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक वरीय पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अजीत कुमार विमल पुलिस उपाधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही के पद पर पदस्थापित किया जाता है। पवन कुमार-1, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु के पद पर पदस्थापित किया जाता है। जय गोविन्द प्रसाद गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक, रेल-2 लिग पालक समगढ़ मख्यालय के पद पर, संतोष कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जरमुण्डी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ के पद पर पदस्थापित किया जाता है। विद्याशंकर, पुलिस उपाधीक्षक, आईआरबी-02, मुसाबनी कैम्प, चाईबासा, प्रतिनियुक्ति, साईबर क्राईम, जमशेदपुर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, बोकारो के पद पर पदस्थापित किया जाता है। नवीन कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचारनिरोधक ब्यूरो, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बाघमारा के पद पर पदस्थापित किया जाता है। धीरेन्द्र नारायण बंका, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय-1, रेल, धनबाद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस पदाधिकारी, (मुख्यालय-02) धनबाद के पद पर पदस्थापित किया जाता है। आशुतोष कुमार सत्यम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालुमाथ, लातेहार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिन्दरी, धनबाद के पद पर पदस्थापित किया जाता है। शकील अबिद शम्स, पुलिस उपाधीक्षक, सीसीआर, बोकारो को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-01). धनबाद के पद पर पदस्थापित किया जाता है। जीतवाहन उराँव, पुलिस उपाधीक्षक, कोडरमा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह सदर के पद पदस्थापित किया जाता है। पर राजेन्द्र प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उप-महानिरीक्षक का कार्यालय, दुमका

को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ जिला गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया जाता है। सत्येन्द्र प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, मधुपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अशोक कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, देवधर के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अमित कुमार कच्छप, पुलिस उपाधीक्षक, (मुख्यालय), देवघर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जरमुण्डी के पद पर पदस्थापित किया जाता है। प्रदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया के पद पर पदस्थापित किया जाता है प्रदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अमिता लकड़ा. पुलिस उपाधीक्षक, चैनपुर, गुमला को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), चतरा के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अवध यादव, पुलिस उपाधीक्षक, (मुख्यालय), सिमडेगाको स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, छत्तरपुर, पलामू के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अलोक कुमार टुटी, पुलिस उपाधीक्षक, जैप-02, टाटीसिलवे, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर, पलामू के पद पर पदस्थापित किया जाता है। शिवपूजन बहेलिया, पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, महुआटाड़, लातेहार के पद पर पदस्थापित किया जाता है। भरत राम, पुलिस उपाधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह, लातेहार के पद पर पदस्थापित किया जाता है। बैजु उराँव, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय, पलामू को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा के पद पर पदस्थापित किया जाता है। राफेल मुर्मू, पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जगरनाथपुर, पश्चिमी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया जाता है। नलिन कुमार मराण्डी, पुलिस उपाधीक्षक, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस (प्रशिक्षण) केन्द, पदमा, हजारीबाग को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस पदाधिकारी, उपाधीक्षक, चक्रधरपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है। बहामन दुटी. पुलिस उपाधीक्षक, आईआरबी-09, गिरिडीह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया जाता है। राजेश सिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, रॉची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक एसआईआरबी-01, दुमका के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अनिल कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के पद पर पदस्थापित किया जाता है। विनोद रवानी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची के पद पदस्थापित किया जाता है। पर नितिन खण्डेलवाल, पुलिस उपाधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखण्ड, राँची को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बड़हरवा, साहेबगंज के पद पर पदस्थापित किया जाता है। नीरज कुमार सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, खोरी महुआ, गिरिडीह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-01), गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया जाता है। अशोक रविदास, पुलिस उपाधीक्षक (अभियान), चाईबासा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया जाता है। वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है एवं उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया है, वे पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची में योगदान देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

नव प्रोन्नत हवलदारों को किया गया सम्मानित

प्रभाम मंत्र संवाददाता

रांची: नवीन पुलिस केंद्र रांची के सभागार में सभी नव प्रोन्नत हवलदार को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, परिचारी प्रवर प्रथम, द्वितीय एवं झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा रांची के पदाधिकारीयों की गरिमा मयी उपस्थिति में सभी

कर्मियों को हवलदार बैच लगाकर एवं मिठाई खिलाकर पदोन्नति पश्चात सम्मानित किया गया।साथ ही अधिष्ठापन कोर्स एवं पी टी सी कोर्स से वापस आने के पश्चात सभी कर्मियों को तीन दिनों का अनुमति अवकाश भी वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है।सभी नव प्रोन्नत हवलदार गुरुजनों को रांची शाखा की ओर से अच्छे स्वास्थ एवं उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं।

आर एस एस को हेमंत सोरेन अपने राज्य में कर रहे हैं प्रतिबंधित : अमर बाउरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आरएसएस को लेकर दिए गए बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि यह आरएसएस के लोग चूहे की तरह हमारे अंदर घुसकर तोड़ने का काम करते हैं। जब हमारे एक नेता हमारी पार्टी में थे, तो वह 1932 की मांग करते थे, स्थानीयता की बात करते थे, लेकिन भगवा होते ही उनकी भाषा भी बदल गई है। मुख्यमंत्री के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास से ही आज भारत गुलामी की मानसिकता को तोड़कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बढ़ा रही है, लेकिन यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण अपने पूर्वजों, वंशजो और आदिवासी समाज के अस्मिता को खतरे में डाल रहे है। बांग्लादेशी घुसपैठियों इन्हें राज्य के अंदर दिख नहीं रही। जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अस्मिता और परंपरा को स्थापित कर रही है। उसे हेमंत सोरेन अपने राज्य में प्रतिबंधित कर रहे है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण ही आज आप अपने धर्म के साथ जीवन यापन कर रहे हैं, नहीं तो आपको सहित सारे लोग अपने मूल धर्म को खो चुके होते हैं।

चुनावी धन इकट्ठा करने और लूट मचाने की तैयारी कर रही हेमंत सरकार : बाबूलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार एक बार फिर से उत्पाद नीति में बदलाव कर चुनावी धन इकट्ठा करने और लूट मचाने की तैयारी कर रही है। मरांडी ने कहा कि कैबिनेट की स्वीकृति मिलने से पहले ही शराब के टेंडर की खबर लीक होकर इंटरनेट के टेंडर पोर्टल पर घूम रहा है। मरांडी ने सवाल उठाया कि कैबिनेट मीटिंग से पहले ही ये बात बाहर कैसे आई कि नीति में क्या बदलाव हो रहा है और इसका टेंडर होने वाला है? टेंडर की खबर लीक कर क्या किसी खास व्यक्ति/समूह को अनैतिक लाभ पहुंचाकर अनैतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है? हेमंत सरकार द्वारा दोबारा शराब नीति लाना



और कैबिनेट मीटिंग से पहले ही टेंडर पोर्टल पर इस खबर का लीक होना बताता है कि सरकार शराब नीति की आड़ में एक के बाद एक तीसरे बड़े घोटाले को अंजाम देने की तैयारी में है। मरांडी ने कहा कि घोटालों, चोरी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार जाते-जाते एक बार फिर से बड़ा शराब घोटाला करने की तैयारी में है। पहले भी मैंने झारखंड में संभावित शराब घोटालों के बारे में चिंता व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री जी को इस बारे में चेताया था, लेकिन उन्होंने नैतिकता को पूरी तरह नजरअंदाज कर हेरा-फेरी का रास्ता अपनाया। ज़्यादा से ज़्यादा धन कमाने की आदत से मजबूर हेमंत सोरेन लगातार तीसरी बार शराब नीति बदलकर चुनाव के लिये कालाधन जुटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने बीते 1 सितम्बर को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को सुझाव दिया था कि गांव की गरीब आदिवासी महिलाएं, जो शराब बेचती हैं, उन्हें सरकारी शराब वितरण के माध्यम से जोड़ा जाए, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी आदत से मजबूर हैं। सही ही कहा गया है कि चोर चोरी से जाये हेरा फेरी से न जाये।

पारस एचईसी हॉस्पिटल में नि:शुल्क हार्ट स्वास्थ्य जांच शिविर 29 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : वर्ल्ड हार्ट डे हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे 2024 के लिए थीम हृदय का उपयोग करें, हृदय को जानें है। इस थीम के ज़रिए हृदय स्वास्थ्य के महत्व और इसके ज्ञान के महत्व को बताया जाएगा। इस अवसर पर पारस एचईसी हॉस्पिटल में 29 सितंबर को निःशुल्क हार्ट टेस्ट कैंप लगाया जायेगा। इस कैंप में कार्डियक कंसलटेंट, डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशन कंसलटेंट मौजूद रहेंगे। कैंप में रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, 2डी-इको कार्डियोग्राफी / ट्रेड मिल टेस्ट निः शुल्क होगा। साथ ही कैंप में अगर डॉक्टर एक्स्ट्रा टेस्ट करने को कहते है तो टेस्ट में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जिस मरीज को निःशुल्क हार्ट चेकअप कैंप में भाग लेना है, वो

पारस हॉस्पिटल एचइसी, धुर्वा में संपर्क कर सकते है। पारस एचईसी हॉस्पिटल के सीनियर कर्डिलॉजिस्ट डॉक्टर महेश कुशवाहा ने कहा कि हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। हर साल हजारों की संख्या में लोग हार्ट डिजीज से मरते हैं। इस लिए इस दिन लोगों को हार्ट की बीमारी से बचाने के लिए उन्हें जागरूक किया जाता है। कार्डियक सर्जन डाक्टर कुणाल हजारी ने कहा कि वर्ल्ड हार्ट डे में लोगों को मेरा संदेश है कि आप हमेशा खुश रहे और मस्त रहे। रिलैक्स रहना सीखे। क्वालिटी ऑफ़ लाइफ जीएं। कर्डिलॉजिस्ट डॉ0 कुंवर ने कहा कि समय पर और अच्छे डाइट लेंगे तो हार्ट हमेशा ठीक रहेगा।

पारस एचईसी हॉस्पिटल में अब कैंसर का भी होगा इलाज: धुर्वा स्थित पारस एचईसी हॉस्पिटल में कैंसर का पूरा इलाज अब उपलब्ध है। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल में पारस कैंसर सेंटर खोला गया है। रांची के जाने माने ऑन्कोलॉजी की टीम ने पारस हॉस्पिटल को ज्वाइन किया है। प्रिवेंटिव कैंसर ट्रिटमेंट के लिए जो जरूरत पड़ती है, सुविधा उपलब्ध है। चार से पांच माह के अंदर रेडियेशन ऑन्कोलॉजी भी शुरू हो जायेगा।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष बनाये जाने पर सरफराज अहमद को कांग्रेस ने दिया बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लंबे समय से वक्फ बोर्ड गठन कई अड़चनों के बाद गठित हो गया। राजसभा सांसद सरफराज अहमद पांच वोट लाकर , झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष बन गए। चुनाव झारखंड राज्य हज हाउस में संपन्न हुआ सुबह से ही रांची विधानसभा युवा कांग्रेस टीम उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरफराज अहमद को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी सहित। पूरी टीम ने पगड़ी ,बुके ,माला पहनाकर बधाई दिया और वक्फ बोर्ड को सुचारू से चलाने के लिए शुभकामनाएं दिया। मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस राजेश सिन्हा सन्नी, जिला महासचिव मोहम्मद इनायतुल्लह , युवा नेता मोहम्मद मोहसिन अहमद ,रांची विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल रहमान, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद सगीर, हिंदपीढ़ी प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अफान फैजी, हिंदपीढ़ी प्रखंड उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, मोहम्मद हबीबुल्लह , मोहम्मद सोनू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जेएसएससी सीजीएल अभ्यर्थियों द्वारा लगाए जा रहे आरोप की जांच कराए सरकार : शुक्ला

रांची। युवा आजसू के रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने बृहस्पतिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा के 21 और 22 सितंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जो सीजीएल की परीक्षा संपन्न हुई उसे लेकर अभ्यर्थियों के द्वारा पूरे परीक्षा प्रक्रिया पर कई गंभीर प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं जो की चिंतनीय विषय है। उन्होंने आगे कहा के 22 सितंबर को आयोजित पेपर 3 की परीक्षा में सभी 60 सवाल पूर्व में आयोजित परीक्षा में भी पूछे गए थे इसमें गणित, रीजनिंग व कंप्यूटर विषय शामिल है।

बड़ी संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का थामा दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में आनंदपुरी हरमू रोड नियर मुक्तिधाम से बहु संख्य युवा विक्की जयसवाल के नेतृत्व में मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से सांसद के आवास पहुंचे, सांसद महुआ माजी ने सभी को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। युवाओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन और झारखंड के मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष माननीय हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर एवं झारखंडी हित में झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में सम्मिलित हो रहें हैं। इस

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने कहा कि वीर शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड हमेशा आगे बढ़ रहा है और अब साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के कार्यों से भी लोग बहुत प्रभावित हो रहे है। हम सभी को मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार को आगे की ओर बढ़ाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी,नन्द किशोर सिंह चंदेल,सोमू बनर्जी,धीरज यादव ने अपना योगदान दिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में विक्की जायसवाल के नेतृत्व जीतन, विकास यादव, मंटू मेहता, राहुल राजपूत, करण, राजा सिंह, बाबू प्रजापति, सुमित कुमार, दिवाकर, विजय टोप्पो, आकाश जयसवाल, लालू यादव, निशांत कुमार, प्रिंस सिंह,साहिल यादव, चंदन शर्मा, राहुल वर्मा, दुर्गा वर्मा, कैलाश गुप्ता, कृष्णा यादव, दिवाकर यादव, रोशन यादव, सुनील यादव, सचिन यादव, सत्यम यादव, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, निवेश कुमार, आकाश जयसवाल, सिद्धि वर्मा, विकास सिंह, अभिषेक सिंह, आयुष सिंह, यश कुमार, विक्की कुमार सिंह, अनुज मालाकार, धीरेंद्र यादव, विशाल कुमार, आकाश कुमार, शुभम यादव, अभय सोनी, विक्की कुमार यादव, आर्य सिंह, जितेंद्र कुमार, विकास यादव, बंटी कुमार, करण टोप्पो, सोनू लोहरा और सुजीत साहू सहित बड़ी संख्या में लोग ने सदस्यता ग्रहण की।

7 दिवसीय एक्सपो उत्सव का भव्य शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेयर - एक्सपो उत्सव 2024 आज मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष गंगवार के कर कमलों द्वारा धूमधाम से उद्घाटित किया गया। राज्यपाल ने उद्घाटन के बाद विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित वस्तुओं और सेवाओं की जानकारी ली। जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने सभी उपस्थित स्टॉल धारकों, सहभागियों, और मीडिया का धन्यवाद करते हुए कहा, ÷एक्सपो उत्सव हर साल और अधिक भव्यता से आयोजित हो रहा है और इसकी सफलता में सभी सहयोगियों और सदस्यों का बड़ा योगदान है। इस साल हम एक्सपो को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं।÷चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी श्याम अनुराग ने बताया कि एक्सपो में विभिन्न देशों और राज्यों के 350 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां से सुई से लेकर कार तक हर प्रकार की वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा, यह कंज्यूमर फेयर न सिर्फ खरीदारी का स्थान है, बल्कि उद्यमियों के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच भी है। यहां हर वर्ग के लिए मनोरंजन, शॉपिंग और लाजवाब खाने-पीने का खास ख्याल रखा गया है।कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, मैं वर्षों से एक्सपो और जेसीआई से जुड़ा हूं और इस आयोजन को इतनी भव्यता से होते देखना गर्व की बात है। युवा उद्यमियों और आयोजकों की मेहनत से यह आयोजन हर साल नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक्सपो उत्सव 2024 में फनगोला एम्यूजमेंट पार्क, पिंक हैंगर, फूड ज़ोन, और फर्नीचर ज़ोन सहित कई खास आकर्षण होंगे। इसके अलावा, अगले 6 दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे डांस, पेंटिंग, योगा, फैशन शो, तंबोला, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, और वॉइस ऑफ एक्सपो का आयोजन किया जाएगा, जो सभी उम्र के लोगों के लिए खास मनोरंजन लेकर आएंगे।

30 को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का लिया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक हटिया बसारटोली के पास हुई। बैठक में 30 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि सभी झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए बेटी बेटों के रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी एवं राज्य गठन की तिथि से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपए देने की मांग की गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की सुध लेने वाला आज कोई नहीं है।

आशा है बेबस बीमार, लाचार व आर्थिक तंगी में जिंदगी जी रहे हैं और न ही मर रहे है बल्कि अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहे हैं। जिन आंदोलनकारियों ने अपनी जवानी का स्वर्णिम काल दिया राज्य बने , अपने ही लोग सरकार बने। लेकिन आंदोलनकारियों के राजकीय मान समान, रोजी रोजगार एवं बेटा बेटियों के नियोजन की गारंटी सम्मान पेंशन आदि के संवैधानिक अधिकार एवं राज्य गठन के मूल्यह्न की रक्षा नहीं हो रही है।

पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में मनाई गई विद्यासागर की जयंती

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के सभागार में गुरुवार को ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्या अतिथि के रुप में पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला के पूर्व प्राचार्य सह समाजसेवी पंचानन दास उपस्थित हुए। मौके पर डॉ. गीता चक्रवती ने स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत गीत संतोषी और नृत्य नवमी, रेणुका और सुप्रिया ने प्रस्तुत की। पंचानन दास ने ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जीवनी और उनके चरित्र के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो और व्याख्याता चन्द्रशेखर महतो ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुमन चांद और धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता विश्वनाथ महतो ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता अभिराम महतो, डॉ. गौतम गोराई, वी विनायक, श्रीकान्त माझी, सहला बानो, माधूरी, संगीता, सुभद्रा महतो व कॉलेज के छात्र छात्राएं और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा सोनारी मंडल ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भाजपा सोनारी मंडल ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाया। भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में सोनारी गुदरी बाजार कार्यालय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अभिषेक दै, नारायण प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, सरीता लाल, डाक्टर दिपक घोष, शंकर सिंह, शंकर राय, सुनिल कुमार, सुजीत आदित्य,कैलाश सरदार, गौरव नेगी, राजु सेन,विरेंद्र प्रसाद, रवि कुमार, एवं पार्टी के सम्मानित गण शामिल थे।

विधायक प्रतिनिधि अंसार जवाहर नगर बस्ती की स्समस्या से हुए अवगत

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अंसार खान जवाहर नगर रोड नंबर 13 ए बस्ती पहुंचे। इस दौरान बस्ती वासियों ने विधायक प्रतिनिधि को अपने क्षेत्र का सर्वे करवाया। बस्ती वासियों ने कहा बस्ती के रास्ते में गंदा पानी भरा रहता है। क्योंकि अभी तक यहां रोड और नाली नहीं बना है। अंसार खान ने बस्ती वासियों को बताया मानगो क्षेत्र में काफी रोड और नालियों का बनाने का काम चल रहा। मंत्री बना गुप्ता के द्वारा काफी रोड और नाली को पास कराया गया है। मुझे उम्मीद है आपका रोड और नाली भी पास हो चुका होगा। अंसार खान ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया है कि बस्ती वासियों की शिकायतों को मंत्री बन्ना गुप्ता तक पहुंचाया जाएगा। कहा, उम्मीद है आपकी समस्याओं को मंत्री बन्ना गुप्ता जरूर हल करेंगे।

चोरों ने नव प्राथमिक विद्यालय लाहकोठी की दीवार तोड़कर हजारों के समान उड़ाए

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बीते बुधवार की रात चोरों द्वारा कांड्रा थाना क्षेत्र के लाहकोठी स्थित नव प्राथमिक विद्यालय के दरवाजा का मुख्य दीवार के कोने को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए अंदर रखे हजारों के सामानों की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह शिक्षक जब विद्यालय पहुंचे दीवार टूटा हुआ पाया। कमरे के अंदर जाने पर किताबे फटी व बिखड़ा पाया। साथ ही, वहां रखे कई सामान व शिक्षण सामग्री गायब था। किताबें फटी हुई और शिक्षण सामग्री नदारद थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नव कांत गोप ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरों द्वारा दो आलमारी तोड़ कर उसमें रखे गए सामानों की चोरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय में चाहरदीवारी नहीं होने के कारण इससे पूर्व भी चोरी की घटना घट चुकी है। इस बाबत उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

आज से शुरू होगी 'मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल'

जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो की अत्यधिक अपेक्षित मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 27 सितंबर, 2024 से शुरू हो रही है। इस सेल में भारत के ग्राहकों को त्योहारों के लिए अनेक किफायती उत्पाद मिलेंगे। 20 लाख से ज्यादा विक्रेताओं और 30 श्रेणियों में 12 करोड़ उत्पादों की सूची के साथ मीशो का उद्देश्य देश के ग्राहकों के लिए त्योहारों की शॉपिंग ज्यादा आसान, किफायती और सुविधाजनक बनाना है। इस संबंध में मेघा अग्रवाल, जनरल मैनेजर, बिज़नेस एट मीशो ने कहा कि 27 सितंबर से शुरू हो रही मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल का उद्देश्य इन त्योहारों पर लाखों भारतीयों की शॉपिंग की अपेक्षाओं को पूरा करना है। हम यूज़र-फ्रेंडली फीचर्स, जैसे मीशो बैलेंस और डोरस्टेप एक्सचेंज पेश करने के लिए उत्साहित हैं। ग्राहकों के अनुभव में सुधार लाने के निरंतर प्रयास में मीशो ने कई अतिरिक्त फीचर्स जैसे 'डोरस्टेप एक्सचेंज' और एक इन-ऐप फीचर 'मीशो बैलेंस' पेश किया है। मीशो ने 'एड्रेस सॉल्यूशंस' द्वारा शिपिंग की प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाया है।

बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय कंज्यूमेक्स मेला आज से

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : महिलाओं को सशक्त करने के उदेश्य से मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय कंज्यूमेक्स मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन बिष्टुपुर तुलसी भवन में 27 से 29 सितम्बर तक किया जा रहा हैं। तीन दिवसीय मेला का उदघाटन 27 सितम्बर शुक्रवार की शाम चार बजे मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता अनिल तिवारी (झारखंड स्टेट बार काउंसलिंग एंड गवर्नमेंट नॉमिनेटेड मेंबर झारखंड एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी) के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। मेला रोजाना सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं सचिव मीना ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि इस मेला में एक ही छत के नीचे कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार उचित मूल्य में प्राप्त होता है।

नवरात्र पर डिस्को डांडिया फेस्टिवल 6 अक्टूबर को टेल्को आमबगान मैदान में

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : टेल्को कॉलोनी स्थित आमबगान मैदान में नवरात्र के अवसर पर डिस्को डांडिया फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है । नवरात्रि महोत्सव सेवा समिति द्वारा आगामी 6 अक्टूबर को यह आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे से टेल्को कॉलोनी रोड नंबर 8 स्थित आमबगान मैदान में आयोजित होने वाले डिस्को डांडिया फेस्टिवल में शहरवासी जमकर झूमेंगे। यहां भक्ति गीतों के साथ-साथ फिल्मी गीतों पर लोग डांडिया खेलेंगे साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी आनंद ले पाएंगे। समिति द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर भी जारी किया गया है। इसमें इंट्री पास के जरिए होगी। इंट्री पास के लिए 9234986070, 8292066730 और 7033949215 पर संपर्क किया जा सकता है। डांडिया को लेकर खासकर महिलाओं व युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

भाजपा का परिवर्तन सभा में उमड़ा जनसैलाब, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा

मंईयां सम्मान योजना भी मेरा ही देन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाइस्कूल मैदान में परिवर्तन यात्रा को लेकर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, पुर्व विधायक अरविंद सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राय, जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव आदि उपस्थित रहे। इस दौरान बारिश के बीच हजारों की तादाद में उत्साहित ग्रामीण परिवर्तन रैली में पहुंचे । विशाल रैली के शक्ल में पूर्व विधायक अरविंद सिंह लेट लतीफ़ अपने समर्थकों के साथ मंच पर पहुंचे। बारिश के दौरान छाता लगाकर एवं चेयर सर पर रखकर लोगों ने अतिथियों का सम्बोधन सुना।

अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा,

महिलाओं को ठगा, राज्य सरकार यहां का बालू को मुंबई में बेचवा रहा है। खनिज का लूट, जमीन लूट में मस्त हैं। 5 लाख नौकरियां देने, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा से मुकर रहा है हेमंत सोरेन की सरकार। उन्होंने कहा कि बादा खिलाफी राज्य सरकार से झारखंड को बचाने के लिए परिवर्तन रैली में उमड़े जनसैलाब इसका उदाहरण है कि लोग त्रस्त है और परिवर्तन निश्चित है।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि आदिवासियों का भला सिर्फ भाजपा ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठियों के द्वारा आदिवासी जमीन छीना जा रहा है और भाजपा ही घुसपैठियों को खदेड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मैया सम्मान योजना भी मेरा ही देन है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने का बात था, मगर झारखंड सरकार वो भी नही किया। मौके पर मधु गोराई, सारथी महतो,विश्वनाथ उरांव, अनिल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्युवोको का 'न्युवो मेसन' कौशल विकास कार्यक्रम शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने पानागढ़, पश्चिम बंगाल में असंगठित चिनाई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत 'नुवो मेसन' कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की हैं। इस कार्यक्रम के तहत 50 स्थानीय प्रतिभागियों को टाइल चिनाई में 300 घंटे का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एनएसक्यूएफ) के तहत संचालित किया जा रहा है। सफल समापन के बाद, प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। यह पहल एमएनजी अकादमी के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य स्थानीय

युवाओं को निर्माण उद्योग में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में पानागढ़ सीमेंट प्लांट के प्लांट हेड पवन रॉयल ने कहा कि नूवो मेसन कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। असंगठित क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को आवश्यक राजमिस्त्री कौशल प्रदान करके, हमारा उद्देश्य वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। कोटा ग्राम पंचायत की प्रधान इंदिरा चक्रवर्ती ने कहा कि नूवो मेसन कार्यक्रम स्थानीय युवाओं के लिए वास्तविक रोजगार के अवसर पैदा करता है, उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए कौशल प्रदान करता है। मैं कोटा पंचायत में अपने सीएसआर प्रयासों के हिस्से के रूप में इस परिवर्तनकारी पहल को शुरू करने के लिए नुवोको - पानगढ़ सीमेंट प्लांट को अपना हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हम इस कार्यक्रम के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्थन प्रदान करेंगे।

सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली को लेकर भाजयुमो ने फूंका सीएम हेमंत सोरेन का पुतला

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में हुए धांधली के विरोध में युवा सड़क पर उतर आए हैं। गुरुवार को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकालकर सीएम हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। आक्रोशित युवाओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से जुबिली पार्क गोलचक्कर तक आक्रोश मार्च निकाला और हेमंत सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी की। इस दौरान परीक्षा में विद्यार्थियों के साथ हुई धोखेबाजी को लेकर युवा काफी आक्रोशित नजर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे राज्य में सुनियोजित तरीके से इंटरनेट बंद

कर जेएसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी की गई जिसके कारण योग्य छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। आक्रोश मार्च में शामिल भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही इस मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच नहीं कराई गई और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन और उग्र एवं बड़ा रूप लेगा। वहीं, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि कई केंद्रों पर प्रश्न पत्र के सील खुले हुए मिले। इंटरनेट सेवा बंद कर सरकार ने खुद साबित कर दिया कि वह गड़बड़ी में शामिल है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, डॉ राजीव, धर्मेंद्र प्रसाद, पवन सिंह, विजय सिंह, कुसुम पूर्ति, सुशील पांडेय, प्रकाश दुबे, चिंटू सिंह, मुकेश सिंह, राकेश कुमार, काजू शांडिल, रमेश बास्के समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में आपातकालीन एंजियोप्लास्टी से बची 67 वर्षीय मरीज की जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर ने दिल के दौरे से पीड़ित 67 वर्षीय कारू नंदन पाठक की आपातकालीन एंजियोप्लास्टी कर उनकी जान बचाई। चाईबासा के बंदपारा निवासी श्री पाठक को सीने में तेज दर्द और सांस लेने में कठिनाई के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार अग्रवाल और उनकी टीम ने ईसीजी और कोरोनरी एंजियोग्राफी के बाद पाया कि उनकी दो प्रमुख धमनियों में गंभीर रुकावटें हैं। स्थिति की

गंभीरता को देखते हुए, तुरंत एंजियोप्लास्टी की गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दिल के दौरे के दौरान समय पर उपचार बेहद महत्वपूर्ण होता है। शीघ्र चिकित्सा सहायता से मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रक्रिया के बाद मरीज पाठक की स्थिति स्थिर हो गई और उन्हें दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दुर्भाग्य से, कई लोग मदद मांगने में देरी करते हैं, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो सकती है। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम व्यापक और त्वरित देखभाल प्रदान कर मरीजों की भलाई को सर्वोपरि रखते हैं। उन्होंने रोगी देखभाल को अस्पताल की प्राथमिकता बताया।

'अदाकारी' मंचन के साथ शुरू हुआ करीम सिटी कॉलेज में सांस्कृतिक महोत्सव 'सतरंग'

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क) ने अपना बहुचर्चित सांस्कृतिक महोत्सव सतरंग-14वां प्रारंभ किया। कॉलेज ऑडिटोरियम में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र भारती (कुलसचिव, कोल्हान विश्वविद्यालय) और सम्माननीय अतिथि डॉ बी.के. सिंह (वित्त अधिकारी,कोल्हान विश्वविद्यालय) थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत

भाषण किया तथा अपने विचारों से सभा को अवगत कराया। समारोह में कॉलेज के छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य और स्वागत गान प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर दीपक कुमार द्वारा लाइव स्केचिंग भी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ भारती तथा अतिथि डॉ सिंह ने सभा को संबोधित किया । मुख्य अतिथि ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में खेल और कला का बड़ा महत्व है। सतरंग के पहले दिन की शुरुआत अदाकारी से हुई जिसके निर्णायक मोहम्मद निजाम, ललन शर्मा, अबरार खान और निशान सिंह थे।

युवा संवाद में भाजपा नेता हेमंत सरकार पर जमकर बरसे

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : भाजपा का परिवर्तन यात्रा गुरुवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचा. नीमडीह प्रखंड अंतर्गत सामानपुर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया. परिवर्तन यात्रा रघुनाथपुर होते हुए आदरडीह पहुंचा. आदारडीह में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आदरडीह स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में परिवर्तन यात्रा के कोल्हान प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, अनिता पारित समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे. युवा संवाद में

वक्ताओं ने भाजपा के गतिविधियों और कल्याणकारी विकास कार्यों पर प्रकाश डाला. वहीं राज्य सरकार के विफलताओं पर जमकर बरसे. वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को उनके मौलिक सुविधा देने में विफल है. ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं. वक्ताओं ने हेमंत सरकार के कार्यकाल में ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए लोगों से कहा कि जो अपना घर के पार्टी को संभाल नहीं सके, वो राज्य को कैसे संभालेंगे. हेमंत सरकार चुनावी घोषणा को अबतक पुरा नही किया. विधानसभा चुनाव में झामुमो को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

वनांचल कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने किया नेत्र व स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

राजनगर: राजनगर प्रखंड के बड़ा सिजुलता पंचायत अंतर्गत पाटा हेंसल वनांचल कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा एक दिवसीय नेत्र व चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बड़ा सिजुलता पंचायत की मुखिया निर्मला सरदार, मुखिया पति शम्भू सरदार,लाइंस क्लब के सदस्य उपेन्द्र प्रसाद,वार्ड सदस्य ममता मंडल,ग्राम प्रधान अर्चन मंडल आदि उपस्थित थे। वहीं शिविर में कुल 158 मरीजों का स्वास्थ्य जाँच किया गया। कुल 33 नेत्ररोगियों का मोतियाबिंद की शिकायत मिली,

जिसे 29 सितंबर को पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं वनांचल कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर आर डी सिंह ने कहा कि गाँव के कई महिला पुरूष है,जो नेत्र रोग से ग्रसित है और ऑपरेशन करवाने में असमर्थ है। इस लिए निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जाँच शिविर लगवाया गया। शिविर में लाइंस क्लब के सदस्य उपेन्द्र प्रशाद, शिक्षक मानस मंडल, डिम्पल चौहान ,पार्वती बंकिरा, पम्पा बेसरा, प्रदीप भट्टाचार्य, आशीष कुमार झा का योगदान रहा।

1 करोड 15 लाख से बनने वाली खरसावां बस स्टैंड निर्माण कार्य का जीप अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : खरसावां में जिला परिषद मद से करीब 1 करोड 15 लाख 52 हजार की लागत से खरसावां बस स्टैंड का निर्माण होगा। गुरूवार को जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिषद सदस्य कालीचरण बानरा, जिला परिषद सदस्य सावित्री बानरा ने संयुक्त रूप से शिलापट का अनावरण कर शिलान्यास किया। मौके पर सोनाराम बोदरा ने कहा कि बस स्टैंड आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यात्रियों

के लिए प्रतीक्षालय हाल की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड में पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग अत्याधुनिक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। बस स्टैंड के शिलान्यास में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख मनेंद्र जामुदा, जिप कालीचरण बानरा,जिप सावित्री बानरा,अनूप सिंहदेव,पंसस अमर सिंह हांसदा,लाल सिंह सोय,नयन नायक,सुदीप घोडाई, विक्की सोय, जितेन घोड़ाई,ललन तिवारी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

सरायकेला-खरसावां झामुमो की संशोधित जिला कमेटी घोषित, डॉ शुभेन्दु महतो बने अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : सरायकेला-खरसावां झामुमो जिला समिति द्वारा प्राप्त अनुसंशा के आलोक में केंद्रीय समिति द्वारा जिला कमेटी का संशोधन करते हुए उसका पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित कमेटी में कई पुराने चेहरों के अलावा नए चेहरों को भी शामिल किया गया है। झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा संशोधित कमेटी की घोषणा करते हुए बुधवार को सूची जारी की गई। नई जिला कमेटी में डॉ शुभेन्दु महतो को अध्यक्ष, मो मुरतेज अंसारी, भुण्डा बेसरा, भोला महंती व अमृत महतो को उपाध्यक्ष, बुद्धेश्वर मार्डी को

सचिव, धानु मुखी को संगठन सचिव, करम सिंह मुण्डा, सोमा पुर्ति, अजीत प्रधान, संजय प्रधान, पवित्र बर्मन, विशु हेम्ब्रम, सुना राम मुर्मू, धरमु गोप व अक्षय मंडल को संयुक्त सचिव तथा मनोहर कर्मकार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने पुनर्गठित कमेटी के पदाधिकारियों को जिला अन्तर्गत आने वाले केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा वरिष्ठ नेताओं से सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए जिला समिति का पूर्ण गठन करने का निर्देश दिया है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

मिलावट ही 'सत्य' है

भारत में मिलावट और भ्रष्टाचार कोई नई प्रवृत्तियां नहीं हैं। खाद्य पदार्थ ही नहीं, हमारी हवा और पानी भी प्रदूषित हैं। खाने की चीजों में इनसान की उंगली, छिपकली, सांप के टुकड़े पाए जाने की असंख्य घटनाएं सामने आती रही हैं। कानून तो है, लेकिन खाद्य निरीक्षकों की निगरानी और व्यवस्था गायब और लचर है। उनके अपने 'हफ्ते' या 'महीना' बंधे हैं। दूध में पानी या सोडा मिलाया जाता है, खोया भी मिलावटी और रासायनिक है, देशी घी के नाम पर हम 'बाबाओं' के दावों का अनुसरण करते हैं, लिहाजा भ्रम में जीते हैं कि हम विशुद्ध देशी घी खा रहे हैं। अब कुछ भी शुद्ध मिलना असंभव है, क्योंकि यह मोटे मुनाफे और मिलावट का 'कलियुग' है। आत्मा से हम बेईमान और भ्रष्ट हैं। मुनाफे और मिलावट के लिए कोई भी ठेकेदार भगवान तक को ठग सकता है। आस्था और श्रद्धा को खंडित और अपमानित कर सकते हैं। बेशक मंत्रोच्चारण के जरिए तिरुपति मंदिर का शुद्धिकरण कर लिया गया हो, यह कर्मकांड का आत्मसंतोष हो सकता है, लेकिन करोड़ों भक्तों ने 'प्रसादम् लड्डू' का जो ग्रहण किया है, प्रसाद को अन्य भक्तों में भी बांटा है, उनका शुद्धिकरण कैसे संभव है? तिरुपति मंदिर में औसतन 3.5 लाख लड्डू रोजाना भक्तों के हाथों में जाते हैं। प्रसाद के इन लड्डुओं से तिरुपति मंदिर को 500-600 करोड़ रुपए की सालाना कमाई होती है। प्रसाद, मंदिर और कमाई...बिल्कुल विरोधाभासी हैं। देश में हिंदू या गैर-हिंदुओं के हजारों मंदिर ऐसी ही 'दुकानदारी' चला रहे हैं। दुकान खोलोगे, तो मिलावटी वस्तुएं भी आएंगी और उन्हें विक्रेता का धर्म निभाना पड़ेगा! अब तिरुपति प्रकरण के बाद मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन के भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में भी जांच का मुद्दा उठाया गया है। वाराणसी के काशी-विश्वनाथ मंदिर में बंटने वाले प्रसाद की भी जांच की जाएगी। किसी मंदिर के बाहर नोटिस चिपकाया गया है कि भक्तगण अपने घरों से प्रसाद बनाकर लाएं और मंदिर में भगवान को भोग लगाएं। अथवा ड्राई फ्रूट्स प्रभु के चरणों में चढ़ाए जा सकते हैं। दरअसल बुनियादी मुद्दा और संकट मिलावट और बदनीयत का है। आखिर भक्तगण विशुद्ध दूध और घी कहां से लाएंगे? लिहाजा घर में बना प्रसाद भी 'अशुद्ध' और मिलावटी हो सकता है। यही नहीं, स्कूलों में बच्चों को जो 'दोपहर का खाना' दिया जाता है, वह भी मिलावटी, प्रदूषित होता रहा है, क्योंकि बच्चे वह खाना खाकर बीमार पड़ते रहे हैं। मौतें भी हुई हैं। उस खाने में भी छिपकली और सांप पाए जाते रहे हैं। यह कैसी व्यवस्था है? देश में पूजा-स्थलों और मंदिरों में लोगों की गहरी आस्था और विश्वास होता है। मंदिर के जरिए आम भक्त भगवान से साक्षात्कार महसूस करना चाहता है। अब आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों के जरिए यह मुद्दा बेपर्दा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को 'खलनायक' करार दिया जा रहा है। बेशक राज्य सरकार ने सभी पुराने ठेके, सप्लाई आदि को रद्द कर दिया है। विशेष जांच दल भी गठित कर दिया गया है, लेकिन अंततः यह सियासी खुन्नस का मामला भी साबित हो सकता है। इस मुद्दे पर सियासत शुरू हो चुकी है, जबकि बुनियादी मुद्दा मंदिरों में जाने वाले भक्त की आस्था और मिलावट के जरिए उसकी आत्मा को अपवित्र करने की हरकतों का है। अभी लड्डू प्रसादम् की वैज्ञानिक जांच सामने आनी है। देश की सबसे बड़ी और सार्थक प्रयोगशाला हैदराबाद में है, जबकि पूरी चिल्ल-पौं की आधार गुजरात की लैब की रपट है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने बहुराष्ट्रीय अध्ययन के संदर्भ में भारत के 17 शहरों से भी कुछ नमूने लिए। निष्कर्ष यह रहा कि 14 फीसदी नमूनों में उच्च स्तर की धातु मिलाई गई थी। बेशक दूध के क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन ने विकास की बुलंदियां छुई हैं, लेकिन आधा से ज्यादा क्षेत्र अब भी असंगठित है। इसमें घी बनाने वाली इकाइयां भी हैं। संसद को यह बताया गया था कि 3 में से 2 भारतीय जो दूध का उपयोग करते हैं, उसमें डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया अथवा पेंट आदि मिले होते हैं। इतने व्यापक स्तर पर मिलावट को किस तरह नियंत्रित किया जा सकता है। लड्डू प्रकरण के बाद जो भी जांच के दौर निभाए जाएं, लेकिन यही हमारी नियति रहेगी कि मिलावट ही 'अंतिम सत्य' है।

खाने की चीजों में इनसान की उंगली, छिपकली, सांप के टुकड़े पाए जाने की असंख्य घटनाएं सामने आती रही हैं। कानून तो है, लेकिन खाद्य निरीक्षकों की निगरानी और व्यवस्था गायब और लचर है। उनके अपने 'हफ्ते' या 'महीना' बंधे हैं। दूध में पानी या सोडा मिलाया जाता है, खोया भी मिलावटी और रासायनिक है, देशी घी के नाम पर हम 'बाबाओं' के दावों का अनुसरण करते हैं, लिहाजा भ्रम में जीते हैं कि हम विशुद्ध देशी घी खा रहे हैं। अब कुछ भी शुद्ध मिलना असंभव है, क्योंकि यह मोटे मुनाफे और मिलावट का 'कलियुग' है। आत्मा से हम बेईमान और भ्रष्ट हैं। मुनाफे और मिलावट के लिए कोई भी ठेकेदार भगवान तक को ठग सकता है। आस्था और श्रद्धा को खंडित और अपमानित कर सकते हैं।

रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में क्लास शुरू होते ही सुनाई देने लगता है

रैगिंग से छात्रों को मुक्ति कब?

डा. वरिंद्र भाटिया

रैगिंग की समस्या उच्च शिक्षा जगत से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील, सामाजिक समस्या है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को पूर्ण रूप से मुक्ति नहीं मिल पाई है। इस समय देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान इससे मुक्त नहीं हो पाए हैं। आइए, छात्रों की शिक्षा संस्थानों में रैगिंग को लेकर कुछ खास बातों को जानें। एक शिक्षण संस्थान के किसी अन्य छात्र के खिलाफ एक छात्र द्वारा किए गए किसी भी शारीरिक, मौखिक या मानसिक दुर्व्यवहार को रैगिंग कहते हैं।

कुछ रोज पहले हिमाचल प्रदेश की एक निजी यूनिवर्सिटी में नए छात्रों की रैगिंग का मामला सामने आया। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि रैगिंग से पीड़ित छात्र ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे कमरे में बुलाया और फिर शराब पीने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। बाद में आरोपियों ने कमरा बंद कर सुबह तक उसके साथ मारपीट की। मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वहां की सरकार ने शिक्षा सचिव को इसकी जांच के भी आदेश दिए हैं और जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। रैगिंग की समस्या उच्च शिक्षा जगत से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील, सामाजिक समस्या है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को पूर्ण रूप से मुक्ति नहीं मिल पाई है। इस समय देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान इससे मुक्त नहीं हो पाए हैं। आइए, छात्रों की शिक्षा संस्थानों में रैगिंग को लेकर कुछ खास बातों को जानें। एक शिक्षण संस्थान के किसी अन्य छात्र के खिलाफ एक छात्र द्वारा किए गए किसी भी शारीरिक, मौखिक या मानसिक दुर्व्यवहार को रैगिंग कहते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौनसा छात्र इसे करता है या किस छात्र के साथ यह दुर्व्यवहार किया जाता है। रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में क्लास शुरू होते ही सुनाई देने लगता है। दुनियाभर में हर साल लाखों स्टूडेंट्स को इसका सामना करना पड़ता है। रैगिंग को दुनिया में अलग-अलग नामों से पहचाना जाता है। इसको हेजिंग, फेगिंग, बुलिंग, प्लेजिंग और हॉर्स प्लेइंग के नामों से भी जाना जाता है। रैगिंग कई कारणों से हो सकती है, जैसे आपकी त्वचा, नस्ल, धर्म, जाति, प्रजातीयता, जेंडर, यौनिक रुझान, रूप-रंग, राष्ट्रीयता, क्षेत्रीय मूल, आपकी बोली, जन्म स्थान, गृह स्थान या आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण इसमें शामिल हैं। रैगिंग कई अलग-अलग रूप ले सकती है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र को उसके काम करने के लिए धौंस दिखाता है या किसी छात्र को कॉलेज समारोह जैसी परिसर की गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, तो उसे रैगिंग माना जाता है। मानसिक चोट, शारीरिक दुर्व्यवहार, भेदभाव, शैक्षणिक गतिविधि में व्यवधान आदि सहित छात्रों के खिलाफ रैगिंग के विभिन्न रूपों को कानून दंडित करता है। जहां तक रैगिंग के शुरू होने से जुड़े इतिहास का संबंध है, तो माना जाता है कि 7 से 8वीं शताब्दी में ग्रीस के खेल समुदायों में नए खिलाडियों में स्पोट्र्स स्प्रिट जगाने के उद्देश्य से रैगिंग की शुरुआत हुई। इसमें जूनियर खिलाडियों को चिढ़ाया और अपमानित किया जाता था। यह कार्य समय के साथ-साथ बढ़ता गया और रैगिंग में बदलता गया। इसके बाद सेना में भी इसको अपनाया गया। खेल और सेना के बाद रैगिंग से शिक्षण संस्थान भी नहीं बचे और छात्रों ने इसको अपनाकर भयावह रूप दे दिया। धीरे-धीरे कॉलेजों में शैक्षणिक क्षेत्र में जगह बनाने के बाद रैगिंग हिंसक हो गई और इसके लिए बाकायदा ग्रुप बन गए। 18वीं शताब्दी के दौरान विश्वविद्यालयों में छात्र संगठन बनने लगे जिनमें विशेष रूप से यूरोपीय देश शामिल थे। इन संगठनों के नाम अल्फा, बीटा, कपा, एपिसिलोन, डेल्टा आदि जैसे ग्रीक अक्षरों के नाम पर रखे जाने लगे। भारत में रैगिंग की शुरुआत आजादी से पहले ही हो गई थी। इसकी शुरुआत अंग्रेजी मीडियम की शिक्षा से हुई। हालांकि भारत में रैगिंग का अलग तरीका था जिसमें सीनियर और जूनियर के बीच दोस्ती बढ़ाने के लिए हल्की-फुल्की रैगिंग की जाती थी। इसमें शालीनता का परिचय दिया जाता था। लेकिन 90 के दशक में भारत में रैगिंग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने पूरे भारत में रैगिंग पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही यूजीसी ने भी रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम बनाए हैं। रैगिंग पर कुछ शिक्षण संस्थानों के अपने नियम हैं। उदाहरण के लिए, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के पास रैगिंग पर दिशा-निर्देशों की अपनी एक नियमावली है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में रैगिंग को प्रतिबंधित करने व रोकने के लिहाज से विभिन्न राज्यों ने कानून पारित किए हैं, जो केवल उन संबंधित राज्यों में ही लागू होते हैं। क्या सभी राज्यों मे सरकारों ने ऐसे कानून बनाए हैं? यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने 16 महीनों में रैगिंग की 90 फीसदी शिकायतों के निपटारे का दावा किया है। यूजीसी के मुताबिक, एक जनवरी 2023 से 28 अप्रैल 2024 तक अलग-अलग यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा संस्थानों से छात्रों की 1240 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 1113 (89.76 फीसदी) का निपटारा किया गया है। शिकायतों का निपटारा सिर्फ काफी नहीं होगा, कसूरवारों को सख्त सजा ज्यादा जरूरी होनी चाहिए। देश के सभी राज्यों में रैगिंग को लाकर जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करना चाहिए। सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को, छात्रों के प्रवेश के समय रैगिंग रोकने के उपाय करने चाहिए। इनमें से कुछ हैं : एक सार्वजनिक घोषणा (किसी भी प्रारूप में- प्रिंट, ऑडियो, विजुअल आदि) करें कि कॉलेज में रैगिंग पूरी तरह से निषिद्ध है, और जो कोई भी छात्रों की रैगिंग करता पाया जाएगा, उसे कानून के तहत दंडित किया जाएगा। प्रवेश की विवरणिका में रैगिंग के बारे में जानकारी दें। उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए यूजीसी विनियमनों 2009 (यूजीसी गाइडलाइंस) को मुद्रित किया जाना चाहिए। साथ ही सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों, जैसे कि प्रमुख, हॉस्टल वार्डन, आदि की जानकारी, साथ ही एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन का नंबर भी छपना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ एक शपथ पत्र प्रदान करें। छात्रों और अभिभावकों के लिए ये हलफनामे में लिखा होना चाहिए कि छात्र और माता-पिता ने यूजीसी के दिशानिर्देशों को पढ़ा और समझा है, वे जानते हैं कि रैगिंग निषिद्ध है और आवेदक किसी भी तरह की रैगिंग में शामिल नहीं होगा, और ऐसे किसी भी व्यवहार में लिप्त पाए जाने पर वह सजा के लिए उत्तरदायी होगा या होगी। छात्रावास के लिए आवेदन करने पर आवेदक को अतिरिक्त शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर करने होंगे। एक दस्तावेज प्रदान करें जो आवेदक के सामाजिक व्यवहार पर रिपोर्ट करता है। इस तरह के दस्तावेज में किसी भी लिखित कदाचार का उल्लेख किया जाएगा और कॉलेज, आवेदक पर नजर रख सकता है। यह दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ नत्थी होना चाहिए।

दृष्टि कोण

दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन

प्रमुख भारतीय राजनीतिक दार्शनिक दीनदयाल उपाध्याय ने 20वीं शताब्दी के मध्य में एकात्म मानव दर्शन के दृष्टिकोण को भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक मार्गदर्शक दर्शन के रूप में व्यक्त किया। भारतीय सभ्यता के मूल्यों में निहित, एकात्म मानव दर्शन विकास के लिए एक समग्र और समावेशी दृष्टिकोण के रूप में आध्यात्मिक कल्याण के साथ भौतिक प्रगति को संतुलित करने, सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ व्यक्तिगत अधिकारों और परंपरा के साथ आधुनिकता पर जोर देता है। एकात्म मानव दर्शन व्यक्तियों के व्यापक विकास पर जोर देता है, न केवल भौतिक कल्याण के संदर्भ में बल्कि आध्यात्मिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास के संदर्भ में भी यह तर्क देता है कि अकेले आर्थिक समृद्धि की खोज अपर्याप्त है। सच्चे विकास को आत्मपूर्ति, नैतिकता और सांस्कृतिक निरंतरता की गहरी मानवीय आवश्यकताओं पर विचार करना चाहिए। दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार, व्यक्ति और समाज के बीच एक अविभाज्य संबंध है। उन्होंने तर्क दिया कि एक व्यक्ति अलगाव में अपनी क्षमता का एहसास नहीं कर सकता है, बल्कि केवल समाज के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से ही अपनी क्षमता का एहसास कर सकता है। इसलिए व्यक्तियों और समाज का विकास एक साथ होना चाहिए, जहां सामाजिक कल्याण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सामंजस्यपूर्ण रूप से सह-अस्तित्व में हों। एकात्म मानव दर्शन विकास के पश्चिमी मॉडल को चुनौती देता है जो आर्थिक विकास और उपभोक्तावाद को प्राथमिकता देते हैं। इसके बजाय, यह भौतिक समृद्धि और आध्यात्मिक मूल्यों के संश्लेषण का प्रस्ताव करता है। आर्थिक प्रणालियों को केवल धन संचय पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, बल्कि एक ऐसे समाज की सुविधा प्रदान करनी चाहिए जहां लोग प्रकृति, संस्कृति और स्वयं के साथ सद्भाव में रहते हैं। दीनदयाल का दर्शन स्थानीय आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करते हुए सत्ता और शासन के विकेंद्रीकरण पर जोर देता है। उन्होंने ग्राम-स्तरीय प्रशासन, सहकारी खेती और लघु उद्योगों की वकालत की जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हैं, केंद्रीकृत प्राधिकरणों पर निर्भरता कम करते हैं और स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करते हैं। शासन के लिए धर्म-केंद्रित दृष्टिकोण, एकात्म मानव दर्शन एक शासन मॉडल की कल्पना करता है जो धर्म का पालन करता है, जिसका अर्थ इस संदर्भ में नैतिकता और नैतिक ढांचा है जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक कार्यों का मार्गदर्शन करता है। दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि नीतियों को नैतिक सिद्धांतों और सभी नागरिकों के कल्याण, न्याय, समानता और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति कर्तव्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए। दीनदयाल ने स्वदेशी-आत्मनिर्भरता के सिद्धांत और स्वदेशी संसाधनों और उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि भारत का विकास अपनी स्थानीय परंपराओं और संसाधनों में निहित होना चाहिए, विदेशी वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता को कम करना और एक मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए। एकात्म मानवदर्शन एक ऐसे विकास मॉडल की वकालत करता है जो भारत की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करते हुए आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी नवाचारों को गले लगाता है। उपाध्याय ने सांस्कृतिक जड़ता को सामाजिक सामंजस्य और राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण माना, एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत की जो सांस्कृतिक विरासत की दृष्टि खोए बिना आधुनिकीकरण करता है। एकात्म मानवदर्शन पूंजीवाद और समाजवाद दोनों के विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया, जिसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की अनूठी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपर्याप्त माना। उनका मानना था कि पूंजीवाद ने असमानता, उपभोक्तावाद और नैतिक पतन को जन्म दिया, जबकि समाजवाद के परिणामस्वरूप अक्सर राज्य नियंत्रण, स्वतंत्रता का दमन और आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा हुई। इसके विपरीत, एकात्म मानवदर्शन ने एक मध्य मार्ग का प्रस्ताव रखा जो भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में आधारित होने के साथ-साथ विभिन्न विचारधाराओं के सकारात्मक पहलुओं को एकीकृत करना चाहता है। पंडित दीनदयाल की दृष्टि समकालीन भारत में विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि देश आर्थिक असमानता, पर्यावरणीय क्षरण, सामाजिक अशांति और सांस्कृतिक संघर्ष जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। उनका दर्शन एक वैकल्पिक दर्शन प्रदान करता है जो समावेशी और सतत विकास, सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक लक्ष्यों को संतुलित करने और परंपरा तथा आधुनिकता के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने की वकालत करता है।

कुछ अलग

जहां बोलना जरूरी था

फर्ज कीजिये, जमीन दलाल गिरोह रांची बड़ा तालाब या कोई खास मैदान की रजिस्ट्री रातों रात करवाने का हर स्तर पर जुगाड़ पुख्ता कर ले, तो वह बिकेगा या नहीं? अगर हां, तो इसमें कौन लोग हो सकते हैं, जो हाथ डालेंगे। इसलिए कि यहां किस नेचर की जमीनें किन हैसियत और प्रभाव वाले के हाथों बिकती रही हैं, इससे सब वाकिफ हैं। सेना की जमीन बिकना एक उदाहरण भी है। 31 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट कोर्ट ने स्वतः संज्ञान से दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए मौखिक तौर पर पूछा है कि रांची में 71 तालाब कहां गए? अदालत जल स्त्रोतों के संरक्षण और रांची के डैमों से अतिक्रमण हटाने के मामले में सुनवाई के साथ चिंता भी जाहिर कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अन्य मामले में कोर्ट ने यह भी पूछा है कि हरमू नदी के किनारे से अतिक्रमण हटाने के मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। नगर निगम और सरकारी मुलाज़िम इस मामले में फाइलों पर तमाम जलेबी पारते रहें, लेकिन उन्हें पता है कि तालाब कहां गए। और रांची के पुराने लोग भी जानते हैं कि तालाब कहां गए। कैसे गए। अब वे तालाब किस रूप में हैं। रांची को ये भी पता है कि किस कदर और तेजी से सुनियोजित सांठगांठ ने शहर को कंक्रीट के जाल में, यूं कहें अंधाधुंध अपार्टमेंट और ऊंचे मकानों की कतार में कस कर रख दिया। 10-12 फीट की सडकों के किनारे छह-आठ मंजिला अपार्टमेंट कैसे बने। यह करप्शन के जद में नहीं आता है क्या? हर किसी को रांची में ठिकाना चाहिए। यही सच है ना। दो डिसमिल जमीन ही सही डैम, नदी से सटी हो या बीच में समायी, चलेगा। और पैसे वालों के लिए एक नहीं, दो नहीं, पांच-दस फ्लैट। गलियां संकीर्ण हो जाए, नालियां और नालों पर दीवारें खड़ी हो जाएं, धूप, हवा-पानी रूक जाए कोई फर्क नहीं अलबत्ता।। रांची शहर के अंदर और आसपास की उन पुरानी बस्तियों के साथ टोले, मोहल्ले का हाल देखिए, शहरीकरण की होड़ ने कैसे सब कुछ तहस- नहस कर दिया है। अब अगर कुछ है तो नये-नये नाम से फलाना नगर, फलाना विहार और फलाना पुरी। दो दिनों की भारी बारिश रांची के कई इलाके में खतरनाक तस्वीर लेकर सामने आई। सुर्खियां बनी। एनडीआरएफ की टीम को उतारना पड़ा। चार-पांच तल्ले अपार्टमेंट और घरों के सामने की सड़कों पर तीन-चार फीट बहता पानी। डरे- सहमे लोग। मुमकिन है कल-परसों मौसम सुधरेगा और थोड़ी सूरत भी बदलेगी। यानी वॉटर लॉगिंग कम होगा। लोग इस तबाही को भूल जाएंगे। लेकिन यह एक अलर्ट है। आने वाले समय में स्थिति और भयावह होने वाली है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बारिश उफान पर हो, तो नदियां उसी दिशा में बहतीं हैं, जहां वो वजूद में थीं। मकान के ऊपर मकान, सामने दुकान, आंगन- ओसारा, नालियां सब खत्म। वैसे भी अब रांची गर्मियों में झुलसती है पानी के लिए तड़पती है। जिस रांची में हम और आप जीते-कमाते हैं उसे देते क्या हैं अथवा उसके लिए करते क्या हैं? आपके सवाल हो सकते हैं 'सिस्टम' क्या कर रहा है? "सिस्टम' तो अपना काम कर ही रहा है, कॉलर खड़ा कर। नाला, नदी, तालाब, डैम का कैचमेंट एरिया, गैरमजरूआ, खास, सिलिंग सब जब कथित तौर पर अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त की भेंट चढ़ जाए, प्रभावी लोगों के लिए दनादन नक्शे पास होते जाएं, म्यूटेशन पक्के होते रहें, बाइक, खटारा मारूति वैन पर घूमने वाले प्रोपर्टी होल्डर, बिल्डर और बड़े कारोबारी बन जाएं और राजनेता, नौकरशाह जनता की सेवा की बजाय निवेशक/साझेदार बन जाएं, तो एक नजर में सब माजरा समझ में आ जाता है। कई निजी अस्पताल, मॉल, रेस्तरां और मार्केट कांप्लेक्स के सामने उनके कारोबारी ने नालियों पर पार्किंग की व्यवस्था कर रखी है। उनका प्रभाव चलता है। मजाल कोई हाथ डाले। जुमार, हरमू, स्वर्णरेखा समेत सारी नदियों का हाल देख लीजिए।

आज हम उस दौर में जी रहे हैं जहां बंदा अपने आपका भी शुभचिंतक नहीं। उसको जब अपने से काम होता है तभी वह अपना शुभचिंतक होता है। ठीक भी है, बात बात पर खुद को खुद का शुभचिंतक बनाने में क्यों अपना बेकार का समय नष्ट करना। इसलिए जब जब जरूरत महसूस लगे किसी के कुछ देर पहले शुभचिंतक हो जाइए, और काम हो जाने के बाद चुपचाप आगे हो जाइए। जो किसी को छलना हो तो किसी का शुभचिंतक होने से बेहतर और कोई शस्त्र नहीं। किसी का शुभचिंतक होने पर किसी पर किया वार अमोघ होता है,' इस साहित्य संघ की सदस्यता ले लो। सबसे पहले तुम्हारे पास ही आया हूं। दिन-रात लिखते रहते हो, पर कहीं से एक ऑफ लाइन तो छोड़ो, ऑनलाइन पुरस्कार तक न छीन सके। बहुत दया आती है तुम्हारे लेखन पर। हाय! तुम्हारा बदनसीब लेखन! जिसे आज तक एक भी पुरस्कार के लायक नहीं समझा गया।

देश दुनीया से

चलेस सदस्यता और मैं गधा

बीसियों लेखक संघों के आजीवन सदस्य वे कल मेरे साहित्यखाने में आए। दौलतखाना उनका होता है जिनके पास दौलत होती है। मेरे पास थोड़ा बहुत साहित्य है। इसलिए मेरा घर साहित्यखाना है। आते ही मेरी आंखों के आगे रसीद बुक से अपने पसीने से तर चेहरे को हवा देते मेरे शुभचिंतक हुए। जबकि सच यह है कि आज यहां किसी का कोई शुभचिंतक नहीं। इसलिए जब जब कोई आपका शुभचिंतक होने लगे तो बिन सोचे समझ लीजिए कि उसको या तो तुरंत आपसे कोई काम निकालना है या फिर निकट भविष्य में उसे लगता है उसे आपको यूज करना पड़ सकता है। बेकार में क्या पड़ी है किसी को किसी का शुभचिंतक होने की? आज हम उस दौर में जी रहे हैं जहां बंदा अपने आपका भी शुभचिंतक नहीं। उसको जब अपने से काम होता है तभी वह अपना शुभचिंतक होता है। ठीक भी है, बात बात पर खुद को खुद का शुभचिंतक बनाने में क्यों अपना बेकार का समय नष्ट करना। इसलिए जब जब जरूरत महसूस लगे किसी के कुछ देर पहले शुभचिंतक हो जाइए, और काम हो जाने के बाद चुपचाप आगे हो जाइए। जो किसी को छलना हो तो किसी का शुभचिंतक होने से बेहतर और कोई शस्त्र नहीं। किसी का शुभचिंतक होने पर किसी पर किया वार अमोघ होता है,' इस साहित्य संघ की सदस्यता ले लो। सबसे पहले तुम्हारे पास ही आया हूं। दिन-रात लिखते रहते हो, पर कहीं से एक ऑफ लाइन तो छोड़ो, ऑनलाइन पुरस्कार तक न छीन सके। बहुत दया आती है तुम्हारे लेखन पर। हाय! तुम्हारा बदनसीब लेखन! जिसे आज तक एक भी पुरस्कार के लायक नहीं समझा गया। पता नहीं तुम्हारा साहित्य मां सरस्वती से कैसी किस्मत लिखवा कर लाया है?' बीसियों लेखक संघों की सक्रिय सदस्यता वाले ने मेरा शुभचिंतक होते कहा तो मुझे अटपटा सा लगा। गधे से भी बंदों को काम हो सकता है, पर मुझसे किसी को क्या काम? इसलिए मेरे फायदे के बारे में कोई सोचेगा भी क्यों? कहीं किसी कवि गोष्ठी में तो नहीं जा रहे होंगे जनाब! और वहां मेरी कविता मुझसे उधार ले अपने नाम से पढने की सोची होगी? पर जब किसी गोष्ठी की जो अध्यक्षता कर रहा हो और उसके मुंह पर ही जब कोई मूर्धन्य उसी की रचना को मौलिक बता पढ़ जाए तो ऐसे में कविता उधार मांग मुझ जैसे दो धेले के कवि के आगे याचक होने का क्या औचित्य? मैं और आगे कुछ सोचता वे मेरे चेहरे पर आए पसीने को ठंडा करने के लिए रसीद बुक से मेरे चेहरे पर हवा करने बोले,' एक बात पूछना चाहता हूं? आखिर तुम लिखते किसके लिए हो? एक बार चलेस की सदस्यता लेकर देखो, तुम्हारे साहित्य के दिन तो नहीं, पर तुम्हारे दिन शर्तिया बहुरेंगे।' 'चलेस बोले तो??' 'चाटुकार लेखक संघ! आज का वक्त कोरी चाटुकारिता का नहीं, संवेदनशील चाटुकारिता का वक्त है। आज शरीफ से शरीफ में भी शरीफी भरी हो या न, पर उसमें चाटुकारिता कूट कूट कर भरी है। चाटुकारिता के दौर में जो चाटुकारी न करे, वह समझदार ही क्या? इस वक्त देश में अन्य चाटुकार संघों की तरह अखिल भारतीय स्तर पर चाटुकार लेखक संघ की स्थापना के प्रयास जोरों शोरों पर चल रहे हैं। इसका गठन राष्ट्रीय स्तर से लेकर मोहल्ला स्तर पर होना है। और मुझ कार्यकारी जिला प्रधान को इस साहित्यिक संघ का जिला स्तर पर सदस्य बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। इसलिए मैं चाहता हूं कि ... मानता हूं, आज हर साहित्यिक संघ विचारधारा से कम, चाटुकारिता से अधिक अटा पटा है। आज हर लेखक अपने में एक लेखक संघ है। मोहल्ले मोहल्ले कोई प्रलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई गलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई दलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई गलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई छलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई जलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई फलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई कलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई ओबेस का डिएक्टिव मेंबर है तो कोई डोबेस का डिफेक्टिव मेंबर। जेड श्रेणी तक के साहित्यकार में साहित्यकार लेटा हो या न, पर एक चाटुकार दुबककर जरूर लेटा होता है। वैसे भी जो आज चाटुकार है, केवल उसी का बेड़ा पार है। बाकि साहित्यकारों का साहित्य कचरा है, बेकार है, और वे उम्दा साहित्यकार होने के बाद भी साहित्य के चिड़िमार हैं।' 'कितना है सदस्यता का?' मैं बिन सोचे समझे उन्हें निपटाने के गैर इरादत इरादे से असली मुद्दे पर आया। क्योंकि जानता हूं कि हर संघ सदस्यों से नहीं, चंदे से चलता है। चंदा इक_ा नहीं होगा तो उसके पदाधिकारी मौज कैसे करेंगे?' तुम्हारा आजीवन सदस्यता चंदा मेरी ओर से। अब खुश!' बंधुओ! मुझे पता नहीं चल रहा कि उनकी इस सदाशयता के लिए प्रसन्न होऊं या... आपकी क्या राय होती जो आप मेरी जगह होते? प्लीज! बताने की कृपा करें निःसंकोच!

आप का नजरीया

शाहपुर में फोरलेन कोहराम

पठानकोट मंडी फोरलेन परियोजना के घाव लिए शाहपुर का बाजार उद्वेलित है तो इसलिए क्योंकि सर्वमान्य जवाब चाहिए। फिलहाल एक पूरा बसा बसाया बाजार कई पाटों में फंसा दिखाई दे रहा है, तो रोष के तर्क व्यापार के फर्ज से टकरा रहे हैं। फोरलेन की मापी गई जमीन उन निशानियों को मिटा रही, जिनके ऊपर आश्रित रोटी-रोजी का कुनबा बसर करता था, लेकिन यहां विस्थापन से मुश्किल प्रश्न आश्वासन का है या उस किंतु-परंतु का भी है जिसके आधार पर समाज, अथारिटी, सरकार व प्रशासन कभी सही व सहमत साबित नहीं हुए। पठानकोट से मंडी को निकले फोरलेन ने कई शहर और शहरों के बाजार बाइपास किए या फ्लाईओवर से गुजरते हुए व्यापार को बख्श दिया, लेकिन शाहपुर एक अलग उदाहरण बन रहा है, जहां बाजार के सीने से गुजर कर नई मंजिलें-नए मुकाम ढूंढे जा रहे हैं। ऐसे में जबकि फोरलेन के आगे-पीछे से संबंधित सर्वेक्षण हो चुके हैं और रास्ते के पत्थर, मीलपत्थर बन चुके हैं, आंदोलनरत व्यापारियों का सामान विचलित है। कम से कम फोरलेन की अंतिम परियोजना बता रही है कि फोरलेन बाहें फैलाए आ रहा है क्योंकि इसका हर चरण अब जुड़ चुका है। हैरानी यह कि जसूर, नगरोटा, पपरोला, बैजनाथ, जोगिंद्रनगर और हर छोटा-बड़ा कस्बा फोरलेन के कोहराम से बच गया, तो शाहपुर क्यों अपनी असमंजस का अवशेष बना। जाहिर है कुछ सहमतियों-असहमतियों के द्वंद्व में शाहपुर ने न बाइपास चुना और न ही फ्लाईओवर के लिए समय रहते हामी भरी, नतीजतन मौजूदा सर्वेक्षण के आधार पर बाजार और व्यापार को अपना महत्त्व खोना पड़ रहा है और नौबत अस्तित्व खोने तक पहुंच गई। बेशक मौजूदा विधायक ने फोरलेन के विस्तारित रास्ते पर खड़ी जनापत्तियों का साथ दिया है, लेकिन यह संघर्ष शाहपुर की बड़ी वकालत का है। सांसद डा. राजीव भारद्वाज और मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की वकालत में शाहपुर की दलीलें अगर सुनी जाती हैं, तो बात अलग है, वरना बाजार की मिलकीयत में अर्जियां बंटी हुई हैं। जिन्होंने बाजार से गुजरने की दलील में कभी दिल्ली फतह की थी, क्या बाजार का वह हिस्सा अब अपने तर्क बदलेगा या पूरी परियोजना के विकल्प नई निशानदेही करेंगे। जो भी हो, शाहपुर में आकर फोरलेन क्यों विध्वंस बन गया, यह सोचने-समझने व नई कार्रवाई को अमलीजामा पहनाने की कोशिश करने का दावा पेश कर रहा है। बहरहाल फोरलेन गगल एयरपोर्ट की पैमाइश को देखकर भी विश्राम कर रहा है। चंबी से कच्छियारी के बीच फोरलेन की एक हद एयरपोर्ट विस्तार की मीमांसा से नत्थी है, तो दूसरी ओर इसका मिलना मटौर-शिमला फोरलेने के दायरे में खड़ा है। बहरहाल शाहपुर आंदोलन का निष्कर्ष यह कि वहां गगल उजडने जैसा माहौल बन गया है। या तो नया शाहपुर अब एक नई खोज सरीखा होगा या फोरलेन की चौड़ाई में कई दुकानों के शटर हमेशा के लिए गिर जाएंगे। विधायक केवल सिंह पठानिया को संघर्ष में कूदने से भले ही शोहरत मिले, लेकिन यथार्थ की अंगुलियों में फंसे सर्वेक्षण को बदलने के लिए दिल्ली सरकार और नितिन गडकरी के दरबार में सही परिप्रेक्ष्य से यह मामला पेश करने की त्वरित जरूरत है।

संक्षिप्त खबरें

कालीकरण सड़क की बिगड़ी स्थिति, कीचड़ में हुआ तब्दील

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के रोहमर गांव से गुजरने वाली कालीकरण सड़क की स्थिति दिन प्रतिदिन जर्जर होते जा रही है। बताते चलें कि सड़क निर्माण हुए कुछ ही साल बीते हैं। और सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। इस तरह की लापरवाही संवेदक के द्वारा प्रखंड के अंतर्गत जितने भी कालीकरन सड़क बनी है।लगभग सभी सड़कें खराब ही दिखने को मिल रहा है। रोहमर आने जाने वाली सड़क की स्थिति खराब देखकर पहरा पंचायत मुखिया बेबी देवी ने मरमती करने को लेकर प्रखंड प्रशासन एवं जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। मुखिया का कहना है कि इस तरह की सड़कों से दुर्घटनाएं की समस्या बढ़ती जा रही है।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहाकार समिति की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहकार समिति बैठक की गई। उपायुक्त ने कहा कि लिंग जाँच एवं गर्भपात को रोकने के लिए पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट बनाया गया है। इस एक्ट के समुचित क्रियान्वयन के लिए हमें संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करना है। सिविल सर्जन, चतरा द्वारा बतलाया गया कि चतरा जिले में बच्चों का लिंग अनुपाल 951 (नौ सौ एकावन) है। सिविल सर्जन, चतरा ने जिले में नया निबंधन हेतु 07 आवेदन एवं नवीनकरण हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुये थे। जिसका स्थल निरीक्षण एवं प्रमाण पत्रों की जाँच एक सप्ताह के अंदर करना है। चिकित्सक की उपस्थिति बैठक के दिन सशरीर होना अनिवार्य है। सिविल सर्जन, चतरा को जिले में संचालित अल्ट्रासाउण्ड का जाँच कर पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। अगली बैठक दिनांक 04 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। बैठक में डॉ0 दिनेश कुमार सिविल सर्जन चतरा। डॉ0 मनीष लाल, प्रभारी उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, चतरा, डॉ0 आशीष कुमार, एसएनसीयू सदर अस्पताल, चतरा, डॉ0 प्राची हांसदा, पैथोलोजिस्ट, सदर अस्पताल, चतरा, डॉ0 सपना अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, चतरा, सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, चतरा एवं श्रीमती संध्या प्रधान, सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

बोगांदाग में जीतिया झूमर मेला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के इचाक पंचायत के बोंगादाग में आदिवासी परंपरा के तहत जीत्या पर्व में जीत्या झूमर मेला का आयोजन किया गया। यह मेला का आयोजन इचाक मुखिया कविता देवी ने प्रत्येक वर्ष के तरह धोती, गमझा और गंजी देकर किया। मुखिया कविता देवी ने कही की आदिवासी परंपरा को बचाना आवश्यक है जिसके कारण प्रत्येक वर्ष अपने खर्च से यहां झूमर मेला का आयोजन किया जाता है। आदिवासी लोग उत्साह से यह झूमर में नाचते और गाते हैं। जीत्या पर्व के लिए एक कमिटी का चयन किया जाता है जिसमें बिरजू गंझू, उपाध्यक्ष सुरेश गंझू, सचिव मोहरी गंझू को बनाया गया था। वहीं झूमर मेला का मुख्य अतिथि भोला सिंह, सुरेश महतो, मुंशी पासवान, अजीत यादव थे। मौके पर सोमारी देवी, मंगरी देवी, आशा देवी, अनिता देवी, अर्चना देवी के अलावे दर्जनों दर्शक मौजूद थे।

नया ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत मंझगावां पंचायत के सिदवारी खुर्द में झामुमो नेता व सिमरिया विधानसभा के भावी विधायक मनोज चंद्रा के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस गांव में पिछले 4 महीना से अंधेरा छाया हुआ था। जिसके कारण गांव के लोगों व पढ़ाई लिखाई करने वाले बच्चों तथा किसान मजदूर भाइयों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।इसकी जानकारी सिमरिया विधानसभा के नेता मनोज चंद्रा को मिली।और अपने प्रयास से सप्ताह के अंदर नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव वालों में खुशी का माहौल है।व इनके प्रति आभार जताया। तथा जिंदाबाद के नारे लगाए। आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें विधायक बनाने का संकल्प भी लिया। ट्रांसफार्मर उद्घाटन समारोह में पहुंचे युवा नेता व वरिष्ठ कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार दांगी, समाजसेवी यदुनंदन पांडेय, बहादुर दांगी, बिनोद ठाकुर, देवनारायण दांगी, कामदेव दांगी, दिगंबर रविदास, संदीप दांगी,वार्ड सदस्य पिंकी देवी व गांव के सैकड़ो महिला व पुरुष उपस्थित थे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सिंह बने सांसद प्रतिनिधि, सांसद कालीचरण सिंह ने जारी किया पत्र

चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह चतरा जिला के सांसद प्रतिनिधि बने हैं। चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने उन्हें बड़ा दायित्व सौंपा है। सांसद प्रतिनिधि का पत्र जारी होते ही भाजपा नेताओं में खुशी की लहर है और सभी ने नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह को हार्दिक बधाई दी है और कहा है कि आने वाले समय में चतरा जिला में विकास की रफ्तार और तेज होगी और गांव - गरीब के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सभी योजनाएं और सांसद कालीचरण सिंह के संकल्पों को पहुंचाया जाएगा। जिले के सभी क्षेत्रों से लोगों ने बधाई दी है।

जितिया त्योहार में सुदूरवर्ती क्षेत्र के कई विद्यालय में लटका ताला, शिक्षक गायब

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कई उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में ताला लटका रहा। जिसमें उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रानी पोखर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सीधा पतरा सुबह से बंद था। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पन्नवां टाड़ विद्यालय में शिक्षक तो थे किंतु दो बच्चे विद्यालय में मौजूद थे।लेकिन बच्चे को खाना के जगह भुट्टा पका कर दिया गया था। ग्रामीणों से जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया की आज जीत्या पर्व है इसके लिए शिक्षक लोग जीत्या पर्व मना रहे हैं। पत्रकारों द्वारा सत्यता की जांच के लिए शिक्षक महेंद्र ठाकुर से बात की गई की आपसे जरूरी बात करना है आप अभी हैं कहां तो शिक्षक महेंद्र ठाकुर ने फोन पर बताया की कि मैं अभी विद्यालय में बच्चों को कलास ले रहा हूं। जब पत्रकारों ने कहा की अभी हम लोग आपके विद्यालय में मौजूद हुं।विद्यालय में एक भी बच्चे नहीं है और ताला लगा हुआ है तो बहाने बनाते हुए कहा की मैं घर पर खाना खाने के लिए आया हूं। जबकी उक्त विद्यालय में एक और शिक्षक चंद्रिका राम भी नहीं थे। जांच कमिटी जब इन लोगों के विद्यालयों में पहुंचती है तो उल्टे इन लोग इसी तरह खाना या जरूरी घर का बहाना बनाने लगते है। ऐसे में विद्यालय में कम और घर में ज्यादा रहते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई ना के बराबर है। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पन्नवां टांड़ विद्यालय में शिक्षक तो मौजूद थे किंतु मात्र दो बच्चे विद्यालय में मौजूद थे। और बच्चों द्वारा रसोइया रूम में भुट्टा पका कर खाया जा रहा था। बच्चों को पूछने पर बताया की आज खाना नहीं बना है। मामले की पूर्ण जानकारी बीडीओ कॉल के माध्यम से प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी संतोष सिंह को दिखाया गया और जानकारी दी गई। उन्होंने ने पत्रकारों को बताया की इन लोगों को सोकोज का नोटिफिकेशन जारी कर जवाब मांगा जाएगा।

लोहडी गांव आज भी विकास से है कोसो दूर, जमकर लगे मुर्दाबाद के नारे

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक व सांसद के प्रति जताई नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के बारियातु पंचायत के अंतर्गत लोहडी गांव आज के समय में भी विकास से कोसों दूर है।यही करण है की कोई भी प्रतिनिधि सिर्फ चुनाव के समय प्रचार के लिए आते हैं। और जितने के बाद लोहडी के तरफ मुड़ कर देखना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। उक्त बाते मुखिया प्रत्याशी मुकेश कुमार यादव ने कहा। उन्होंने आगे कहा की लोहडी गांव के महाबीर यादव के घर के समीप मिट्टी मोरम की पथ वर्षा की पानी से बह गया है।लेकिन उसे देखने वाला कोई नही है।इस पथ को लेकर गांव के रविन्द्र यादव समेत अन्य कई लोगो ने पथ की मरम्ती को लेकर बोल चुके हैं। लेकिन आश्वाशन के शिवाय कुछ भी नही मिला है। आगे बात कर चले कि सरफा नाला बनाने की जिप सदस्य का घोषणा आज भी अधूरा है। लोहडी गांव में सरफा नाला एक बहुत पुराना समस्या हैं। जिसे कई बार जन प्रतिनिधि घोषणा तो करते हैं। लेकिन पुरा कोई नही कर पा रहा है। गिद्धौर प्रखंड के जितने भी जीप सदस्य बने है सभी ने सरफा नाला बनाने की घोषणा कर चुके हैं।लेकिन किसी ने नही बनाया है।दो बार धोखा खाने के बाद ग्रामीणों ने तीसरी बार सरफा नाला के पास जाकर जीप सदस्य से ग्रामीणों ने मांग रखा था।जिस पर भरोसा दिलाया गया था। की चुनाव जितने के छह माह के अंदर सरफा नाला पर पुल बनाया जायेगा।और यदि किसी कारण बस फंड नही आया। तो अपने पैसा से होम पाइप डलवा देंगे ।लेकिन उनका यह वादा भी खोखला साबित हुआ है। सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास भी मुकेश कुमार यादव के पास सरफा नाला बनाने की वादा कर चुका है। लेकिन अब उनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है।और सरफा नाला पर पुल का निर्माण नहीं हो पाया है।अब ग्रामीण एक बार फिर आगामी विधानसभा की चुनाव मे विधयाक प्रत्याशी मनोज चंद्रा से उम्मीद लगाये बैठे है। देखना यह होगा क्या उनकी समस्या सुनने एवं देखने वाले कोई होंगे या फिर कागज में ही सिमट कर उनकी समस्या रह जाएगी इससे नाराज होकर के ग्रामीणों ने सभी का मुर्दा बाद के नारे भी लगाए हैं।एवं जमकर विरोध किए हैं।

राजद कार्यकर्ताओं ने किया बैठक, चुनाव पर हुई चर्चा

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सलगा शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को आरजेडी कार्यकर्ताओं ने बैठक किया। गया। बैठक की अध्यक्षाता प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव ने किया। संचालन विजय भारती ने किया। आरजेडी कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर बिषेश चर्चा किया गया। बुथ को मजबूत करने का संकल्प लिया है। मौके पर बिनोद पासवान संजय दांगी राजेश दांगी बसन्त दांगी एवं दर्जनों आरजेडी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उपायुक्त ने अबुआ आवास की प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अबुआ आवास की प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार रजिस्ट्रेशन, स्वीकृति तथा जियोटैगिंग की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर सभी सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सबसे कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू, लातेहार के प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर रोष प्रकट करते हुए स्पष्ट निर्देशित किया कि 24 घंटे के अंदर कार्य मे सुधारात्मक प्रगति लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। तथा तय समयावधि तक कार्य में प्रगति नहीं होने पर सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश एवं विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

फिल्म अभिनेता व गोरखपुर सांसद रवि किशन ने किया रोड शो, भाजपाईयों का उमड़ा जन सैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

हेरहंज : बुधवार को हेरहंज प्रखंड मुख्यालय में भाजपा द्वारा चलाई जा रही परिवर्तन यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सांसद रवि किशन ने रोड शो किया एवं श्री राम जानकी मंदिर का फोटो प्रतीक चिन्ह भेंट किया।यह रोड शो प्रखंड मुख्यालय के भंडार चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए बालूमाथ प्रस्थान किए इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के हजारों भाजपा का कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।जबकि रवि किशन के रोड शो से उत्साहित क्षेत्र की महिला कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पुष्प वर्षा किया और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।इस दौरान सांसद रवि किशन प्रखंड के भाजपा मंडल कार्यालय में भी पहुंचे जहां पर उपस्थित लोगों ने पुष्प गुछ देते हुए उन्हें अंग वस्त्र दिया।इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव ने मुख्य भूमिका निभाई मंडल अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद जिला कार्यसमिति सदस्य रंजीत जायसवाल मनीष जायसवाल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर मनोज यादव देवनंदन प्रसाद रंजन प्रसाद अनिल उरांव मनोहर सिंह हिमांशू रंजन जितेंद्र यादव संजय यादव अखलेश यादव समेत सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता और मंडल कमेटी के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

पत्रकार ने रक्तदान कर बचाई जरूरतमंद की जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : स्थानीय पत्रकार रुपेश अग्रवाल ने एक महिला के लिए रक्तदान कर उसकी जीवन रक्षा की। जानकारी के अनुसार शहर के बानपुर इलाके के वैद्यनाथ उपाध्याय की पत्नी माया देवी सदर अस्पताल में भर्ती है। चिकित्सकों ने इलाज के लिए ए नेगेटिव की व्यवस्था करने की बात कही थी। लेकिन ब्लड बैंक में ए नेगेटिव रक्त नहीं था।सोशल मीडिया से इस बात की जानकारी रुपेश अग्रवाल को लगी तो वे रक्तदान करने के लिए एक सहर्ष तैयार हो गए और ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि वह नियमित रक्तदान करते हैं रक्तदान करना उन्हें अच्छा लगता है।उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मनुष्य है हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।यह एक मिथक भ्रांति है कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी हो या साइड इफेक्ट होता है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ मनुष्य को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। इससे कई प्रकार की बीमारियों से भी बचा जा सके जा सकता है। आगे उन्होंने कहा कि इस नेक कार्य के लिए उपाध्याय एवं उनके परिजनों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया है।

बालूमाथ पुलिस ने सागर राम के घर चिपकाया इस्तेहार

बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ थाना पुलिस ने बालूमाथ थाना कांड संख्या 207/19 के आरोपी सागर राम पिता सुरेश राम के घर इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर बालूमाथ थाना के सब इंस्पेक्टर होसैन डांग के द्वारा के आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया गया है।आरोपी सागर राम पिता सुरेश राम थाना बालूमाथ निवासी पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 207/19 धारा 419,420 भा0द0वी एवं जीआर संख्या 293/20 के तहत मामला दर्ज है।लेकिन आरोपी आत्मसमर्पण नहीं कर रहा है।अगर आरोपी द्वारा 5/11/2024 से पूर्व आत्मसमर्पण नहीं किया जाता है ।तो उसके विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के नजदीक रेल ट्रेक पर अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीआईसी सेक्शन के बरवाडीह - टोरी रेल खंड के हेहेगड़ा - छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बिच पोल संख्या 241/28 रेल ट्रेक पर 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध पुरुष के शव को पुलिस ने बरामद किया है। रेल ट्रेक पर शव मिलने की जानकारी हेहेगड़ा स्टेशन मास्टर ने बरवाडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन को दी। जानकारी मिलते ही बरवाडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन के साथ छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार ने घटना स्थल पहुंचकर शव से संबंधित ग्रामीणों और रेल कर्मियों से पुछताछ किया और रेलवे ट्रेक से शव को जब्त कर पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया की शव की पहचान नहीं हुई है और इस मामले की जांच की जा रही है कि मामला हत्या से जुड़ा है या आत्महत्या हो सकता है।

हत्या के विरोध में परिजनों ने किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत हेमपुर ग्राम में बीती रात्रि अज्ञात अपराधियो द्वारा रामकुमार भगत 55 वर्ष पिता स्व.चुरामन ठाकुर ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी गोली मारकर हत्या कर दिया दी ।हत्या हो जाने के बाद विरोध में गुस्साए परिजनों ने बालूमाथ -रांची मुख्य पथ एनएच 22 को गुरुवार दोपहर सड़क जाम कर दिया । जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग लग गई ।घटना से गुस्साए ग्रामीण एवं परिजन द्वारा पुलिस से शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ने की मांग कर रहे थे एवं परिजनों को सरकारी नौकरी और 10 लाख मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। वही जाम लगने की सूचना पाकर बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ,बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ,भाजपा पूर्व बिधायक प्रकाश राम जाम स्थल पहुंचे। और परिजनों के साथ वार्ता किया और प्रशासन को जल्द से जल्द नौकरी-मुआवजा परिजनों को देने का बात कही ।वही विधायक द्वारा दिए आश्वासन के बाद करीब 2 घंटे से लगा हुआ जाम समाप्त किया गया ।ज्ञात हो की बीते रात चार , पांच की संख्या में आए वर्दीधारी लोगों ने रामकुमार भगत के घर पहुंचे थे और झाड़-फूंक करवाना है ये कहकर घर से कुछ दूर ले जाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी ।जिसके बाद परिजनों ने जाम किया था मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी बालूमाथ अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, नाई समाज जिला अध्यक्ष दसरथ ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

मनिका में भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ में पहुंचे जवाहर पासवान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा गुरुवार को मनिका विधानसभा मे पहुंचा जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनिका सेमर चौक एन एच 39 पर सैकड़ो की संख्या में दो पहिए एवं चार पहिए वाहन के साथ स्वागत किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम सह प्रभारी जवाहर पासवान, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, मनिका विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह,पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह, अवधेश सिंह, उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव के प्रतिमा पर, एवं मणिका के ग्राम प्रधान वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय भरत प्रसाद के तस्वीर पर उपस्थित भाजपाइयों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कीये। वहीं कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा भाजपा द्वारा चलाई जा रही परिवर्तन यात्रा रथ का पूजा अर्चना किया गया और जगह-जगह पर पोटली दी गई। भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ मनिका होते हुए तुम्बागड़ा केंड़ होते गारु कोटाम पहुंची जहाँ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण रथ का स्वागत किये। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, भाजपा जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

नगर पंचायत के लुटेरों पर हो कड़ी कार्रवाई : अरविंद

छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): छतरपुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार ने अपना पांव पसार लिया है। योजनाओं की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे नगर विकास विभाग और झारखण्ड सरकार। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता सह छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने कही। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठाने के बाद डीसी और नगर विकास विभाग ने संज्ञान लेकर योजनाओं की जांच छतरपुर एसडीओ से करवाई है जिसमें भारी अनियमिता बरते जाने की पुष्टि हुई है और पलामू के उपायुक्त को इस बावत जांच रिपोर्ट भी एसडीओ ने प्रेषित किया है। जिसमें कार्यपालक अधिकारी, जेई और सम्बद्ध संवेदक पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात शामिल है अरविंद ने पत्रकारों को बताया कि जनवरी वर्ष 2023 तक नगर पंचायत छतरपुर के विकास मद में लगभग पौने एक अरब रुपये की राशि खर्च हो चुकी है।उन्होंने यह भी कहा कि जब एसडीओ ने भ्रष्टाचार की पुष्टि कर दी है तो तत्काल प्रभाव से नगर के कार्यपालक अधिकारी सिटी मैनेजर और जेई को बर्खास्त कर देना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 02 अक्टूबर को पहुंचेंगे हजारीबाग गांधी मैदान

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जनता में उत्साह, राज्य के विकास और भविष्य के लिए यह यात्रा का है विशेष महत्व : मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 02 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया। इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपेड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल मटवारी स्थित गांधी मैदान पंहुचकर सभी ने तैयारी का जायजा लिया। टेंट- पंडाल का कार्य शुरू हो चुका है। यहां पहुंचे जिला प्रशासन के कई अधिकारियों से भी इन्होंने संयुक्त रूप से समन्वय हेतु वार्ता किया । कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के पश्चात राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया की झारखंड प्रांत के सभी 6 मंडलों में भाजपा के संगठन के दृष्टि से चल रही परिवर्तन यात्रा के समापन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग में होने जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ राज्य की जनता के लिए अपार हर्ष और उत्साह की बात है की उनके प्रिय नेता जिनके हृदय में झारखंड बसता है वो फिर से झारखंड आ रहें हैं निश्चित रूप से जब पीएम मोदी

झारखंड आते हैं तो खाली हाथ कभी नहीं आते। झारखंड के लिए हमेशा उपहारों और योजनाओं की सौगात लेकर आते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता उनके संबोधन और मार्गदर्शन से इस राज्य में जो एक अराजक सरकार, एक घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली, राज्य को जुटने वाली, राज्य के खनिज संपदा को लूटने वाली, कानून व्यवस्था जिनके शासन काल में पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है ऐसी एक सरकार को उखाड़ फेंकने का एक उत्साह और संकल्प दिलाकर पीएम नरेंद्र मोदी जाने वाले हैं। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की पीएम मोदी के आगमन को लेकर झारखण्ड और विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता भी आतुर है। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में जनसैलाब के रूप में अपनी भागीदारी निभाते हुए हजारीबाग के एक- एक नागरिक को नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहिए। सांसद श्री जायसवाल ने कहा की मोदी जी का यह हजारीबाग दौरा ऐतिहासिक होगा। मौके पर विशेषरूप से भाजपा जिला महामंत्री सुनील मेहता, भाजपा नेत्री कुमकुम देवी, टुन्नू गोप, प्रणय वर्मा, अनिल मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, इन्द्रनारायण कुशवाहा, विजय चौधरी, रिंकू वर्मा, शिव प्रजापति, विवेक जोशी, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

भूमि सर्वेक्षण विभाग से बना तालाब चढ़ सकता है भ्रष्टाचार की भेंट, जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चढ़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

दारू (हजारिबाग) : भूमि सर्वेक्षण विभाग में बरपा घनघोर भ्रष्टाचार का एक और प्रत्यक्ष उदाहरण प्रखंड के कविलासी पंचायत के ग्राम तीउज में देखने को मिल रहा है. पूर्व से बने तालाब में नया तालाब दिखाकर कार्य को पूरा करने का खाना-पूर्ति का खेल नीचे से ऊपर तक बरपा रहा. तालाब के कार्य में दर्जनों अनियमितता बरती गई है.

भ्रष्टाचार की गवाही देता कमियों का लिखा-जोखा कुछ इस प्रकार है

1.पूर्व से ही बने तालाब में काम करके काम की लीपापोती की गई.

2.मिट्टी के कटाई करने के बाद मिट्टी को तालाब के बगल में ही रख दिया गया.

3.ग्रामीणों का आरोप है काम की एस्टीमिट को कभी भी सार्वजनिक नहीं किया गया.

4.कोई पदाधिकारी का कभी भी निरीक्षण के लिए नहीं आना.

5.विभागीय इंजीनियर का एक भी बार तालाब के कार्य को निरीक्षण करने नहीं आना.

6.मिट्टी उठाव कम किया गया है.

7.अधिक पानी हो जाने पर पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं करना.

8.एस्टीमेट से कम काम करना और कम कार्य करके अधिक बिल निकालना और काम को पढ़ा-चढ़ा कर दिखाना.

9.तालाब के भीड़ को बहुत ही सकरा और कमजोर बनाया गया है.

ग्रामीणों का कहना है जिस तरह तालाब में निकासी की जगह नहीं छोड़ी गई है कुछ घंटे भी अगर और बारिश होती है तो यह तालाब पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट कर बह

जाने का खतरा बना हुआ है.

गरीब किसानों का हो सकता है बड़ा नुकसान

क्योंकि तालाब के पीछे कई एकड़ में धान की फसल लगी हुई है, बगीची लगे हुए हैं और कुएं भी हैं. तो किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो सकता है और उनका साल भर का आए और अनाज दोनों उनके हाथ से छीन सकता है साथ ही पानी की तेज बहाव से कई एकड़ उपजाऊ मिट्टी के भी बहाने का खतरा लगातार बना हुआ है. पर पर भूमि सर्वेक्षण विभाग और निजी ठेकेदारों पर लालच बुरी तरह हावी है जिसका नुकसान गरीब और भोले भाले किसानों को झेलना पड़ सकता है.

भाजपा के परिवर्तन सभा में रवि किशन को देखने व सुनने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में भारतीय जनता पार्टी की ओर से परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन दामोदर सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रवि किशन का पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन ने घुसपैठियों को घुसाकर राज्य को पूर्ण रूप से बर्बाद कर दिया है। हेमंत सोरेन सरकार भाजपा की वोट कम हो जिसके लिए लाखों घुसपैठियों को घुसा रही है, और हिंदुओं की वोट कम करने की साजिश के तहत काम की जा रही है। हम हिंदू हैं हमारा कोई

बिरादरी नहीं है। नवंबर में जब चुनाव होगा तो आप हिंदू बनकर के जाइएगा और वोट दीजिएगा। सभी हिंदू संगठित रहे तभी हम राज्य में सरकार बना पाएंगे। मोदी जी की अपील है कि राज्य में परिवर्तन लाएं और भाजपा की सरकार बनाएं। उत्तर प्रदेश में मजाल है कि कोई जिहादी घुसपैठियों घुस जाए वहां बुलडोजर बाबा की सरकार है। झारखंड की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि यहां की बेटियां भी सुरक्षित नहीं है, उत्तर प्रदेश में 12ू00 बजे रात तक बेटियां स्कूटी से घर जाती हैं। अब न कहब, न सहब, बदल के रहब। झारखंड से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार के द्वारा 5 लाख नौकरी, बेरोजगारों को भत्ता, महिलाओं को ?2000 महीना, आम लोगों को 72000 सालाना देने की बात कही गई थी ये सभी वादे फेल हो गए। हेमंत सरकार कार्यकाल में रामनवमी, विश्वकर्मा पूजा व अन्य त्यौहार में सिर्फ पत्थर बाजी हो रही है विकास नहीं हो रहा है। झारखंड राज्य में परिवर्तन बहुत जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमंडलीय प्रभारी राकेश प्रसाद, राजेश गुप्ता, शिवलाल महतो, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, खेमलाल महतो, कर्मचारी साव, चतरा जिला किसान मोर्चा प्रभारी जुगनू सिंह, अनिल मिश्रा, सतेंद्र सिंह, पूनम साव, रामगढ़ जिला किसान मोर्चा प्रभारी राजू साव, रंजीत मेहता, योगेश दांगी, अरुण मालाकार, संतोष शर्मा, शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मनीष पांडे, उदय मेहता, नंदकिशोर कुमार, नर्सिंग प्रसाद, कैलाश राणा, इंद्र भूषण, सत्यजीत विद्या अलंकार, किशोर राणा के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

जितिया माताओं को अपने पुत्रों के प्रति प्रेम व समर्पण दर्शाने का प्रदान करता है अवसर : मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

कटकमदाग : प्रखंड के ग्राम पंचायत बेस अवस्थित जितिया मेला मंडप मैदान में जितिया मेला समिति, बेस द्वारा दो दिवसीय जितिया मेले का विधिवत् उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। यहां पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक नृत्य- संगीत के साथ फूल माला पहनाकर और माथे में मुकुट पहनाकर किया गया । यहां बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों और भाइयों के साथ सांसद मनीष जायसवाल ने पूजन स्थल पहुंचकर माथा टेका और उनके संग ढोल, मांदर और नगाड़े की थाप पर यहां अखाड़ा में सजे मंच में हो रहे

पारंपारिक झूमर नृत्य को देख खुद मांदर पर थाप लगाकर और अखाड़ा नृत्य करके मेले के आयोजन समिति का हौसलावर्द्धन किया। यह मेला पूर्व में एक दिवसीय होता था लेकिन पिछले साल से ही सांसद मनीष जायसवाल के अपील पर आयोजन समिति ने विस्तार करते हुए दो दिवसीय आयोजन किया है। वर्तमान साल पहली बार सांसद मनीष जायसवाल के पहल से ही यहां मेले में झूला लगा है । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मैंने पूर्व में अपने किए गए घोषणा के अनुरूप मेला स्थल के विकास के लिए विधायक निधि की राशि उपलब्ध कराई है। इस पूजन स्थल तक आने वाले सड़क का निर्माण कराकर सुदृढ़ कराया है। भविष्य में मेले को व्यापक और सुव्यवस्थित किया जायेगा और यहां अगर वन विभाग से आदेश मिली तो एक सांस्कृतिक भवन का भी निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा की जितिया माताओं को अपने पुत्रों के प्रति प्रेम व समर्पण दर्शाने का अवसर देता है और जितिया के अवसर पर यहां वर्षों से इस मेला का आयोजन होता है । मेले के आयोजन में मेला समिति के अध्यक्ष जगरनाथ साव, सचिव नागेश्वर भोगता, कोषाध्यक्ष मनोज राम, संरक्षक बेस मुखिया दीपक यादव, पूर्व पंसस तिलेश्वर गंझू, राजेंद्र यादव, सोमर साव, विनोद महतो, प्रवीण महतो, मोहन साव, विशेश्वर राम, शम्भू राणा, विजय राम, कृष्णा गोप, मुरली राम, महावीर राम सहित मनोज राम, राहुल ऋषि, सूरज रॉय, महेश गोप, सुरेंद्र राम सहित अन्य लोग मेले के सफल आयोजन में जुटे हुए हैं ।

पवन कुमार होंगे बड़कागांव के नए एसडीपीओ

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बड़कागांव के एसडीपीओ कुलदीप कुमार का तबादला हो गया है, इनके स्थान पर नए एसडीपीओ पवन कुमार को बनाया गया है। जिसका नोटिफिकेशन सरकार के द्वारा जारी कर दिया गया है। बताते चले की पवन कुमार 2016 -17 में बड़कागांव में प्रशिक्षु डीएसपी थाना प्रभारी के रूप में भी काम कर चुके हैं। देवघर में एसडीपीओ के पद पर भी अपना कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा एसटीएफ झारखंड जगुवार में भी इनका कार्य सराहनीय रहा है।

भामाशाह विद्या मंदिर में सुवर्णप्राशन व शैक्षणिक विषयों की हुई गोष्ठी

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) । भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के प्रांगण में सुवर्णप्राशन तथा शैक्षणिक विषयों को लेकर गोष्ठी आयोजन की गई। गोष्ठी कार्यक्रम कक्षा प्रथम से तृतीय तक के भैया बहनों के अभिभावकगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभारी रजनीश कुमार सहित महिला पुरुष अभिभावक द्वारा दीप ज्योति मंत्र के साथ किया गया। जिसके बाद प्रधानाचार्य ने बताया कि स्वर्णप्राशन एक आयुर्वेदिक औषधि है। जिसके सेवन से शिशु की मन नियंत्रित बुद्धि तीक्ष्ण एवं तीव्र होती है। हड्डी तथा हृदय को बल मिलता है।आंख तेज होता है और पाचन शक्ति भी मजबूत होती है। शरीर में इम्युनिटी पावर बढ़ती है। इसके साथ साथ शैक्षाणिक विषयों के बारे में भी चर्चा हुई। सभी अभिभावकों ने विद्यालय से संबंधित अपना विचार सभी के समक्ष रखा। विषयों सुनने के बाद अंत में प्रधानचर्या श्री रजनीश कुमार पांडेय ने अभिभावकों के सभी प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें सन्तुष्ट भी किया।कार्यक्रम के अंत में शांति मंत्र के साथ गोष्ठी समाप्त हुई।

एनटीपीसी सीबी ने पगार हाई स्कूल में 510 छाता का किया वितरण

केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : एनएमएल एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पगार में 510 छाता का वितरण छात्रों के बीच किया! यह कार्यक्रम विशेष रूप से विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया! ताकि वे बारिश के मौसम में सुरक्षित और सुखद अपने स्कूल आ सके!इस वितरण समारोह में विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को इस तरह का महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना का धन्यवाद किया !यह छाता न केवल उन्हें बारिश से बचाएगा, बल्कि उनकी पढ़ाई में भी सहायता करेगा। ऐसे प्रयास बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर अग्रसरित करते हैं!इस मौक़े पर उपस्तिथ बी नवीन कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक ने कहा, ÷हमारी कंपनी हमेशा से समाज की भलाई के लिए समर्पित रही है! इस पहल के माध्यम से हम न केवल शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी लाने का भी प्रयास कर रहे हैं। हमें गर्व है कि हम इस समुदाय का हिस्सा हैं और ऐसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं!छाता वितरण के दौरान विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने लायक था। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए एक आवश्यकता को पूरा करता है, बल्कि यह दिखाता है कि किस प्रकार कॉर्पोरेट क्षेत्र और समाज एक साथ मिलकर समुदाय के विकास में योगदान कर सकते हैं!चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना भविष्य में भी इसी तरह की पहलों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास जारी रखेगी।

श्रीरामचरित्र मानस सेवा संस्थान के प्रखंड अध्यक्ष बने रौशन, सोनी बनी महिला मोर्चा की अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

दारु : श्रीराम चरित्र मानस सेवा संस्थान के दारु प्रखंड इकाई के प्रखंड अध्यक्ष और महिला मोर्चा की अध्यक्ष की घोषणा जिलाध्यक्ष की स्वीकृति के बाद कर दी गई है।प्रखंड के समाजसेवी व जनहित के कार्य मे बढ़चड कर सहयोग करने वाले दारु बक्शीडीह निवासी रौशन सिन्हा को प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया है।महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष रामदेव खैरिका निवासी सोनी कुशवाहा को बनाया गया है। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वेता सिंह ने दोनो नव मनोनीत अध्यक्ष को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि इन दोनो अध्यक्ष के नेतृत्व मे संस्थान द्वारा किये जा रहे है जनहित के कार्यो मे तेजी आएगी और समाजसेवा के माध्यम से जरुरस्तमंद लोगों तक मदद पहुंचेगी। इस मौक़े पर अध्यक्ष रौशन सिन्हा ने कहा कि सेवा संस्थान के द्वारा उनपर भरोसा कर उन्हे जो जिम्मेवारी सौपी गई है उसे पुरा करने का भरपुर प्रयास करेंगे। इस संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवा का जो बीड़ा उठाया है उसे प्रखंड के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने का वह कोशिश करेंगे। महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी कुशवाहा ने संस्थान के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सोच बहुत ही अच्छी है और वह प्रखंड मे उनकी दूत बनकर जनहित का कार्य करेंगी, जल्द ही महिला मोर्चा की कमिटी का बिस्तार किया जायेगा।

कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का जन्म दिन मनाया गया धूम-धाम से

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पदम् विभूषण से सम्मानित अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वां जन्म दिन धूम-धाम से मनाया गया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह भारत गणराज्य के 13 वें प्रधानमंत्री थे । लोकसभा चुनाव 2009 में जीत के बाद वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जिनको पांच वर्षो का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था । इन्हें 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वितमंत्री के रूप मे किए गए आर्थिक सुधारों के लिए भी श्रेय दिया जाता है । मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह,लाल बिहारी सिंह, गोविंद राम, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मिथिलेश दुबे, संजय तिवारी, साजिद अली खान, रजी अहमद, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, परवेज अहमद, नरेश गुप्ता, मनिषा टोप्पो, विजय कुमार सिंह, अनिल भुईया, अर्जुन सिंह, अमर सिंह यादव, बसंत नारायण सिंह, कौशल कुमार सिंह, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मो इकबाल , अधिवक्ता इजहार हुसैन के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो के 53 मजदूर मलेशिया में फंसे

चार माह से मजदूरों को नहीं दिया जा रहा वेतन, इलाज में की जा रही लापरवाही

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के लगभग 53 मजदूर मलेशिया में फंसे हुए हैं। इन मजदूरों की वतन वापसी को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष श्रम विभाग, रांची को पत्र लिखा है। इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि तीन जिलों के लगभग 53 मजदूर ग्लोबल विंग्स मेन पावर सर्विस कंपनी के माध्यम से लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन एडीएन बीएचडी मलेशिया में काम करने गए थे। मजदूरों को चार माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है और उन्हें जरूरी सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई जा रही हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि तबीयत खराब होने पर भी इलाज में लापरवाही बरती जा रही है। मजदूरों ने झारखंड सरकार से वतन वापसी और चार माह का बकाया रुपये दिलाने की मांग की है। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ के चलनिया से योगेंद्र यादव, सुअरमारा से रोहित महतो, अलखरी से सुरेंद्र मांझी, हरिलाल महतो, फाराचांच से अर्जुन तुरी, गोविंदपुर से खुशीलाल महतो, मुरागांवो से जितेंद्र महतो, खरकी से सोहन मरांडी, नागी से सेवाचंद महतो, टाटीझरिया से रोहित कुमार, विनोद महतो, सुखदेव महतो, दिनेश्वर महतो, हुलास कुमार महतो, तिलेश्वर कुमार, दशरथ तुरी, उमेश महतो, बुधन महतो, ईश्वर महतो, कैलाश महतो, बेडम से मुकेश महतो, होलंग से प्रेम महतो, रवि कुमार, बनहे से सुरेश बेसरा, टुटकी से सुरेश बेसरा सहित अन्य मजदूर इस संकट का सामना कर रहे हैं।

एनएमएल आईटीआई में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम व निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : एनएमएल पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित केन्द्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर आधारित था। इसमें एनटीपीसी मैती के सभी कर्मचारियों एवं सभी ट्रेड के आईटीआई प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनटीपीसी पी बी सी एम पी के सतर्कता विभाग के अपर महाप्रबंधक विकास सिंह ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमा मई उपस्थिति दर्ज कराई। उनके मार्गदर्शन से उपस्थित सभी को सतर्कता एवं ईमानदारी के महत्व को समझने का अवसर मिला। इसके

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.के सेनापति ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को सतर्कता एवं पारदर्शिता की संस्कृति को अपनाने और अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सतर्कता विभाग के अपर महाप्रबंधक विकास सिंह ने अपने संबोधन में कहा, राष्ट्र के विकास में ईमानदारी और पारदर्शिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रत्येक कर्मचारी और प्रशिक्षु को अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठा और ईमानदारी का पालन करते हुए समाज और राष्ट्र की समृद्धि में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं में ईमानदारी और सतर्कता की भावना को प्रोत्साहित करना था ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में निष्पक्षता और ईमानदारी का पालन करें।

राष्ट्रीय जनक्रान्ति मोर्चा ने 11 सूत्री माँगो को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : राष्ट्रीय जनक्रान्ति मोर्चा ने जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय परिसर के धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना दिया। एकदिवसीय धरना में राष्ट्रीय जनक्रान्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय जनक्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव, मांडू विधानसभा सभा प्रत्याशी सह झारखण्ड आंदोलनकारी मो.महमूद आलम ने कहा हमारी पार्टी राष्ट्रीय जनक्रान्ति मोर्चा ने सरकार से ग्यारह सूत्री माँग की है ,जैसे झारखण्ड आंदोलनकारियों की जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सब्जी को 50-50 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दे।विष्णुगढ़ को अनुमंडल का दर्जा अविलंब दें।

झारखण्ड राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त एवं प्रशासन द्वारा शोषण बंद किया जाय।केन्द्र सरकार द्वारा वक्फबोर्ड की छेड़छाड़ बंद करें,इस साजिश को रोका जाय।जिसकी जितनी सँख्या भारी उसकी उतनी हो हिस्सेदारी।गैरमजरूआ जमीन की रसीद निर्गत हेतु आदेश दिया जाय।विष्णुगढ़ पुलिस अनुमंडल मुख्यालय विष्णुगढ़ में बनाया जाय। विष्णुगढ़ प्रखण्ड के ग्राम नवादा में कृषि फार्म 26 एकड़ जमीन में कृषि विश्वविद्यालय / मेडिकल कॉलेज / इंजीनियरिंग कॉलेज बनाया जाय।डीवीसी कोनार डैम विस्थापितो को नौकरी तथा बिजली -पानी दी जाय।मदरसा बोर्ड , उर्दू एकेडमी, वित्त निगम अविलंब बनाया जाय।महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण अबिलम्ब दिया जाय। उपरोक्त सभी माँगो को लेकर राष्ट्रीय जनक्रान्ति मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने विष्णुगढ़ बीडीओ अखिलेश कुमार के माध्यम से ज्ञापन सौपा।इस मौके पर मुख्य रूप से कुल्दीप रविदास, बिनोद बिहारी महतो, बोधि महतो, मो.ईशाक अंसारी, करीम अंसारी, कुर्बान अंसारी, जीशान आलम, रिजवान अंसारी, जगरनाथ महतो, हुलाश महतो, हामिद अंसारी, मुस्लिम अंसारी,निज़ाम सिद्दीकी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।

युवा कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी की रीढ़ रियाज़ अहमद

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): दुलमी प्रखंड में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसकी रामगढ़ जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजीत करमाली एवं संचालन ताहिर अली ने किया सम्मेलन के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रियाज़ अहमद थे, उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कांग्रेस पार्टी की रीड है हमने भी युवा कांग्रेस में काफी लंबे समय तक काम किया युवा के बिना कोई भी चुनाव जीत नहीं जा सकता है ,युवा कांग्रेस को हर बूथ में पांच-पांच लोगों को जोड़कर आगामी आने वाला विधानसभा कि तैयारी में लग जाए। चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है, इसी हर प्रखंड हर पंचायत में युवा कांग्रेस की बूथ सम्मेलन आयोजन किया जाए ताकि अधिक हुआ कांग्रेस में शामिल हो और कांग्रेस की नीति सिद्धांतों की पर प्रचार प्रसार हो साथ ही झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाए,इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला सचिव आरिफ अंसारी, संजय महली, जिल्याउल अंसारी ,ज़ाहिर अबाजा, अनूप महतो, राजू कुमार, सहित अंसारी, मुहाजिद अंसारी, लखेश्वर कुमार, रोहित करमाली, जावेद खान आदि उपस्थित थे।

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर कृतसंकल्पित हुं : सुनीता चौधरी

रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता): मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गुरुवार को एनएच 23 से लोदरोबेड़ा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया।शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, आजसू के जिला कोषाध्यक्ष किशुनराम मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी द्वारा नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर कृतसंकल्पित हुं चुनाव के दौरान यहां के ग्रामीणों से जो वादा मैंने किया था। आज वह वादा पूरा कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा कि पथ सुदृढ़ीकरण कार्य से सबसे ज्यादा फायदा यहां के ग्रामीणों को होगा। अब वे आसानी से आवागमन कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश भी दिया। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके व माल्यार्पण कर किया गया।मौके पर सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

स्वच्छता अभियान एवं पौधा रोपण किया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड अंतर्गत पिआरए गोला ओरमांझी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गुरुवार को कैम्पस के बाहर सफाई अभियान चलाए, गया साथ ही ऑफिस के आस पास साफ सफाई किया गया। गंदगी नही होने से हम सभी बीमारी से दुर रहेंगे और आज कैम्पस के किनारे खाली जगह पर पीपल, आम, अमरुद, नीबू, पौधा रोपण भी किया गया।सभी कैम्पस के सी.पी.एम. एवं जीएम एवं पदाधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ शपथ लिए साथ ही आप पास की जगह पर साफ रखना है और जगह जगह पर पौधा लगाना की शपथ लिये। मौके पर सी.पी.एम. अमरीश शर्मा, जीएम उमाशंकर सिंह, अजित कुमार, सुब्रदीप चौधरी, आनन्द त्रिपाठी, मैनेजर वीरेंद्र जायसवाल, डी के जान, बी. रामू , सुन्दराम पाण्डेय, सुनील सिंह, राजेश कुमार यादों, मनमोहन चौबे, संदीप सिंह, नितेश कुमार, हरिठीक श्रवण, एवं सभी कर्मचारी मौजूद थे।

सार्वजनिक रावण दहन समिति पारसोतिया यूथ मे रावण दहन समारोह हेतु समिति का गठन किया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी विजय दशमी के शुभ अवसर पर रावण दहन एवम् रामलीला का आयोजन हेतु रामगढ़ तेतरिया टांड़ ग्राउंड (रामगढ़ उच्च विद्यालय) मे सार्वजनिक रावण दहन समिति पारसोतिया यूथ (अब रामगढ़ यूथ) के तत्वाधान मे रावण दहन समारोह हेतु समिति का गठन एवम् विस्तार के लिए एक बैठक हुई, इस बैठक मे सदस्यों एवम् ग्रामीणों द्वारा सर्व सहमति से कार्यकारी सदस्यों एवम् पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमे मुख्य संरक्षक कैलाश मुंडा , कृष्णा महतो, कपूर प्रसाद कुशवाहा, राजू कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, महेंद्र मुंडा, विक्रम प्रसाद कुशवाहा, रुपेश गुप्ता, केवल पासवान, शिबू गंझू, राजू करमाली को बनाया गया साथ ही रावण दहन कमटी का अध्यक्ष रौशन कुमार,कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, वरीय उपाध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दिलिप कुमार , दीपू सिंह आलोक कुमार, सचिव गोलू कुमार,सह सचिव कुणाल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राम कुमार, सह कोषाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी अंकित कुमार सिन्हा, रणधीर कुमार, प्रिंस कुमार, महामंत्री अजय महतो,दीपक मुंडा, संगठन सचिव कृष्णा गंझू, भूषण कुमार, संगठन मंत्री पिंटू गुप्ता , अनिल साहू, साग सज्जा प्रभारी प्रीतम कुमार, संदीप दांगी, कार्यकारी सदस्य के रूप में शक्ति प्रसाद, पारस महतो, सनी मुंडा, अर्जुन महतो, राहुल कुमार गुप्ता, रतन महतो आदि को बनाया गया।

अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के द्वारा 17 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले के बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के द्वारा 17 सुत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया, धरना प्रदर्शन के माध्यम से मजदूरों के विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कहा अगर मजदूरों की मांगों को सीसीएल प्रबंधन जल्द समाधान कर नहीं माना गया तो सीसीएल रांची मुख्यालय के समक्ष मजदूरों द्वारा विशाल रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी, वहीं अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के लोगों ने ज्ञापन के प्रतिलिपि को भारत सरकार कोल मंत्री लक्ष्मा रेड्डी के साथ साथ ही सभी अन्य वरिय अधिकारी को प्रेषित किया गया है। सौंपे गए ज्ञापन में सभी अनुसांगिक कंपनी में एक जैसा सदस्यता सत्यापन/ चेक आफ सिस्टम आईआर पद्धति सुनिश्चित किया जाए।वेतन समझौता में मंजूर मांगों का संपूर्ण क्रियान्वयन की जाए।सभी अनुसांगिक कंपनी में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण व पैरामेडिकल स्टाफ भर्ती दवाएं की व्यवस्था किया जाए।केडर स्कीम में सुधार कर जनरल मजदूर माइनिंग सरदार ओवरमेन डेटा एंट्री आपरेटर इत्यादि में परिवर्तन किया जाए सहित इत्यादि मांग शामिल है।मौके पर अखिल भारतीय मजदूर संघ के शशी भूषण सिंह, अनिल पासवान,ललन प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे

रामगढ़ में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : गुरुवार को माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सभी को पूर्व में हुई 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यो कि विभागवार जानकारी दी गयी।बैठक के दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की योजनाओं के वर्तमान स्थिति पर ध्यान देने एवं किसी भी क्षेत्र में किसी योजना के कार्य नहीं करने अथवा लाभुकों को लाभ न मिलने संबंधित मामलों को त्वरित रूप से जिला प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। वही माननीय मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन/ शिलान्यास कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने एवं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं को जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को चिन्हित कर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान माननीय मंत्री ने जिला खनन पदाधिकारी से अवैध खनन के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी लेने के क्रम में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में बालू के नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के दौरान माननीय मंत्री द्वारा मनरेगा, एनआरएलएम, भूमिहीन परिवारों को भूमि वितरण, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, विभिन्न अबुवा आवास योजना, जलापूर्ति योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण, वन अधिकार पट्टा, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व उनकी वर्तमान स्थिति, निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्ति आदि की विस्तृत समीक्षा की गई वही योजनाओं के सफल संचालन एवं सभी जरूरतमंद तथा योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने को लेकर माननीय मंत्री द्वारा उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में कई निर्देश दिए गए।जिसके उपरांत माननीय मंत्री द्वारा श्रम अधीक्षक रामगढ़ को कारखाने की औचक जांच में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने सहित अन्य निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

पूर्व विधायक अपने निजी कार्यालय में लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं से हुई अवगत

रामगढ : गुरूवार को रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी ने गोला मठवाटांड स्थित अपने निजी कार्यालय में लोगों की विभिन्न प्रकार समस्याओं से अवगत हुई एवं उस समस्याओं के निदान हेतु जिन विभाग की समस्या थी उस समस्या से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात की एवं लोक हित में समस्याओं का समाधान निराकरण जल्द से जल्द करने का आदेश प्रेषित की, इन सभी बातों एवं पूर्व विधायक का जनता के प्रति सम्मान को देखकर समस्याएं लेकर आए जनमानस काफ़ी प्रसन्नता पूर्वक अपने घर को वापस हुए, और पूर्व विधायक ममता देवी के प्रति आभार प्रकट किये।

हड़ताल पर बैठे शिक्षकों का बकाया वेतन और अनुदान की राशि का होगा भुगतान,शिक्षकों को कराया आश्वस्त : संकेत सुमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : कस्तूरबा इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ में गुरुवार को शाशि निकाय की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ विधानसभा की विद्यायक सुनीता चौधरी के द्वारा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम मुख्य रूप से उपस्थित थे ।वही जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की अब से बायो मेट्रिक के आधार पर ही वेतन का भुगतान किया जाएगा वही इस मौके पर शाशी निकाय के सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया की बायो मेट्रिक के आधार पर ही वेतन का भुगतान होगा और जनवरी से इसका जाँच कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी और सचिव से अनुदान के भुगतान को लेकर लिखित और मौखिक वार्ता की जाएगी। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी और विद्यायक ने हड़ताल में बैठे शिक्षक सहित कर्मियों से वार्ता की। वही इस मौके पर प्रधानाचर्या रूमा सिंह टी आर उमा सेन गुप्ता सहित शिक्षकों ने एक दूसरे पर कई आरोप प्रत्यारोप लगाए और बैठक में निर्णय लिया गया की दो दिनों में शिक्षको का बकाया वेतन और सचिव से अनुदान की राशी के संबंध में वार्ता की जाएगी और दो दिनों के अंदर भुगतान की बात कहीं जाएगी यदि यह दो दिनों में नहीं होता है तो तीन दिनों के अंदर पुनः शाशी निकाय की बैठक बुलाई जाएगी और जल्द से जल्द इसका समाधान निकाला जाएगा। इस मौके पर प्राधानाचर्या सहित विद्यालय के शिक्षक, एन एस यु आई रामगढ़ जिला अध्यक्ष संकेत सुमन, कार्यकारी अध्यक्ष वजहत उल्ला, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर एन एस यु आई रामगढ़ जिला सचिव गुलाम सरवर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राधा गोविन्द विश्वविद्यालय फार्मेसी विभाग एवं राधा गोविंद फार्मेसी कॉलेज के द्वारा वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : राधा गोविंद विश्वविद्यालय फार्मेसी विभाग एवं राधा गोविंद फार्मेसी कॉलेज ने संयुक्त रूप से वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं केक काट कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि समाज को स्वस्थ बनाने में फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान होता है।फार्मेसी विभाग के डॉ के पी सिंह ने दवाओं के प्रयोग एवं दुष्प्रभाव के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। सचिव प्रियंका कुमारी ने फार्मासिस्ट के विस्तृत योगदान के बारे में चर्चा किया और उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट का भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी अहम योगदान प्रदान करता है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किए गए।इसके अलावा क्विज, भाषण , पेंटिंग, कबड्डी ,शतरंज ,लूडो एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सभी छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ सभी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए ।राधा गोविंद फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य साई प्रकाश पाणिग्राही ने अच्छे फार्मासिस्ट बनने के लिए छात्रों को उत्साहित किया।मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , फार्मेसी विभाग के डॉ कौशल कुमार महतो , जयिता राय, झरना पलाई, सुरोजित बर्मन,अरूप गोस्वामी , सुमित महाराणा , सस्मिता भाग्यश्री , राम सोनी ,आलोक कुमार ,डॉ राहुल कुमार ,सूर्य नारायण एवं विभाग के अन्य व्याख्याता शामिल थे।

पतरातू क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिऊतिया पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पतरातु और आस पास क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जितिया पर्व कटिया बस्ती में जिउतिया पर्व पर मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि सनातन धर्म में जितिया के व्रत का बहुत ही विशेष महत्व है जीवित्पुत्रिका का व्रत हर वर्ष आश्विन महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन मनाया जाता है जितिया व्रत को जिउतिया के नाम से भी जाना जाता है जितिया व्रत के दिन जीवित वहां भगवान की पूजा अर्चना की जाती है इस जितिया पर्व मुख्य रूप से महिलाएं अपनी संतान की दीर्घायु के लिए रखती है इस व्रत को रखने से संतान को अच्छा स्वस्थ और तरक्की मिलती है यह व्रत पूरे दिन निर्जला रहकर किया जाता है यह व्रत बहुत ही कठिन व्रतो में से एक माना जाता है महिलाएं बिना अन्न जल ग्रहण किए इस व्रत को करती है और अपनी संतान के बेहतर स्वास्थ और सफलता की कामना करती है जितिया पर्व में कथा राजा जीमूतवाहन की निस्वार्थता की लोकप्रिय कहानी है जो बच्चों की दीर्घायु और कल्याण के लिए आशीर्वाद लाने के लिए सुनाई जाती है इस तरह से गांव के सभी टोला मोहल्ले में महिलाओं को कथा सुनाया गया तथा मुखिया किशोर महतो के द्वारा जितिया पर्व पर पूरे झारखंडवासी को हार्दिक बधाई और शुभकामना दिया गया।

भुरकुंडा बांसगढ़ा खदान स्थित जोनल माइंस रेस्क्यू कंपटीशन का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : रामगढ़ जिले के बरका सयाल के भुरकुंडा बांसगढ़ा खदान स्थित जोनल माइंस रेस्क्यू कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस कंपटीशन में कोल इंडिया सीसीएल एरिया से कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया,प्रतियोगिता में सात इवेंट हुई पहला ड्रिल एंड मास्ट फास्ट,दूसरा थ्यूरी टेस्ट, तीसरा सटोटूरी टेस्ट , फ्रेश एयर बेस, रेस्क्यू एंड रिकवरी, कैप्टन रिपोर्ट, रेस्क्यू रिले रील शामिल हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची क्षेत्र के डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी आफताब अहमद सहित निर्णायकों में डेप्युटी डायरेक्टर (माइंस सेफ्टी) तेजावत नरेश, एजाज मोहम्मद, आर. सुधीर, आईएसओ (सीसीएल मुख्यालय, रांची) राकेश रंजन और सी.बी. प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सीसीएल के बरका-सयाल, कुज्जू, कथारा, अरगड्डा, बीएनके, पिपरवार, हजारीबाग, ढोरी, चूरी, एनके, मगध और आम्रपाली प्रक्षेत्र की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत छह सदस्यीय टीम ने माइंस की दुर्घटना की जानकारी पर माइंस पर रिपोर्टिंग किया। इसके उपरांत टीम के सदस्यों ने सेल्फ कंटेंड ब्रिथिंग ऑपरेटर्स, स्ट्रेचर, फर्स्ट-एड-बॉक्स लाइट, रोप से लैस होकर माइंस में प्रवेश किया। तकरीबन 150 मीटर की दूरी पर छह नंबर पीलर के निकट प्रतीकात्मक रेस्क्यू अभियान चलाया। माइंस में पड़े 70 किलोग्राम वजनी मानव प्रारूप को सुरक्षित बाहर लाया गया और अभियान के संबंध में अधिकारियों के समक्ष रिपोर्टिंग की। बताया जाता है कि प्रतियोगिता में कम समय में माइंस सेफ्टी के निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए सुरक्षित बचाव कार्य करनेवाली टीम को की कैटेगरी में मिले प्वाइंट्स के आधार पर विजेता घोषित किया जाएगा। शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय में विजेता टीम की घोषणा की जाएगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली रेस्क्यू टीम को पुरस्कृत किया गया जाएगा।प्रतियोगिता में मुख्य रूप से डीजीएमएस माइनिंग माइनिंग के अफताब अहमद, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक, डॉ नदीम अनवर सहित सीसीएल के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाविधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा नवनियुक्त पारा लीगल वॉलंटियरयों का प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिलाविधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के मार्गदर्शन में दिनांक 26/09/2024 से 30/09/2024 तक नवनियुक्त पारा लीगल वॉलंटियरयों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का प्रारंभ प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश, रामगढ़ आलोक दुबे के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सचिव अनिल कुमार, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया, स्थाई लोक अदालत के सदस्य देवनाथ बैठा तथा अरुण कुमार गुप्ता ने पारा लीगल वॉलंटिरयो को प्रशिक्षण दिया, उन्होंने बताया कि सभी पारा लीगल वॉलंटियरस रामगढ़ के विभिन्न पंचायतों में नियुक्त किए जायेंगे पारा लीगल वॉलंटियर का काम समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाना है और उन्होंने बताया कि पीएलवी को विभिन्न कानूनों की मूल बातें सिखाई जाएंगी जो उनके दैनिक जीवन के संदर्भ में जमीनी स्तर पर लागू होंगी, न्यायिक प्रणाली के कामकाज में इस्तेमाल की जाने वाली सूक्ष्म बारीकियाँ और पुलिस, समाज कल्याण विभाग, महिला और बाल कल्याण विभाग के अधिकारी और केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से निपटने वाले अन्य विभागों जैसे घरेलू हिंसा और किशोर न्याय अधिनियमों से जुड़े संरक्षण अधिकारियों के कामकाज के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। पीएलवी से न केवल कानूनों और कानूनी प्रणाली के बारे में जागरूकता फैलाने की अपेक्षा की जाती है, बल्कि उन्हें स्रोत पर ही पक्षों के बीच सरल विवादों को परामर्श देने और सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे प्रभावित व्यक्ति को कानूनी सेवा प्राधिकरण तक जाने की परेशानी से बचाया जा सके। यदि विवाद इस तरह का है, जिसे पीएलवी की सहायता से हल नहीं किया जा सकता है, तो वे ऐसे पक्षों को डालसा में ला सकते हैं, जहां सचिव की सहायता से या तो इसे लोक अदालत या मध्यस्थता केंद्र में भेजा जा सकता है या समस्या की प्रकृति के आधार पर अदालत में कानूनी सहायता प्रदान किया जा सकता है।

झारखंड युवा सदन 4.0 युवा सभा कार्यक्रम के लिए रामगढ़ के नितेश कुमार मोदी का हुआ चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : युवा सदन द्वारा रांची में आयोजित होने वाली झारखंड युवा सदन 4.0 कार्यक्रम के लिए रामगढ़ के नितेश कुमार मोदी का चयन हुआ है। इसकी जानकारी देते हुए नितेश ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के तीसरे राउंड की चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनका चयन हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन 27 से 29 सितंबर तक रांची के स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम, धुर्वा में आयोजित होगा, जिसमें पूरे राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों से चयनित हुए युवा भाग लेंगे। इस युवा सदन में वे अपने विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए एक विधायक के रूप में जनहित हेतु विशेष योजनाएं एवं मुद्दे प्रस्तुत करेंगे। नितेश ने बताया गया कि चयनित युवा इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य की सदन व्यवस्था एवं राजनीति को बारीकी से समझ पायेंगे और अपने विचारों को खुलकर साझा कर पाएंगे। इस वर्ष ÷मानव तस्करी विरोधी विधेयक - 2024÷ पर खुल कर चर्चा और इसके रोकथाम हेतु नए प्रावधानों खुल कर बहस भी होगी। नितेश ने खनिज से भरे झारखंड राज्य में पर्यावरण के संरक्षण वा संवर्धन हेतु राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय हेतु मंत्री के लिए भी दावा पेश किया है और बताया की मानव तस्करी और पर्यावरण दोनो ही आज के समय की वैश्विक चुनौतियां है ,जिसे जनभागीदारी व सामूहिक प्रयास से खत्म किया जा सकता है।

उत्पाद सिपाही बनने का सपना रखने वाले अनु कुमार बेदिया की मौत पर मौन धारण कर मुआवजा की मांग की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र की बैठक मैन रोड बरकाकाना स्थित मुंडा ढाबा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने और संचालन मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। बैठक में क्षेत्र के सांकी निवासी अनु कुमार बेदिया की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखा गया और सरकार से दस लाख रूपए मुआवजा की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि झारखंड सरकार में नौकरी की चाहत रखने वाले अनु कुमार बेदिया, जो साहिबगंज जिले में उत्पाद सिपाही की बहाली में दौड़ रहे थे, अचानक बेहोश हो गए। पहले उन्हें साहिबगंज सदर में बाद में कोलकाता के अस्पताल भर्ती कराया गया। 12 दिनों तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद रविवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। रामगढ़ जिले के पतरातु प्रखंड अंतर्गत सांकी निवासी तुलेश्वर बेदिया के बेटे ने नौकरी के लिए बहुत मेहनत की थी। उसका सपना था कि वो नौकरी पाकर अपने परिवार की जिंदगी बेहतर बनाए। अनु ने अपने परिवार की स्थिति सुधारने का निरंतर प्रयास कर रहा था।बैठक में मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, प्रवक्ता सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष मो सलीम, उप कोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, उपाध्यक्ष सोनी महतो, सह सचिव मदन दांगी, दिनेश करमाली, गुड्डू कुमार, विनोद मुंडा, सुरेश शर्मा, गोकुल महतो, किरण पटेल, रानी देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष बीएमएस ने धरना प्रदर्शन किया, 17 सुत्री मांग पत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ बीएमएस ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के उपरांत खदान मजदूर संघ के द्वारा 17 सुत्री मांगो को लेकर एसओपी अजय कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सीआइएल से संबंधित, सुरक्षा से संबंधित,सीएमपीएफ से संबंधित मामलो को लिखा गया है। वहीं विरोध प्रदर्शन में सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रबंधन के द्वारा टालमटोल कि निति अपनाई जा रही है। जिसके कारण कोयला मजदूरों में अच्छी खासी नाराजगी है। वहीं नेताओं ने यह भी कहा कि धरना-प्रदर्शन के बाद भी प्रबंधन मांगो पर अमल या समाधान नहीं करता है तो कोयला मजदूर 30 सितंबर को कंपनी के मुख्यालय में विशाल धरना-प्रदर्शन करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन कि होगी। वहीं इस धरना प्रदर्शन में सीसीएल संगठन के महामंत्री शशी भूषण सिंह, प्रभारी राम विनय त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, शंभू सिंह,हरिनाथ महतो, भवानी शंकर, दिनेश मुंडा,सुधीर सिंह, अनिल पासवान, रविशंकर सिंह, जयनारायण प्रसाद आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

होमलेन, डिज़ाइन कैफे का अधिग्रहण करेगी, नए फंडिंग राउंड में 225 करोड़ जुटाए

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): होमविस्टा डेकोर एंड फर्निशिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, जो कि इंटीरियर ब्रांड्स होमलेन (भारत की अग्रणी टेक-सक्षम होम इंटीरियर कंपनी), डूवअप, क्यूबिको, और रैपज़ैप की मूल कंपनी है, ने आज डिज़ाइन कैफे, जो कि होम इंटीरियर बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी है, का 100त्न अधिग्रहण करने की अपनी पेशकश की घोषणा की। यह अधिग्रहण, जो कि नियामक अनुमोदनों के अधीन है, भारत में इंटीरियर श्रेणी में सबसे बड़ी इकाई का निर्माण करेगा, जो कि पूर्ण किए गए प्रोजेक्ट्स के संदर्भ में होगा।अधिग्रहण के बाद, संयुक्त इकाई को वित्त वर्ष 25 में 1,000 करोड़ के राजस्व को प्राप्त करने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 24 में 761 करोड़ रुपये से 33% अधिक है, और EBITDA लाभदायक होगा। होमलेन और डिज़ाइन कैफे दोनों अलग-अलग ब्रांडों के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जिनमें से प्रत्येक लक्षित बाजार के विभिन्न क्षेत्रों को पूरा करेगा।विकास और लाभप्रदता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक तालमेल यह अधिग्रहण निर्माण, डिजाइन, खरीद, और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण तालमेल बैठाने के लिए तैयार है। ये तालमेल न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाएंगे बल्कि संयुक्त इकाई की पेशकशों में नवाचार और ग्राहक संतुष्टि को भी बढ़ावा देंगे।हम अत्यंत उत्साहित हैं और होम इंटीरियर उद्योग में एक सच्ची शक्ति बनाने के लिए, डिज़ाइन कैफे की डिज़ाइन विशेषज्ञता के साथ हमारे तकनीक-संचालित दृष्टिकोण को संयोजित करने में अपार संभावनाएं देखते हैं, श्रीकांत अय्यर और तनुज चौधरी, होमलेन के सह-संस्थापक, ने कहा। संयुक्त इकाई 800 करोड़ के राजस्व एआरआर और -2% EBITDA पर है और हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।

आईडीबीआई बैंक ने सुगम ऋण भुगतान योजना एसयूजीएएम किया पेश

IDBI BANK

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): आईडीबीआई बैंक ने एक विशेष योजना सुगम ऋष्ा भुगतान योजना (सुगम) शुरू की है। इसके अंतर्गत 31 मार्च, 2021 तक 0.10 करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये तक (पात्रता मानदंड के अधीन) की मूल बकाया राशि वाले उधारकर्ताओं को अपने कर्ज का एकमुश्त भुगतान आसान शर्तों के साथ करने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि बैंक के रिटेल एनपीए की रिकवरी में तेजी आ सके। यह उन उधारकर्ताओं के लिए अपने कर्ज का निपटान करने का एक सुनहरा अवसर है, जो संकट से जूझ रहे हैं और कानूनी उलझनों में पड़ना नहीं चाहते। इस योजना का विवरण https://www.idbibank.in/idbi-bank-sugam-rinn-bhugtan-yojana.asp& पर उपलब्ध है।

राज्य मे अल्प संख्यक एक्ट लागु कराने की मांग : प्राणेश सॉलोमन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): बड़ा घघरा स्थित फेलिसिटी बैंकॉट हॉल में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का एक दिवसीय विचार गोष्ठी कार्यशाला का आयोजन हुआ.इसमे राज्यभर के क्रिश्चियन समुदाय के हजारों लोग शामिल हुए.मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के मंत्री हफीजुल हसन उपस्थित हुए. कहा कि हेमंत सोरेन को फिर से सीएम बनाने का संकल्प लेना होगा.अल्पसंख्यक आयोग मिसनरी समाज के लिए दिन रात खुला हुआ है.अपनी समस्या को बेबाक तरीके से रख सकते है.अल्पसंख्यको के लिए बहुत सारी योजनाए है.मुख्य मंत्री स्वरोजगार योजना से 25 लाख रूपये तक लोन दिया जाता है.इसके साथ ही कब्रिस्तान, मसना के लिए भी घेराबंदी की जाती है. इस राज्य को संवारने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को फिर से लाना होगा.झारखण्ड राज्य अल्पसख्यक आयोग, उपाध्यक्ष, प्राणेश सॉलोमन (दर्जा-राज्य मंत्री)ने अल्प संख्यको का अधिकार ,सरकारी योजना और अल्पसंख्यक संस्थाओ में हो रही समस्या से मंत्री को अवगत कराया गया.अल्पसंख्यक एक्ट लागु नही हुआ है.इसके कारण से सरकार का योजना से वंचित हो रहे है.केवल नियमावली से अल्पसंख्यक स्कूल चल रही है.माइनरिटीज स्कूल मे स्कूल का ड्रेस ,स्कूल साईकिल नही दिया जा रहा है.इसे लागु कराने की पहल किया गया.स्वास्थ्य का क्षेत्र में अल्पसंख्यक मेडिकलो मे आयुषमान कार्ड से ईलाज का व्यवस्था सुनिश्त कराने की मांग किया गया.माइनिरीटीज कॉलेजो मे पोर्टल के माध्यम से प्रमंडलीय घुसबैठ रोकने का पहल होना चाहिए. ताकि आसपास होने वाले घटनाओ की जानकारी मिलता रहे..माइनिरीटिज कॉलेजो के पोर्टल मे प्रमंडलीय घुसबैठ हो रहा है. इसे रोकने का प्रयास होना चाहिए..मोके पर संजय फ्रेडरिक किस्पोट्टा,राकेश ,पास्टर जेवियर भेंगरा ,ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनिरीटिज फ्रंट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, प्रदेश कोषाध्यक्ष अरूण हांसदा, प्रवीण कच्छप, मानवेल खाखा,प्रोविशियल अमित कुमार खेस, ,विशप, मोडियेटर, प्रोभिन्सियल फादर, पास्टर, सूपरीयर सिस्टर व सभी अल्संख्यक संस्थानों के प्रार्चाय स्कूलों, कॉलेजों, तकनीकि सस्थानों व संचालक मौजुद थे।

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची

अति अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–09/2024-25/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.

दिनांक–25.09.2024

1.	कार्य का नाम	Construction of Boundary Wall and Gate, Approach Road, Guard Room in the Campus of JAHB, Pvt. ITI, in Dahu, Ormanjhi, Ranchi.
2.	प्राक्कलित राशि (रू0)	राशि रू0 1,93,21,000.00/– (एक करोड़ तिरानबे लाख एक्कीस हजार) रूपये मात्र।
3.	कार्य पूर्ण की अवधि	4 (चार) माह
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	04.10.2024 को 11:00 बजे
5.	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	10.10.2024 को 11:00 बजे तक
6.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची।
7.	निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान	14.10.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, रॉंची
7.	प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	6203309676
8.	ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या	7992430721

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची।

PR 337071 Building(24-25)D

तीन दिवसीय एसबीए का प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

साहिबगंज : सदर अस्पताल के वेयर हाउस में गुरूवार को स्किल बर्थ अटेंडर (एसबीए) को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। इसमें प्रशिक्षक डॉली झा, दीप्तिमय व चिन्मय सोरेन थे। इसमें प्रत्येक प्रखंड से कूल आठ प्रशिक्षू शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक डॉली झा व दिप्तीमय प्रधान द्वारा सभी को सुरक्षति प्रसव कराने पर जानकारी दी गई है। मौके पर कई एएनएम मौजूद थे।

चास के लोहा गोदाम से चोरी के 200 सिलिंडर बरामद

चास(बोकारो)(प्रभात मंत्र संवाददाता): ऊकरीद बस्ती के समीप वेस्टर्न ऑक्सीजन एंड एसिटिलीन प्लांट के मैनेजर ने सोशल मीडिया के द्वारा वायरल वीडियो देख स्थानीय थाना सेक्टर 12 में लिखित आवेदन दिया जिसमे उन्होंने 500 सिलिंडर चोरी की बात कही जिस पर 12 थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए व्हाट्सऐप में आए हुए नंबर को ट्रेस कर उससे संपर्क किया तो उस के द्वारा दिए गए जानकारी पर पिंडराजोड़ा थाना क्षेत्र के आईटीआई मोड के समीप लोहा गोदाम मे छापामारी कर 200 सिलेंडर बरामद किया सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि सोशल मीडिया वायरल वीडियो को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए गोदाम में छापेमारी की गई जिसमे 200 सिलेंडर बरामद किया गया और भी सिलेंडर गायब होने की सूचना है पुलिस की तहिकात अभी जारी है।

परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (पूर्वी) की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में मुख्य वक्ता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित हुए। गोल्फ ग्राउंड में राजनाथ सिंह का जोरदार स्वागत हुआ। मंच पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी,प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, परिवर्तन यात्रा के संयोजक एवं राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, रविंद्र राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह,धनबाद सांसद ढुल्लु महतो, बोकारों विधायक बीरेंची नारायण, धनबाद विधायक राज सिन्हा,पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल,भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण राय समेत कई स्थानीय नेता गण मंचासीन हुए। इस समारोह में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान हुआ। रक्षामंत्री नें परिवर्तन यात्रा को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा राज्य में परिवर्तन की बयार बह रही है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है : 1. ई निविदा सं. : ईएल/20/खुली/2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद रेलवे स्टेडियम में प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹99,92,078.85, बिड सिक्युरिटी : ₹1,99,900/– 2. ई निविदा सं. : ईएल/21/खुली/2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : "एडीईएन/1/धनबाद के अंतर्गत धनबाद में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस में कमरा नंबर 1 से 14 के सुधार" से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹20,77,708.10 बिड सिक्युरिटी : ₹41,600/–. 3. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि : 18.10.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 18.10.2024 को 11.30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/(विद्युत)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/01207/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24–25/36

कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी

(मनरेगा कोषांग)

मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक 6440 दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) एवं ग्राम रोजगार सेवक पद के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की विवरणी तथा पायी गयी त्रुटियाँ दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की जा रही है। साथ ही अस्वीकृत आवेदनों की सूची भी प्रकाशित की जा रही है। आवेदनों की सूची दावा आपत्ति हेतु खूँटी जिला के वेबसाईट **"www.khunti.nic.in"** पर अपलोड किया गया है।

जिला ग्रामीण विकास शाखा (मनरेगा कोषांग) विकास भवन, खूँटी में दिनांक 07.10.2024 तक कार्यालय अवधि में दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। आवेदन में आवेदन क्रमांक, अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता अंकित करना आवश्यक है।

प्रकाशित विज्ञापन की कंडिका 7 में उल्लेखित नियम एवं शर्त के आलोक में किसी अभ्यर्थी द्वारा किसी पद विशेष के लिए खूँटी जिला के अतिरिक्त झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों में आवेदन करने संबंधी मामला पाए जाने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/–

उप विकास आयुकत–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी

PR 337245 District (24-25)_D

Govt. of Jharkhand

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002

e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Very Short Notice (2nd Call)

e-Tender Reference No .- RCD/FSD /AP/ RAN/**28**/24-25 Dated **24.09.2024**

1-	Name of Work	Consultancy services for exploration of Feasibility report cum preparation of Detailed project report for construction of Elevated Corridor/at Grade on the Bank of Harmu River at Harmu Muktidham to Radisson Blue Hotel including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal , Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid.
2-	Work completion time	45 Days
3-	Tentative Length	2.400 km
4-	Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD)	**Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 1,00,000/- (Rupees One Lac) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
5-	Date and Time of Publishing of Tender on official website	26.09.2024, 05.00 PM
6-	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD)	08.10.2024, 12.30 PM
7-	Date and Timing of Bid opening	09.10.2024, 12.30 PM
8-	Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751
9-	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)
10-	Pr No	334835 Road(24-25)

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 337074 Road Construction Dept
Road Division Ranchi (24-25)_D

हाईवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत एक घायल, घंटो रहा सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरेडारी : 25 सितंबर के शाम 7 बजे केरेडारी टंडवा मुख्य मार्ग अंतर्गत बूढ़ी मईया सड़क मार्ग के समीप गंगटिया गड्डा के पास हाईवा और मोटरसाइकिल के बीच आपसी टक्कर में 22 साल के युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। मृत युवक की पहचान चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेबारा गांव निवासी विजय पांडेय का छोटा पुत्र अभिषेक पांडेय के तौर पर की गई। इस दुर्घटना में चतरा जिला के लोढ़ा गांव निवासी शंकर यादव के पुत्र कृष्णा यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए फिलहाल रांची ले जाया गया है। मृतक अभिषेक पांडेय बड़कागांव प्रखंड में बजाज फाइनेंस कंपनी में लोन रिकवरी एजेंट के तौर पर कार्यरत था वहीं घायल कृष्णा यादव के बारे में जानकारी नहीं मिला है। घटना के समय दोनो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से टंडवा से बड़कागांव की ओर जा रहे थे इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दोनो युवक हाईवा संख्या जे एच 13 सी 3220 के चपेट में आ गए, जिसमे एक की मौत और एक घायल हो गया। इस घटना के बाद तत्काल केरेडारी टंडवा मुख्य पथ को जाम कर दिया गया। जाम बुधवार की शाम से 7 बजे से गुरुवार के दोपहर के 3 बजे तक बना रहा। जाम लगने के बाद इसे हटाने के लिए एवं पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलाने हेतु बड़कागांव अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल थाना प्रभारी अजीत कुमार के अलावे प्रमुख सुनीता देवी पेटो पंचायत के पसस अरविंद साव मुखिया कोशिल्या देवी गुरुदयाल साव प्रेमरंजन पासवान, जेएलकेएम के बालेश्वर कुमार, लिलाधन प्रजापति बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम एवं सर्व ब्राह्मण समाज टंडवा के उपेंद्र पांडेय राहम अजीत पांडेय केमो समेत अन्य पदाधिकारियों ने मृतक एवं घायल के परिजनों से सहमति लेते हुए ट्रांसपोर्टिंग कार्य कर रही प्रगति, पीएनएम व ऋत्विक कंपनी के प्रदीप नारायण मोहन गुप्ता व अन्य से वार्तालाप करके मृतक के परिजन को आर्थिक सहयोग के तौर पर साढ़े चार लाख रुपए एवं घायल के समुचित इलाज का प्रबंध कराने हेतु एक लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान करने की बात पर 18 घंटा बाद जाम हटा लिया गया जिसके बाद आवागमन चालू हो सका। ज्ञात हो कि उक्त सड़क पर जब कोल ट्रांसपोटिंग कार्य हो रही है तब से आए दिन लगातार लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। लोगों के अनुसार जिस स्तर पर टंडवा केरेडारी मुख्य सड़क से कोयला ढुलाई की जा रही है उस स्तर पर राहगीरों के सुरक्षा के लिए कारगार उपाय नहीं किए गए हैं।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा

(सामान्य शाखा)

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या – 01/2024 के आलोक में चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 25–09–2024 को लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। सफल अभ्यर्थियों की कोटिवार सूची दिनांक 26–09–2024 को कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर प्रकाशित कर दी गयी है।

सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक माप एवं दौड़ दिनांक 28–09–2024 को के0टी0पी0एस0 रोड, बांझेडीह, चन्दवारा, कोडरमा (चन्दवारा थाना के बगल) निर्धारित की गयी है।

सफल अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 28–09–2024 के पूर्वाह्न 6:00 बजे के0टी0पी0एस0 रोड, बांझेडीह, चन्दवारा, कोडरमा (चन्दवारा थाना के बगल) में अपने प्रवेश पत्र एवं रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त,
कोडरमा

PR 337228 District (24-25)_D

समाहरणालय सिमडेगा (सामान्य शाखा)

दिनांक–25.09.2024

चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2023

आवश्यक सूचना **(PR337016)**

चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 2023 के संशोधित औपबंधिक मेधा सूची (विज्ञापन संख्या–01/2023) में चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–28.09.2024 (शनिवार) एवं दिनांक–29.09.2024 (रविवार) को **St Mary's High School Samtoli, Simdega** के खेल मैदान में शारीरिक दक्षता जाँच परीक्षा आयोजित की जायेगी। चयनित अभ्यर्थी प्रातः 4:00 बजे निम्नलिखित दस्तावेज के साथ **St Mary's High School Samtoli, Simdega** में उपस्थिति होना **सुनिश्चित करेंगे** :–

1. लिखित परीक्षा का प्रवेश–पत्र (Admit Card)।
2. मैट्रिक का अंक प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
3. मैट्रिक का बोर्ड प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
4. सिमडेगा जिला का निवास प्रमाण–पत्र ऑनलाईन निर्गत मूल प्रति।
5. जाति प्रमाण–पत्र ऑनलाईन निर्गत मूल प्रति।
6. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) का प्रमाण–पत्र ऑनलाईन निर्गत मूल प्रति।
7. सिविल सर्जन द्वारा निर्गत दिव्यांग प्रमाण–पत्र का मूल प्रति।
8. झारखण्ड ओलंपिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध संघों द्वारा आयोजित अधिकारिक राज्य चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में द्वितीय/तृतीय स्थान से संबंधित प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
9. अद्यतन दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो जिसके पीछे नाम एवं रोल नम्बर अंकित हो।

❖संबंधित दस्तावेजों का एक स्व0 अभिप्रमाणित छायाप्रति प्लास्टिक फोल्डर में तैयार कर सभी अभ्यर्थी लाएँगें।

उपरोक्त दस्तावेज के अभाव में अभ्यर्थी का प्रवेश अमान्य होगा।

शारीरिक दक्षता जाँच हेतु अनुक्रमांक

दिनांक–28.09.2024 (शनिवार) स्थल– **St Mary's High School Samtoli, Simdega.**

रिर्पोटिंग समय प्रातः 4:00 बजे

अनुक्रमांक

5	12	13	19	21	24	26	30	41
65	81	82	83	106	113	115	140	144
152	153	155	160	175	176	184	188	195
197	211	214	218	232	234	266	273	280
282	283	284	298	313	317	322	328	330
339	357	363	364	365	366	378	379	383
387	395	422	427	431	432	434	447	465
468	490	494	495	535	543	569	579	580
583	599	600	630	636	638	640	641	647
648	661	664	667	669	670	674	676	680
681	682	688	697	698	707	710	711	719
720	729	730	739	782	796	810	825	830
847	874	891	892	929	936	952	957	964
995	1003	1030	1034	1039	1045	1048	1051	1056
1057	1059	1060	1068	1072	1074	1093	1132	1133
1164	1175	1186	1199	1202	1206	1208	1211	1212
1216	1217	1218	1237	1238	1240	1252	1269	1278
1279	1285	1294	1299	1306	1326	1352	1353	1364
1365	1366	1370	1389	1398	1402	1432	1437	1445
1446	1461	1463	1477	1481	1485	1487	1490	1491
1492	1502	1506	1534	1545	1546			

शारीरिक दक्षता जाँच हेतु अनुक्रमांक

दिनांक–29.09.2024 (रविवार) स्थल– **St Mary's High School Samtoli, Simdega.**

रिर्पोटिंग समय प्रातः 4:00 बजे

अनुक्रमांक

1547	1551	1555	1563	1567	1603	1613	1621	1641
1649	1658	1661	1672	1674	1677	1692	1699	1723
1735	1750	1751	1759	1770	1774	1790	1805	1806
1812	1814	1816	1817	1834	1836	1843	1860	1869
1871	1872	1874	1877	1879	1880	1889	1902	1905
1910	1919	1920	1931	1933	1935	1939	1942	1946
1949	1951	1953	1954	1956	1957	1958	1966	1967
1971	1974	1976	1983	1984	1986	1987	1990	1991
1993	1994	2004	2013	2044	2051	2068	2102	2103
2108	2112	2131	2149	2159	2160	2165	2166	2193
2195	2201	2202	2206	2207	2209	2213	2233	2235
2236	2264	2265	2266	2271	2275	2293	2296	2311
2343	2345	2348	2350	2351	2352	2355	2357	2369
2421	2424	2433	2435	2481	2496	2499	2500	2509
2529	2530	2549	2561	2562	2565	2570	2571	2572
2581	2584	2586	2593	2612	2613	2614	2615	2616
2623	2634	2635	2637	2645	2646	2647	2648	2649
2654	2655	2680	2683	2684	2694	2696	2708	2731
2746	2766	2780	2793	2798	2817	2839	2840	2844
2852	2859	2886	2888	2890	2906	2907	2909	2954
2962	2966	2980	2985	2987	2993			

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, सिमडेगा।

PR.NO.337141 Simdega(24-25):D

रक्तदान महादान है, अधिक से अधिक लोग करें रक्तदान : विधायक भूषण बाड़ा

ब्लड डोनर ग्रुप अल फलाह सोसाइटी के तत्वावधान में सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : शहर के भट्ठीटोली में गुरुवार को ब्लड डोनर ग्रुप अल फलाह सोसाइटी के अध्यक्ष कुबेर शाहिद के अगुवाई में सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्?य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काट कर किया। उन्होंने कई लोगों को विधायक ने मोमेंटे देकर सम्?मानित भी किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है, क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। ब्लड बैंकों में रक्त के आवश्यकता की निरंतर पूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह होना जरूरी है। उन्?होंने कहा कि सेवाभाव के लिए कोई उम्र और मजहब नहीं होता। हौसला व जज्बा हो तो मंजिल मिल ही जाती है और जरूरतमंदों की मदद करने की ठान लिया हो तो ईश्वर भी रास्ता खुद ब खुद बनाती है। विधायक ने कहा कि आज अल फलाह सोसाइटी का ब्लड डोनर ग्रुप द्वारा खून की जरूरत को पूरा करने के लिए शुरू किया गया सफर लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। न सिर्फ ऐसे दिनों में बल्कि कोरोना काल में भी संस्था से जुड़े लोगों ने दिन रात सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरतमंदों को खून देकर जान बचाने की सराहनीय मुहिम चलाई थी। जिसकी जितनी भी सराहना की जाय कम है। संस्था के इस ब्लड डोनर ग्रुप ने जिले को एक नई पहचान दिला दी है। उन्होंने कहा कि आज संस्था के पहल पर हर धर्म और हर समाज के लोगों को आसानी से समय पर खून उपलब्ध हो पा रहा है। कहते हैं धरती में रहने वाले गरीब और लाचार लोगों में ही ईश्वर बसते हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा मानी जाती है। इसलिए जब भी ऐसे मौका मिले आप कभी भी पीछे न हटें। विधायक ने कहा कि गरीबों और लाचार लोगों की मदद करने में जो सुकून मिलता है। वह लाखों करोड़ो खर्च करने के बाद भी मिलना मुश्किल है। विधायक ने लोगों से अपील है कि अपने इस मदद के कार्य को निरंतर जारी रखें। संस्था से जो लोग नहीं जुड़े हैं वे भी मदद के लिए आगे बढ़ें। अगर हम में से प्रत्येक व्यक्ति लोगों की मदद करना सिख जाएं, अपने अंदर इस भावना को जगा लें तो उसी दिन से हमारे आसपास से दुखी और मुसीबत गायब हो जाएगी। सब तरफ खुशियां होंगी। दुख और गम हमारे आसपास के लोगों को छू भी नहीं पायेगा। पूरा क्षेत्र तरक्की का गीत गायेगा। हर वर्ग हल पल हंसता रहेगा मुस्कुराता रहेगा। मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष खूबैब शाहिद, मौलाना मिन्हाज, मो ग्यास, अजीमुल्लाह अंसारी, कुडमी संस्कृति विकास समिति रक्तदाता समुह जमशेदपुरके केन्द्रीय अध्?यक्ष समन कुमार महतो, मो साजिद, अफराज आलम, मुर्शीद, मो जियाउल हक, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), नगर प्रभारी सह महासचिव शशि गुड़िया,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, सबर कुमार महतो, शाकिब साहब, अफरोज आलम, हाजी सलीम साहब, कुबेर शाहिद, सेंट्रल अंजुमन के ग्याश साहब, अजीमुल्ला साहब, डा.इम्तियाज हुसैन आदि शामिल थे।

हेमन्त बिस्वा शर्मा के समक्ष रमेश कुमार साहू अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा में होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह लोहरदगा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिनांक 27 सितंबर 2024 को, मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर (बरवा टोली) के अध्यक्ष व तेली समाज के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष तथा कई सामाजिक संगठनों से जुड़े रमेश कुमार साहू अपने समर्थकों, प्रशंसकों व शुभचिंतकों के साथ समाहरणालय मैदान में सरकार परिवर्तन का शंखनाद करने आ रहे असम के फायर ब्रांड मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा एवं झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि श्री साहू दिन के 11:00 बजे अपने 700 से अधिक समर्थकों के साथ सैकड़ों (टू व्हीलर) मोटरसाइकिलों में सवार होकर दुर्गा मंदिर बरवा टोली से गाजे बाजे के साथ मिशन चौक, अप्पर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, पावरगंज, बाबामठ, मैना बगीचा होते हुए कार्यक्रम स्थल सम्प्रणालय मैदान में पहुंचकर सदस्यता ग्रहण करेंगे, साथ ही साथ कई मंदिरों में अपना माथा टेकते हुए महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगे। इन सभी के सदस्यता ग्रहण लेने पर, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ,राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, पूर्व विधायक रांची गुलशन अजमानी, पूर्व मंत्री सधनु भगत, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश भाजपा मंत्री मुनेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश मंत्री अजाद शत्रु आदि ने साहू एवं उनके समर्थकों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इनकी भाजपा में शामिल होने से जहां मजबूती मिलेगी वहीं युवाओं के जुड़ने से राष्ट्र भी और ज्यादा मजबूत होगा।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच को केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा : जयप्रकाश शर्मा

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): समाज सेवा की अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 01 अक्टूबर को, झारखंड के लिए गौरवपूर्ण दिन होने वाला है जब भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर जयपुर, राजस्थान में आयोजित होने वाले गैर-सरकारी संस्थानों का कान्क्लेव में झारखंड से प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग एवं झारखंड एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा पूरे प्रदेश से रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु मंच का नामांकन भेजा गया था। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सफल नेतृत्व में इस वर्ष 128 से ज्यादा जगहों पर रक्तदान शिविर लगा कर 7500 यूनिट से ज्यादा खून एकत्रित किया गया।कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल मंच का प्रतिनिधित्व करेंगे जिन्होंने अब तक 97 बार रक्तदान कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। जय प्रकाश शर्मा ने प्रांत के 85 शाखाओं, प्रांतीय पदाधिकारियों और युवाओं को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि युवा वर्ग रक्तदान को ले कर जागरूक हो रहे हैं, सभी को समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।

बीडीओ ने की कैरो थाना परिसर में आगामी त्यौहार नवरात्र, दुर्गा-पूजा को लेकर शांति समिति की किया बैठक

कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी त्यौहार नवरात्र व दुर्गा पुजा को लेकर 26 सितंबर गुरुवार को कैरो थाना परिसर मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता एवं एस0 आई0 मनोज कुमार प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, 20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव व शांति समिति सदस्यों की उपस्थिति मे प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक मे आगामी त्योहार नवरात्र व दुर्गा पूजा शांति व सौहार्द के साथ संपन्न करने को लेकर बैठक मे की गई चर्चा। इस अवसर पर कैरो प्रवि पदा0 सुश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड से आये विभिन्न पंचायतों के समिति सदस्यों से अपने-अपने ग्राम व पंचायत मे दुर्गा-पूजा व मुर्ति विसर्जन पर होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी समिति सदस्यों से लिया। विदित है कि 06 पंचायत के प्रखंड क्षेत्र मे 03 प्रमुख स्थान हनहट,कैरो व नगजुवा रेलवे स्टेशन पर दुर्गा पुजा विगत कई वर्षो से होते आ रही है। इन तीनो पुजा पंडाल के समिति सदस्यों ने पुजा पर होने वाले कार्यक्रम को विस्तार पुर्वक बैठक मे बात कही। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आप सभी पुजा पंडाल के पदाधिकारी अपने-अपने पुजा पंडाल पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं,साथ ही पंडाल पर किसी भी प्रकार का आपतिजनक या अश्लील गाना न बजाएं। बैठक मे शांति सौहार्द के निमित और भी आवश्यक चर्चा की गई। मौके पर उपरोक्त के अलावा विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, नजीर आलम खान, बजरंग उराँव, विवेक प्रजापति, कैलाश महतो, कैरो मुखिया वीरेंद्र महली, नरौली मुखिया अरविंद उराँव, कैरो माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति के शंभू सोनी, बजरंग प्रसाद, हनहट से मोहन साहू, नगजूवा से रामबुझावन गुप्ता, मणिन्द्र शाह, प्रवीण साहू, कैरो प्रखंड अन्जुमन के सदर जमील अख्तर, मोजाहिर अंसारी, समीरुद्दिन अंसारी, शहीद अंसारी, इम्तियाज अंसारी इत्यादि बैठक में उपस्थित थे।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ने लरंगों गांव में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लरंगों गांव में 200 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री अभिनव सिद्धार्थ के करकमलों द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य गांव में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और ग्रामीणों को निर्बाध विद्युत सेवा प्रदान करना है। इस अवसर पर श्री सिद्धार्थ ने कहा यह ट्रांसफार्मर लरंगों गांव के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गांव के विकास को गति मिलेगी और लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। उद्घाटन समारोह में स्थानीय ग्रामीण और कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गांव के लोगों ने इस पहल के लिए श्री अभिनव सिद्धार्थ का आभार व्यक्त किया, क्योंकि यह ट्रांसफार्मर उनके बिजली से संबंधित समस्याओं को दूर करेगा और क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगा। यह 200 केवी ट्रांसफार्मर क्षेत्र में बिजली की निरंतर आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा, जिससे खेती, व्यापार और घरेलू कार्यों में आसानी होगी। इस परियोजना से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी और स्थानीय विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी, यूथ कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जीलानी, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष तारीख अनवर, सिराज अंसारी, लछु उराव, गौतम अनवर अंसारी समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

जलडेगा में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जलडेगा प्रखण्ड के पतिअम्बा पंचायत अंतर्गत किनिरकेला ग्राम में ग्राम सभा बैठक किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से केन्द्रीय प्रभारी सोहनलाल कुमार जिला ग्राम सभा मंच से समर्पण सुरीन जुनास तोपनो मौजूद थे। बैठक में मुख्य अतिथि श्री सोहनलाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जंगल जमीन का मलीक ग्राम सभा है ग्राम सभा को सीधे सिंगबोंगा से इसका अधिकार प्राप्त है। आगे वनाधिकार कानून 2006 के तहत कहा कि ग्राम सभा को 2 प्रकार का अधिकार है 1. व्यक्तिगत 2.सामुदायिक वन अधिकार, सामुदायिक में दो प्रकार का है - 1 सामुदायिक वन अधिकार (CFR)2. सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार (CFRR) पट्टा देने का प्रावधान है परन्तु सरकार उपयोगिता केवल दे रहे हैं मलिकाना हक देने से इंकार कर रहे हैं जिसके लिए हमें सशक्त होकर हक के लिए लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। यह आदर्श ग्राम है जंगल बचाने के प्रति जिसके लिए सभी समितियों को सशक्त एवं मजबूत रहने हेतु दिशानिर्देश दिया गया। जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा अध्यक्ष श्री समर्पण सुरीन ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 अनुच्छेद 13 एवं अनुच्छेद 244 में गांव सभा को प्रशासन और नियंत्रण का अधिकार प्राप्त है बौजूद आज ग्राम सभा की स्थिति दयनीय है और पंचायत एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम सभा के नाम कुछ चुनिंदा लोगों को हमारी हक का हिस्सा को फायदा दिलाने का काम कर रही है परन्तु इसपर कोई गांव को जागरूक करने के पक्ष में ना होकर उल्टा लुटाने में संलिप्त हो जाते है। ग्राम सभा का अधिकार, पंचायत एवं ग्राम सभा के बीच में दूरी को लेकर चर्चा हुई साथ ही वन उपज, आदि में ग्राम सभा को महत्व नहीं देने पर भी चर्चा की गई साथ ही मानव तस्करी ,शिक्षा, व्यापार ,एवं सामाजिक बातों पर भी चर्चा किया गया, इन सब में कई प्रकार के कमियों को बताते हुए उस पर सुधार लाने की बातें कही गई, इसलिए अब जरूरत है खुद को जगाओं खुद जागरूक होकर गांव को जागरूक करने की और अन्यय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाने की तब होगी हमारे गांव में हमारी सरकार।

भाजयुमो के द्वारा सीजीएल पेपर लीक के विरोध में हेमंत सोरेन का फुंका पुतला

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला के अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में सम्हारणालय गेट के समीप जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा के गड़बड़ी को लेकर हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव जी ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनी है तब से लेकर युवाओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है किसानों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है।आदिवासियों पर अत्याचार किया जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड में दो दिन इंटरनेट को बंद कर के आम जनता से ले कर पूरे झारखंड के लोगो को परेशानी में डालने का काम किया गया हैं उसके बावजूद परीक्षा में गड़बड़ी किया गया और हेमंत सोरेन के द्वारा सीट को बेचने का काम किया गया है। वहीं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन का सरकार जब से बना हैं तब से ले कर आज तक युवा को ठगने का प्रयास किया गया हैं हेमंत सोरेन ने अपने घोषणा पत्र में जारी किया गया था की मेरी सरकार बनेगी तो युवाओं को पांच लाख नौकरी देंगे अगर नौकरी नहीं देंगे तो सरकारी भत्ता देंगे वही हेमंत सोरेन ने जेएसएससीसी सीजीएल का सीट को भी बेचने का काम किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, जगुन्नंदन पारीक, मिथुन कुमार, संभू सिंह, मीना बखला, निरंजन सिंह, भरत साहू, कमलेश कुशवाहा, यशवी ओ, जीवन उराव, मनोरंजन कुमार, सचिन सिंघानिया, सत्यम कुमार, विवेक चौहान, सरस्वती देवी, प्रदीप सिंह के साथ भाजपा कार्यकर्ता अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पीएम के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज गुरूवार को सेन्हा प्रखण्ड के उगरा पंचायत में नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि आगामी 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोहरदगा जिला के चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों जिनके भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, का ऑनलाईन शुभारंभ करेंगे। ये विद्यालय कैरो, किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखण्ड में नवनिर्मित भवनों में प्रारंभ होंगे। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री जिला के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत भी करेंगे। आज इस मौके पर उपायुक्त द्वारा सेन्हा प्रखण्ड में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया और ऑनलाईन शुभारंभ और टू-वे कम्युनिकेशन हेतु विशेष निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सेन्हा को दिये गये। जिला कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा को अन्य तीनों विद्यालयों के भवनों व विद्यालय परिसर के निरीक्षण और अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू व अन्य उपस्थित थे।

चापाबारी, कुरडेग में बुजुर्ग दिवस के अवसर पर होने वाला है बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता शुरू

उद्घाटन मैच में गोंडवाना छात्रावास खैरनटोली ने फरसापानी को 2-1 से किया पराजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा के तत्वावधान में बुजुर्ग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला सामाजिक स्तरीय 14वां हॉकी प्रतियोगिता का किया गया आगाज। उद्घाटन मैच गोंडवाना छात्रावास और फरसापानी के बीच खेला गया। चिर प्रतिद्वंद्वी मैच में गोंडवाना छात्रावास ने फरसापानी को 2-1 से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। आज पहले दिन कुल पाँच मैच कराया गया। इससे पहले उद्घटान मैच के अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर सभी टीम को अनुशासन में रहकर मैच खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घटान सत्र के मुख्य अतिथि हेठमा पंचायत के पंचायत सचिव अनमोल लकड़ा ने कहा कि आज खेल बस मनोरंजन का माध्यम बस नहीं रह गया है। खेल से आप देश- दुनिया में पहचान बना सकते हैं। अपने परिवार- समाज को आर्थिक रूप से मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। विकास मंच के संरक्षक सह सिमडेगा हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी ने खिलाडियों को कहा कि यह आयोजन खिलाड़ीयों को एक अच्छा मंच देने और समाज के युवाओं को एकजुट करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। आप सभी एकजुट हों खेल को जीवन में सफल होने का माध्यम बनाएं और मेहनत करते रहें। आपको जरूर सफलता मिलेगी। उद्घटान सत्र में गोंडवाना विकास मंच के भुनेश्वर बेसरा, त्रिभुवन भोय ने भी अपनी बात रखी। बुजुर्ग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मैच 1 अक्टुबर 2022 तक चलेगी। 1 अक्टुबर बुजुर्ग दिवस के अवसर पर फाइनल मैच खेला जाएगा। इस दिन समाज के बुजुर्ग व्यक्तियों की पुजा होगी और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। आयोजन समिति के लोगों ने कहा कि जो भी बालक-बालिका टीम खेल प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं अभी भी अपना टीम का रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने में कामेश्वर भोय, योगेंद्र बेसरा, नंदकिशोर भोय, सुरेंद्र मांझी, मधुसूदन मांझी, जयनंदन मांझी, गणेश मांझी, त्रिभुवन भोय सहित पूरी टीम लगे हुए हैं।

रोहित उरांव के प्रयास से सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल मरीज का किया जा रहा है बेहतर ईलाज

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): किस्को प्रखंड के ग्राम नूरी नवाडीह निवासी मो शहीद परवेज अंसारी पिता इस्लाम अंसारी उम्र 50 वर्ष घर से लोहरदगा जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमे मरीज को सर एवं अन्य जगहों में गंभीर चोटें है जिसके ईलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती किया गया। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। परिजनों के द्वारा माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से संपर्क किए एवं उनके परिजनों के द्वारा बेहतर इलाज की बात की गई जिसमे रोहित उरांव के द्वारा तत्काल अपने तरफ से आर्थिक सहायता के साथ अस्पताल प्रबंधक से बात कर डॉक्टर एवम अपने अस्पताल प्रभारी खान को रिम्स अस्पताल में उचित ईलाज की बात किए। साथ ही त्वरित कार्य करते हुए मरीज के लिए बेहतर ईलाज की वस्वाथा किया गया। एवं डॉक्टर की निगरानी में मरीज का इलाज किया जा रहा है। अभी मरीज काफी हद तक स्वस्थ है। रोहित उरांव ने कहा कि मरीज के ईलाज के लिए हर संभव मदद किया जायेगा। इस कार्य के लिए परिजनों के द्वारा रोहित उरांव का आभार प्रकट किए।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 18 से 21 वर्ष के लाभार्थियों के लिए विशेष शिविर आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के संकल्प तथा राज्य अंतर्गत विभागीय संकल्प के माध्यम से निर्गत संचालन प्रक्रिया द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में दिनांक 27.09.2024 को जिला के विभिन्न स्तर के विद्यालयों, प्लस टू उच्च विद्यालयों एव इंटर कॉलेजों में शिविर आयोजित कर 18 से 21 वर्ष की छात्राओं से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। यह शिविर भण्डरा प्रखण्ड में राजकीयकृत ब्रम्ण्डीहा उच्च विद्यालय चट्टी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भण्डरा, लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भण्डरा, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय बिटपी, कैरो प्रखण्ड के डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो, किस्को प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय किस्को, आदर्श विद्यालय किस्को, एसएस उच्च विद्यालय किस्को, कुडू प्रखण्ड के गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय माराडीह, जनता इंटर कॉलेज टाटी, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुडू, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कुडू, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय सलगी, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा, राजकीयकृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय इरगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय बलिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा, ईआइएमए इंटर कॉलेज लोहरदगा, इंटर कॉलेज, एमएलए विमेंस कॉलेज लोहरदगा, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा, मनोहर लाल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज लोहरदगा, पेशरार प्रखण्ड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मुंगो, सेन्हा प्रखण्ड के राजकीयकृत नंदलाल उच्च विद्यालय अरू, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, केजीबीवी सेन्हा, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में लगाया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों/ अंचल अधिकारियों, नगर परिषद प्रशासक, कॉमन सर्विस सेंटर के प्रबंधकों को सभी शिविर में वीएलई प्रतिनियुक्त करने, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका के माध्यम से शिविर के पूर्व 18 से 21 वर्ष के लाभार्थियों के बीच आवेदन पत्र का वितरण करने, जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक समन्वय स्थापित कर शिविर का संचालन करने का निदेश दिया गया है।

दिनेश भगत के नेतृत्व एवं सीता पुष्पा के मार्गदर्शन में चलाया गया रेस्क्यू अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला प्रशासन एवं द पैन इंडिया बचाव और पुनर्वास अभियान के संचालन 1986 लोहरदगा जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के नेतृत्व एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में दिनांक 26.09.2024 को धावा दल के द्वारा कुडू प्रखंड के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस क्रम में क्षेत्र में गैरेज/ढाबा तथा बाजार में गश्ती एवं रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू अभियान में बाजार टांड कुडू से मुरी फैक्ट्री मिल से 02 बालकों को रेस्क्यू किया गया, जिसमें 01-बाल श्रमिक एवं 01- किशोर श्रमिक है। साथ ही साथ बाल श्रम विषय पर जागरूकता एवं पंपलेट चिपकाए गए। बाल श्रम के अंतर्गत कानूनी पहलू निम्न है। बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 का संशोधन है। इस अधिनियम के तहत,बाल श्रम पर कई तरह के प्रतिबंध और नियम लागू किए गए हैं। इस अधिनियम के तहत, 6 से 14 साल के बच्चों को किसी भी तरह के काम में नियोजित नहीं किया जा सकता है। 14 से 18 साल के बच्चों को खतरनाक कामों में नियोजित नहीं किया जा सकता। इस अधिनियम के तहत,अवैध रूप से काम कराए गए बच्चों और किशोरों के पुनर्वास के लिए जिला स्तर पर बाल एवं किशोर श्रम पुनर्वास कोष बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, बच्चों और किशोरों को काम पर रखने वालों के लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान है। यह अधिनियम, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ढ्रब्ह) के कन्वेंशन के कानूनों के अनुरूप है कोई भी व्यक्ति जो इस अधिनियम और बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम,1986 में उल्लिखित नियमों का पालन किए बिना किसी बच्चे या किशोर को काम पर रखता है या उसे काम करने की अनुमति देता है, उसे छह महीने से दो साल तक की कैद या 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इस अधिनियम के तहत, बाल श्रम को रोकने के लिए कई तरह के उपाय किए जा सकते हैं। बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है।

चलते चलते एक नजर

झामुमो की बढ़ती ताकत से परेशान है विपक्ष : मंत्री मिथिलेश

गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झामुमो जिला कमेटी गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार की संध्या गढ़वा प्रखंड कार्यालय के समीप मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग एक हजार युवाओं ने झामुमो का दामन थामा। जबकि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आवास पर गढ़वा प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बाना एवं ईदगाह टोला के 200 से अधिक नवयुवकों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। उपस्थित लोगों ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी में हर रोज काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। जिससे झामुमो की ताकत लगातार और भी बढ़ती जा रही है। झामुमो की इस बढ़ती ताकत से विपक्ष पूरी तरह से परेशान है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता विकास विरोधियों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, परेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सर्पदंश से मृतकों के घर पैदल चलकर पहुंचे मंत्री मिथिलेश,परिजनों को दिया चार-चार लाख रुपए का चेक : गढ़वाः गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चिनियां प्रखंड के डोल पंचायत अंतर्गत चपकली गांव के नावानगर टोला में सर्प दंश से मृत तीन बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया। गुरूवार को मंत्री श्री ठाकुर चिनियां प्रखंड के अति दुर्गम सुदूरवर्ती नावानगर में पैदल चलकर मृतक बच्चों के परिजनों के घर पहुंचे। वहां मंत्री ने परिजनों का हाल-चाल लेते हुए उन्हें सांत्वना दी।ज्ञात हो कि गत छह सितंबर को नावानगर निवासी बंधु कोरवा के पुत्र पन्ना लाल कोरवा, सूर्यदेव कोरवा की पुत्री बेबी कुमारी एवं श्रवण कोरवा का पुत्र रामलाल कोरवा की सर्पदंश से मौत हो गई थी।

पलामू में हिट कर गया मंईयाँ सम्मान यात्रा

विधायक कल्पना सोरेन का स्वागत करने, देखने व सुनने के लिए उमड़ पड़ी भीड़, लोगों ने दिल खोल कर किया मंईयाँ सामान यात्रा का स्वागत

गढ़वा में मिथिलेश ठाकुर, पलामू में राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और लातेहार में मोतीलाल नाथ शाहदेव का रंग लाया मेहनत

रवींद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र

रांची : झारखंड सरकार शुरू किए गए मंईयाँ सम्मान यात्रा पलामू प्रमंडल में हिट कर गया। यात्रा की शुरुआत गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से की गई थी। यह यात्रा तीन दिनों तक गढ़वा, पलामू और लातेहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान यात्रा में शामिल कल्पना सोरेन मुर्मू और झारखंड सरकार के मंत्री बेबी देवी और दीपिका पांडे सिंह का भव्य स्वागत किया गया। पलामू गढ़वा और लातेहार का जनता ने मंईयाँ सामान यात्रा का अभूतपूर्व और ऐतिहासिक स्वागत किया। खासकर यहां की महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। इस दौरान यात्रा का नेतृत्व कर रहे मंत्री बेबी देवी ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। महिलाओं के हितों को देखते हुए भविष्य में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की राशि मे वृद्धि भी की जाएगी। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर वर्ष 12000 रुपए की राशि सीधे उनके खाते में दी जा रही है, जिससे वे स्वालंबन की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि जिन माताओं, बहनों का नाम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अब तक नहीं जुड़ पाया है, उनका भी नाम युद्धस्तर पर जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कुछ आंशिक त्रुटियों के कारण जिनका पैसा खाते में अब तक नहीं पहुंचा है, ऐसे लोगों के भुगतान प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को दूर कर जल्द से जल्द उनके खाते में राशि देने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाई गई है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की मंशा है कि झारखंड की माताएँ एवं बहने पूरे मान- सम्मान के साथ रहें। सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रयत्नशील है।उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में गढ़वा जिला समेत झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री रहते हुए गढ़वा जिले में ही नहीं, वरन पूरे राज्य में पेयजल के क्षेत्र में समुचित कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले गढ़वा जिला की छवि एक पिछड़े जिले के तौर पर होती थी, परन्तु अब माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में गढ़वा की सूरत बदल गयी है। सड़क, खेल मैदान, पार्क, नगर भवन समेत कई योजनाओं के तहत विकास कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, पर्यटन एवं कला संस्कृति विभाग की मिली नई जिम्मेदारी के तहत गढ़वा में खेलकूद एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्य किये गए हैं। आगे भी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में नित नए विकास के आयाम गढ़े जाएंगे। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि कि वर्तमान सरकार द्वारा आम जनों के हितों के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिये सौभाग्य की बात हैं कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना से जुड़ी महिलाओं के प्रति आभार प्रकट करने का मौक़ा उन्हें मंईयाँ सम्मान यात्रा के दौरान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि काफ़ी कम समय के लिए मिले दायित्वों का निर्वहन झारखंड के लोगों की सेवा कर कर रहीं हैं । कृषकों के हितों में कार्य करने का काम किया है। बड़ी संख्या में कृषकों के ऋष्ण की माफी कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में सीधे एक वर्ष में 12000 रुपये सिर्फ एक राशि ही नहीं है, बल्कि महिलाओं को अधिकार देने, उन्हें सम्मान देने एवं सशक्त करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा सेवा, सरोकार और सम्मान के तहत महिलाओं को उनका अधिकार झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के रूप में देकर सम्मानित करने का कार्य किया गया है। सरकार द्वारा चलायी जा रही सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से लाभुकों को लाभान्वित कर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच गरीब-गुरबा, पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा कल्याणकारी रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन,आवास व सभी प्रकार की बुनियादी विकास के लिए वर्तमान सरकार प्रतिबद्ध है।

मंत्री और जिला अध्यक्षों ने बहाया पसीना

पलामू गढ़वा और लातेहार में मंईयाँ सम्मान यात्रा की सफलता को लेकर गढ़वा के विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पलामू के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा और लातेहार के जिला अध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव ने एड़ी चोटी एक कर दिया और जमकर पसीना बहाया। इन लोगों का मेहनत इतना रंग लाया कि तीनों जिलों में मंईयाँ सामान्य यात्रा को अपार जन समर्थन प्राप्त हुआ। तीनों जिला के सभी प्रखंडों में समान यात्रा पहुंचा। सभी प्रखंडों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थानीय नेता भी काफी उत्साहित देखे गए। पलामू, गढ़वा और लातेहार में तो हर जगह तीर धनुष छाप का बैनर पोस्टर लहर रहा था। पलामू जिला के हर प्रखंड से लेकर गांव गांव तक में झारखंड मुक्ति मोर्चा का बैनर पोस्टर, हेमंत सोरेन व शिबू सोरेन का बैनर पोस्टर लगा हुआ था। पलामू जिला में मैया सम्मान यात्रा की सफलता सचमुच राजेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ गुड्डू सिंह की मेहनत के बदौलत सफल रहा। इसमें उनकी पूरी टीम का भी काफी योगदान देखा गया। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की पूरी टीम रात और दिन जागकर कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा।

हटिया विधानसभा में बदलाव की बयार

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

रांची : हटिया विधानसभा रांची लोकसभा का सबसे चर्चित विधानसभा सीट में एक है। 70 के दशक में यहां पहली बार विधानसभा का चुनाव हुआ था। तब से लेकर अब तक इस विधानसभा क्षेत्र को शहरीकरण नहीं किया जा सका। आज भी ग्रामीण परिवेश दूर-दूर तक देखने को मिलेगा। यूं कह ले कि हटिया की गिनती ग्रामीण क्षेत्र में आज भी होती है। थोड़ा बहुत डोरंडा, पिस्का मोड़ और उपहार सिनेमा हॉल रांची विधानसभा से सटे होने के कारण कुछ मॉल,स्टोर,सुंदर चौक चौराहा नजर आ जाएगा। जैसे ही इसे कुछ मीटर दूर आगे बढ़ेंगे तो आपको लहलहाते खेत, खलियान, झाड़, फूस कुछ कच्ची सड़कें, हाट बाजार, देखने को मिल जायेगा। लेकिन यहां के जितने भी विधायक हुए हैं, सभी का घर हटिया विधानसभा में हैं। लेकिन वे रांची विधानसभा के भीड़ भाड़ वाले शहर रांची में ही समय बिताना ठीक समझते हैं। हटिया विधानसभा क्षेत्र में डोरंडा से इटकी नगडी के बीच का कुछ गांव, पिस्का मोड़ उपहार सिनेमा हॉल के आसपास तक का क्षेत्रफल शामिल है।

महिला वोटर का बहुमूल्य योगदान

रांची लोक सभा चुनाव 2024 के अनुसार यहां 495 बूथ है। वोटरों की संख्या 4,99413 है। महिलाओं की संख्या 2,46865 और पुरुषों की संख्या 252525 है। थर्ड जेंडर की संख्या 23 और 11737 युवा वोटर हैं। इसमें बदलाव संभव है। हटिया विधानसभा में करीब 1लाख 38 हजार आदिवासी और 80 हजार के करीब मुस्लमान वोटरों के भरोसे न सिर्फ कांग्रेस बल्कि कई सेकुलर पार्टियां भी चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरती है। जिसमें आदिवासी और मुस्लमान उम्मीदवारों की संख्या देखने को मिल जायेगी। जिसका लाभ भाजपा को आसानी से मिलती है। हटिया विधानसभा में अधिकत्तर हार जीत का अंतर 10 से 15 हजार का ही रहा है। ये 10 से 15 हजार जो वोटर हैं वे ज्यादातर महिलाएं हैं। इसमें कुछ सरकारी नौकरी,स्वंय सहायता समूह और व्यापारी वर्ग भी शामिल हैं। इन सबका रुझान भाजपा की ओर रहता है। मुस्लिम वोटर कई हिस्सों में बंटे हुए मिलेंगे।आदिवासी वोटर मतदान के 12 घंटे पहले निर्णय लेते हैं कि उन्हें किसे मदद करनी है।

कौन-कौन हटिया के रहे हैं विधायक

भले हटिया विधानसभा से कोई मुसलमान अभी विधायक नहीं है, लेकिन 1952-57 में संयुक्त बिहार के समय जब रांची लोकसभा का पहला चुनाव हुआ था तो पहले सांसद इब्राहिम अंसारी थे। बहुत सालों बाद 1995 में दिवंगत सांसद इब्राहिम अंसारी के सुपुत्र मुमताज ने हटिया विधानसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए। 1977 जब पहली बार विधानसभा चुनाव हुआ तो अमानत अली जो कांग्रेस के पुराने नेता थे, इन्होंने चुनाव लड़ा। लेकिन वे जनता पार्टी चक्र छाप के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय से हार गए। सुबोध कांत सहाय दूसरी बार जनता पार्टी के छाता छाप से चुनाव लड़े 1981 में, 1984 में उन्होंने कांग्रेस के पीएन सिंह को हराया। 1989 में वे जनता दल से लोकसभा के चुनाव लड़े थे और कांग्रेस प्रत्याशी शिवप्रसाद साहू को हरा दिए थे।सुबोध कांत सहाय हटिया विधानसभा से तीन बार विधायक रहने के बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गये। इसके बाद हटिया विधानसभा पर भाजपा का कब्जा हो गया। रामजीलाल शारदा यहां से तीन बार विधायक हुए। इसके बाद कांग्रेस से युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव 2005-2009,और 2009-2010 विधायक रहे। इनकी मृत्यु के बाद उपचुनाव हुआ। और जेवीएम से नवीन जयसवाल चुनाव लड़े जीते और भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान विधायक नवीन पर बाबूलाल मरांडी ने दलबदल का मामला दर्ज कराये थे। अभी तक भाजपा से नवीन जयसवाल ही हटिया विधायक हैं।

क्या कहते हैं नेता

कांग्रेस के अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि पार्टी सर्वोपरी है। हटिया की हर गली, मुहल्ले में रहने वाले सभी के दुख,सुख में मैं परिवार की तरह शामिल हूं। युवाओं के साथ खड़ा हूं। इस बार हटिया की जनता इंडिया गठबंधन को विजयी बनायेगी। भाजपा के विधायक नवीन जयसवाल को फोन किये तो मोबाईल व्यस्त बताया, फिर स्वीच ऑफ।कांग्रेस नेता विनय सिन्हा ने बताया कि तैयारी पूरी है, टिकट मिलने की देरी है। अलोक दूबे ने कहा कि काम करने वाले में से हूं। कांग्रेस की जीत का परचम हटिया में लहराने के लिए तैयार हैं। किशोर नाथ शाह देव ने कहा कि हटिया में लंबे समय से काम कर रहे हैं। पार्टी टिकट देगी तो जीतकर भी दिखायेंगे। हुसैन खान ने कहा लोकसभा में मुसलमानों को मौका नहीं मिला है। इसलिए विधानसभा में मिलना चाहिए और मैं काम की बदौलत टिकट मांग रहा हूं।

वोटरों ने कहा

चंपा देवी ने कहा कि तीन बार का विधायक भले हो लेकिन पहले जैसा अब क्षेत्र में नहीं आते हैं।सुनिता कुमारी ने कहा चेहरा बदलना जरुरी है। इस्माइल खान ने कहा कि हटिया में विकास करने वाले विधायक की जरुरत है। दीपक मुंडा ने कहा कि नवीन जयसवाल को एक और मौका मिलना चाहिए। मनोज तूरी और गोपाल साहू ने कहा कि इस बार अजयनाथ शाहदेव चाहिए। वहीं विनोद सिन्हा, अरुण कुमार ने कहा रविन्द्र सिंह कौन हैं, कभी देखें नहीं हैं।

अजयनाथ या फिर नवीन को मिलेगा मौका ?

हटिया विधानसभा की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों मैदान में उतर चुके हैं। इस क्षेत्र से 700 वोट से लेकर 4000 वोट प्राप्त करने वाले नेता भी विधानसभा चुनाव लड़ने की दावा पेश कर रहे हैं। हालांकि अभी जो तस्वीरे सामने है, इसमें भाजपा के नवीन जायसवाल है जो शुरुआत में आजसू से विधायक चुने गए थे। फिर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की पार्टी जेवीएम में शामिल हो गए और जेवीएम से फिर भाजपा का दामन थाम लिये। तीन बार से वे हटिया विधानसभा के विधायक रहे हैं। दूसरे नंबर पर कांग्रेस से अजय नाथ शाहदेव रहें हैं। अजय नाथ शाहदेव शुरुआत में जेवीएम से चुनाव लड़े और हारे। इसके बाद कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन टक्कर देते रहें हैं। 2019 में अजय नाथ शाहदेव तीसरे राउंड तक नवीन जायसवाल से 18122 वोट से आगे थे। इसी तरीका से अजय नाथ शाहदेव 99167 वोट लाये और नवीन जायसवाल को मिला 1,15431 वोट। यानी अजय नाथ शाहदेव करीब 16264 वोट से हार गए। वहीं सीपीआई माले के उम्मीदवार रहे अब दिवंगत सुभाष मुंडा को 14215, आजसू प्रत्याशी भारत काशी को मात्र 9357 वोट मिले थे।बाकी अन्य को भी कुछ वोट प्राप्त हुए थे। सुभाष और भरत को जो वोट मिले थे वे सभी आदिवासी, मुसलमानों के वोट थे। इस बार स्व. सुभाष मुंडा के जगह कौन होंगे ये तय नहीं है। भरत काशी की पार्टी आजसू, भाजपा के साथ है। ऐसे में भरत काशी निर्दलीय चुनाव लड़ने के मुड में हैं।

इन लोगों की हो सकती है इंट्री

हटिया विधानसभा के लिए फिलहाल कांग्रेस से अजय नाथ शाहदेव और भाजपा से नवीन जायसवाल का नाम सामने है। लेकिन कांग्रेस के कई नेताओं ने हटिया विधानसभा से अपनी उम्मीदवारी के लिए प्रस्ताव अपने प्रदेश अध्यक्ष को दिए हैं। जिनमें आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, हुसैन खान, विनय सिन्हा दीपू, अभिलाष साहू, रविंद्र सिंह,प्रेम प्रकाश शाहदेव, एनुअल हक के नाम की चर्चा है। बाकी और नाम अभी आनी बाकी हैं।

खेतो को बंजर बना रहा पार्थेनियम घास, बढ़ते पार्थेनियम घास से किसान चिंतित

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी प्रखंड क्षेत्र में बढ़ते खर-पतवार पार्थेनियम घास (गाजर घांस) से किसान चिंतित हैं। पार्थेनियम घास अब खेतों में भी उग रहा है। इस खर-पतवार घास के कारण फसलें समय के साथ फल-फूल नहीं रहे हैं। इससे धान और सब्जी की फसल नष्ट होने की आशंका है। पहले नाली-नालों के आसपास मिलती थी। इसके बाद कॉलोनियों के आसपास और फिर घर के बागानों तक फैल गई। अब सड़क किनारे ज्यादा तर घांस दिखाई दे रहा है। जानकारों के माने तो पार्थेनियम घास दूसरे घांसो को पनपने से रोकता है और खुद तीव्रता से फैलता रहता है। किसान छोटू पाहन, कृष्णा महतो ने बताया कि यह घास खेतों तक पहुंच गई तो फसल को नष्ट कर देगी। उन्होंने कहा कि यह तेजी से पनपने वाली विषैली घास है। जिसे रोकथाम की बहुत आवश्यकता है। किसान किशुन मुंडा ने बताया कि पार्थेनियम घास खेतों के साथ-साथ मनुष्य और पशुओं के लिए भी गंभीर समस्या बनती जा रही है। ये घास का अजीब सा गंध है। इसके बाबजूद यदि कोई पशु खा लेता है, तो वह गंभीर रूप से बीमार हो जाता है। उन्होंने बताया कि यह एकवर्षीय शाकीय पौधा है, जो हर तरह के वातावरण में तेजी से उगकर फसलों को नुकसान पहुंचाता है। यह घांस अब हर जगहों पर दिखाई देने लगा है और तेजी से अपना पांव पसार रहा है। जिसे नष्ट करने की पहल अबतक नहीं हो रही है।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैकलुस्कीगंज के डॉ रविंद्र कुमार ने बताया कि बरसात के दिनों काफी तेजी से पनपने वाला पार्थेनियम एक यूरोपियन घास है। इसे भारत में गाजर घास के नाम से जाना जाता है। यह हानिकारक घास है। इससे मनुष्यों में सांस की बीमारी एवं त्वचा से संबंधित समस्याएं हो सकती है।

इस विनाशकारी खर-पतवार को समय रहते नियंत्रण में लाना बहुत आवश्यक

इस विनाशकारी खर-पतवार को समय रहते नियंत्रण में लाना बहुत आवश्यक है। उक्त बातें तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष महली एवं विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी ने कही। उन्होंने बताया कि इस पौधे का बीज छह-सात दशक पहले अमरिकी गेहूं के प्रभेद के साथ आया था। अब संभवतः देश के हर हिस्से में पार्थेनियम घास है। झारखंड में भी इसके कारण खेती प्रभावित हो रही है। साथ ही जन-स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है।

फसलों के साथ मानव-पशुओं के लिए हानिकारक पार्थेनियम घांस

भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी खलारी ने बताया कि पार्थेनियम घास एक विनाशकारी पौधा है। यह जमीन को बंजर बनाने के साथ-साथ फसल की भी दुश्मन है। उन्होंने बताया कि मवेशियों के लिए यह काफी हानिकारक घास है। पार्थेनियम घास को यदि कोई मवेशी खा लेती है तो गंभीर रूप से बीमार हो जाएगा।

सीसीएल सीकेएस ने पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के द्वारा गुरुवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष 17 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव चंद्रा और संचालन दिलीप गोस्वामी ने किया।इस दौरान विरोध प्रदर्शन मे शामिल युनियन के लोगो ने जमकर नारेबाजी की।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित युनियन के सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य एसके चौधरी ने कहा कि सीसीएल मे भ्रष्टाचार चरम पर है।मजदुरो का काम नही हो रहा है,जिसके कारण मजदुर काफी परेशान है।उन्होंने कहा कि पिपरवार

कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल कर्मचारी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।कोयला मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर यूनियन के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया।इस अवसर पर उमेन्द्र कुमार,मिथलेश सिन्हा, अमित कुमार,सुरेश तिवारी समेत अन्य लोगों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रमोद प्रसाद,महेंद्र केवट,रामलाल राम,संतोष गिरि,बासुदेव गंझू,गिरजा मांझी,बिनोद सिंह,तीरथ पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

जंगली भालू के हमले से यूवक गंभीर रूप से घायल

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखण्ड के दोबाडू निवासी बुधराम महतो को बुधवार के रात को जंगली भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक वे बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के हरी मंदिर से अपने घर जा रहे थे उसी दौरान

घर के समीप रास्ते में जंगली भालू ने हमला कर दिया जिससे वो गम्भीर रुप से घायल हो गये। ग्रामीणों से घटना की जानकारी मिलते ही विभाग के बनरक्षी गौतम बोस ने एम्बुलेंस से घायल को सिल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकत्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स में भेज दिया। वहीं गांव के ऋषिकेश महतो ने बताया कि क्षेत्र में जंगली भालू की संख्या बढ़ी है जिससे अब जंगली भालू जगलों से उतर कर गांव की ओर आ जाते है। पिछले साल भी गांव के दो लोगो को जंगली भालू ने गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं वनरक्षी गौतम बोस ने बताया कि कागजी कार्रवाई के बाद मुआवजे की राशि दी जायेगी।

विधायक ने बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी एवं बीआरसी कर्मीयों को किया सम्मानित

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्टेडियम परिसर में सिल्ली के बीपीओ, बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन), सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) और प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मीयों को उपहार देकर सम्मानित किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा विभाग में बीआरपी , सीआरपी एवं बीआरसी कर्मी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे शिक्षकों को प्रशिक्षण, संसाधन और समर्थन प्रदान करते हैं, जिससे वे अपने छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। वहीं बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी एवं बीआरसी कर्मीयों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक द्वारा सम्मानित करने से उनकी मेहनत और समर्पण को पहचान मिलती है और उन्हें आगे भी अपने काम में उत्साह और प्रेरणा मिलेगी । इस मौके पर बीपीओ कृष्णा हेम रोम, लेखापाल रजनी बाड़ा, बीआरपी संगीता टोप्पो, मेघनाथ राम सीआरपी कल्याणी कुमारी, विंध्याचल राय, अजय महतो, दिलीप कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, मो हासिम, कम्प्यूटर आपरेटर राजेश सेठ, प्रदीप कुमार महतो, प्रेम महतो आदि उपस्थित थे।

कर्रा खूंटकटी गांव पहाड़ टोली मे धूमधाम से मना जितिया पर्व

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के खूटकटी गांव पहाड़ टोली में बुधवार रात्रि गुरूवार सुबह को धूमधाम से जीवित्पुत्रिका (जितिया) पर्व मनाया गया. पुजारी उपेंद्र पहन द्वारा विधि विधानसे पूजा कराया गया। बुधवारको दिन घर मां अपने बच्चों की लंबी आयु के लिए 24 घंटे का निर्जला उपवास रखी. इस पूजा में मिट्टी का

चल और सियारिन बनाकर जीमूतवाहन राजा की कथा सुनती है और अपने बच्चों की लम्बी आयु की कामना करती है. वही गुरुवार को महिला-पुरुष बूढ़े बच्चे सभी दिनभर अखरा में पारंपरिक वेशभूषा में नाच गान किया. इस मौके पर झामुमो केंन्द्रीय अध्यक्ष सुशील पाहन, पुष्कार पाहन, बमरजा मुखिया अनूप कुजूर, समाजसेवी वशीम अंसारी, ग्राम प्रधान बानसिंह मुंडा, राजेश मुंडा, जय मंगल मुंडा, लाल पाहन, राजेन्द्र मुंडा, महादेव मुंडा, मोहन सिंह मुंडा के अलावे पहाड़ टोली सहित आसपास गांव सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

पुंडीदीरी गांव में घर गिरने से परिवार के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न हुई, मुआवजे की मांग

तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत पुंडीदीरी गांव भारी बारिश के कारण एक घर गिरा।पुरे झारखंड सहित पांच परगना क्षेत्र पिछ्ले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र में लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है बारिश के कारण ग्रामीण सड़कें जल मग्न हो गया है नदिया उफान पर है गली मुहल्ले में बजबजाती नालियां में पानी भर जाने से कीड़े मकोड़ें भर गए हैं महामारी फैलने की पुरी संभावना है साथ ही क्षेत्र में कई मिट्टी के घर धाराशाई हो रहे हैं इसी क्रम में मूसलाधार बारिश के कारण पुड़ीदीरी निवासी सोमेश्वर दास का घर गिर गया है घर गिर जाने से भुक्तभोगी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पंचायत पुंडीदीरी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा स्थल जांचकर क्षतिपूर्ति घर मुआवजा देने की मांग की।बताते चलें कि इस झमाझम बारिश से जहां एक ओर लोग घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो गए हैं वहीं ग्रामीण सड़कों का बुरा हाल है लोगों को आवागमन में भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

सिल्ली में अष्टमी तिथि के दूसरे दिन भी जितिया पुजा का हुआ आयोजन

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली मुरी समेत आसपास क्षेत्रों में बुधवार को भी जितिया पुजा का आयोजन किया गया। मंगलवार और बुधवार दो दिनों तक अष्टमी तिथि होने के कारण इलाके में कई स्थानों पर मंगलवार को भी पुजा का आयोजन किया गया था। इधर बुधवार को इलाके कई स्थानों में सामुहिक पुजा का आयोजन किया गया। जहां व्रती माताओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान जीमूत वाहन की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जीवित पुत्रिका व्रत कथा का नियमानुसार श्रवण किया। पूजा के पश्चात बच्चों के मांथे पर तिलक चंदन लगाकर हाथों में मोली धागा बांधा एवं प्रसाद वितरण किया। व्रती माताओं ने सोमवार को नहाय-खाय के साथ पूजा की विधि विधान प्रारंभ की थी।

टाटीसिलवे व जूनियर केपीएल चैंपियंस ट्राफी फुटबाल के क्वाटरफाइनल में

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : टाटीसिलवे एफसी व जूनियर केपीएल की टीम 19वां चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुर्नामेंट के क्वारटरफाइनल में पहुंच गई। गुरूवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में विदेशी खिलाड़ियों से सजी टाटीसिलवे ने एफसी यूनाइटेड कांके को 2-1 से हराया। टाटीसलवे की ओर से तौहीद अहमद ने 10वें व रौशन केरकेटटा ने 39वें मिनट में गोल दागा। कांके की ओर से पंकज ने 33वें मिनट में गोल किया। टाटीसलवे की ओर से तीन विदेशी खिलाड़ी खेल रहे थे। मैन आफ मैच का पुरस्कार तौहीद अहमद को दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव मोहसीन खान व विशिष्ट अतिथि जनजाति सुरक्षा मंच के जिला सहसंयोजक उमेश कुमार बड़ाईक ने किया। दूसरे मैच में जूनियर केपीएल ने काफी रोमांचक मुकाबले में एएससीआर पतरातू को 1-0 से हराया। एकमात्र गोल केपीएल के सतीश ने दागा। मैन आफ दी मैच का पुरस्कार सचिन को दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि समाजसेवी मुन्ना सिंह ने किया। इस अवसर पर शैलेश मिश्रा, सांवर अग्रवाल, राजेन्द्र यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, प्रकाश यादव, अजय राज, शिवदास गोस्वामी, सौरव कुमार, राजन महतो आदि उपस्थित थे। 27 सितंबर को टाइगर जयराम स्पोटिंग व दूसरा मैच हेहल स्पोटिंग व जूनियर केपीएल के बीच खेला जाएगा।

विधायक ने रखी मांडर प्रखंड में कई योजनाओं की आधारशिला

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर प्रखंड अंतर्गत कुरकुरा-मंदरो से बाजार टांड़ से मैदान तक पीसीसी पथ एवं ग्राम सरवा मे देवी मंडप से संतु ठाकुर के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस दौरान विधायक ग्रामीणों से मिली उनका हाल जाना। साथ ही उनकी समस्याओ को सुना, कुछ समस्याओ को तुरंत निदान कराया एवं कुछ समस्याओ का निदान कराने का भरोसा दिलाया। विधायक ने ग्रामीणों को सम्बोधन करते हुए कहा कि रोड बनने के पश्चात ग्रामीणों को आने जाने एवं आवागमन करने मे कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ेगा। विधायक ने ग्रामीणों को हेमंत सरकार की सरकारी योजनाओ अबुआ आवास, सवित्री बाई फूलो योजना, वृद्धा विधवा पेंशन जैसे योजनाओं के बारे मे भी बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव बंधु टोप्पो, सरवा पंचायत अध्यक्ष बलदेव, मंदरो पंचायत अध्यक्ष सोमरा,अफसाना नसीम, माधुरी लकड़ा, बबलू एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।।।

लगातार हो रही बारिश के कारण मांडर प्रखंड क्षेत्र के बरगड़ी में कच्चा मकान गिरा, प्रखंड पदाधिकारी से लगाया गुहार

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरगड़ी के रामचंद्र लोहरा पिता सेवक लोहरा का कच्चा मकान अत्यधिक वर्षा के कारण गिर गया। रामचंद्र लोहरा अत्यंत गरीब हैं मजदूरी कर के घर चलता है छोटे छोटे बच्चे भी है लगातार बारिश के कारण उसका घर गिर गया है इस परस्थिति में उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वह उच्च अधिकारीयो से गुहार लगा रहा है की उसका आवास मिल जाए। लोगों ने बताया कि रामचंद्र व उसके पिता सेवक लोहरा अत्यंत गरीब हैं जो पैसे के अभाव में पक्का मकान बना नहीं पाए हैं, कई बार पंचायत में ग्राम सभा मे आवास के लिए आवेदन भी दिया लेकिन आवास का सूची में आने के बाद भी उनका नाम सूची से निकाल दिया गया। उनको सरकारी स्तर पर पदाधिकारी तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराएं, और अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास योजना से उनके मकान को बनवाने की मांग की है।

आजसू पार्टी सिल्ली नगर समिति ने सिल्लीडीह में किया बैठक

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) : आजसू पार्टी सिल्ली नगर समिति के द्वारा सिल्लीडीह ग्राम में गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, नगर अध्यक्ष भरत देव साय व ग्राम प्रभारी संजीव भगत शामिल हुए। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ ही गांव के समस्या एवं समाधान पर विचार विमर्श किया गया। वहीं ग्रामीणों व गांव के छौ नृत्य दल के कलाकारों ने अपनी समस्याओं को रखा। आजसू पार्टी के नेताओं ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, समाधान का आश्वासन देते हुए उनकी चिंताओं को दूर किया और पार्टी के विजन और मिशन के बारे में बताया। वहीं भरत देव साय ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों में एकजुटता बनाए रखना, समर्थन हासिल करना और उन्हें पार्टी के उम्मीदवार के लिए वोट देने के लिए प्रेरित करना है। बैठक में ग्राम प्रभारी, चुल्हा प्रमुख एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

काउंसिल की बैठक में महाअधिवेशन को सफल बनाने का लिया गया निर्णय

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्प्लॉयज कॉन्सिल जोनल कोर कमिटी की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन और संचालन पिपरवार क्षेत्रीय सचिव रतन लाल ने किया।बैठक में काउंसिल को मजबूत बनाने एवं काउंसिल के सदस्यों की समस्याओं का समाधान करने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे 29 सितम्बर को बरकाकाना में होने वाले कॉन्सिल के महाअधिवेशन को सफल बनाने एंव पिपरवार से अधिक से अधिक संख्या मे कार्यकर्ता के जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से पिपरवार,एनके,मगध व आम्रपाली एरिया से डेलीगेट बचरा के चार नम्बर चौक में एकत्रित होकर एक साथ महाधिवेशन मे जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सीसीएल उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन,पिपरवार क्षेत्रीय सचिव रतनलाल,पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष रामचंद्र उंराव, एनके क्षेत्र से रविन्द्र पासवान,दिलीप पासवान, मगध-संघमित्रा क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेमचन्द कुमार,सचिव गणेश कुमार, अम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र से अश्विन कुमार,विजय बेदिया, अजय कुमार,बिरेंद्र मुंडा, सुरज कुमार,रोशन कुमार, विनय मुंडा,अर्जुन मुंडा, रोहित कुमार सहित काउंसिल के कई लोग मौजूद थे।

पिपरवार में सीसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आज होगा उद्घाटन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार एरिया की मेजबानी में आज से सीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा,जिसको लेकर स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने बताया कि आज सुबह पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा।इसके बाद सीसीएल से आए हुए सभी क्षेत्रो के टीमों के बीच मैच खेला जाएगा।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीम शामिल हो रही है।सभी मैच बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम एवं बचरा चार नंबर खेल मैदान में खेला जाएगा।वहीं प्रतियोगिता का समापन पांच अक्टूबर को किया जाएगा।

पिपरवार के कल्याणपुर में तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया मेला का आज होगा उद्घाटन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में तीन दिवसीय एतिहासिक जितिया जतरा मेला महोत्सव का आज उद्घाटन किया जाएगा।मेला को लेकर आयोजन समिति के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह,सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा आज मेला का उद्घाटन पारंपरिक तरीके से किया जाएगा।इस अवसर पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,सुभाष यादव,पिपरवार महाप्रबंधक संजीव कुमार, पूर्व महाप्रबंधक बीपी सिंह, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार,झामुमो नेता मनोज चंद्रा,शोभा कुजूर, जितेंद्र कुमार,प्रेम रंजन पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित होंगे।आयोजन समिति की ओर से जतरा की तैयारी जोरों शोर से की जा रही है। वही व्यापारी लोग मेलाटांड़ में पहुंचकर अपनी अपनी दुकान लगा रहे हैं।वही कमेटी के द्वारा प्रशासन के निर्देश पर भोलिंटियर का गठन किया गया।वही पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया हैं।

टाटा टी गोल्ड त्योहारी सीजन का जश्न मना रहा

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जैसे-जैसे बंगाल का दिल दुर्गा पूजा की जीवंत लय के साथ धड़कता है, पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा बिकने वाला चाय ब्रांड टाटा टी गोल्ड कुमारतुली की शिल्पकला को जीवंत करके इस त्यौहारी सीजन का जश्न मना रहा है। टाटा टी गोल्ड ने कुमारतुली थीम वाले सीमित संस्करण के त्यौहारी पैक लॉन्च किए हैं और उन्हें जीवंत बनाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया है। कुमारतुली कला बंगाल का दिल है थीम पर आधारित, पूजा के पाँच दिनों को मनाने वाले प्रत्येक पाँच प्रतीकात्मक तत्व- ढाकी, शंखो ध्वनि, अष्टमी पुजारिन, धुनुची नृत्य और सिन्दूर खेला।प्रत्येक तत्व को मूर्तियों के माध्यम से दर्शाया गया है, जिन्हें कुमारतुली शैली में सावधानीपूर्वक गढ़ा गया है।

टाटा एआईए निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड पेश

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस उत्पादों के माध्यम से टाटा एआईए निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड पेश किया है, जो एक ओपन-एंडेड न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) है, जिसमें अल्फा निवेश रणनीति है, जो संभावित वृद्धि से लाभ उठाने के साथ-साथ अपने प्रियजनों को जीवन बीमा कवर की सुरक्षा प्रदान करती है। एनएफओ 30 सितंबर, 2024 तक खुला रहेगा, जिसमें एनएफओ अवधि के दौरान 10 रुपये प्रति यूनिट के एनएवी पर यूनिट की पेशकश की जाएगी।

भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु गांव में ग्राम सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आज भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु गांव में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

ग्राम सभा में उलिहातू ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना गया। साथ हीं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अफीम की खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

ग्रामीणों को अफीम की खेती न करने, अफीम की खेती से होने वाले नुकसान एवं अन्य कानूनी पहलू के बारे में जानकारी देते हुए वैकल्पिक खेती को लेकर प्रेरित किया गया। इसके अलावे डायल-112, डायन प्रथा, मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दिया गया।

इस ग्राम सभा में अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अड़की, थाना प्रभारी, मुखिया, ग्राम प्रधान , सुखराम मुंडा एवं काफी संख्या में ग्रमीण उपस्थित थे।

पिपरवार के बहेरा मे हुई हयुमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा में हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बिरेन्द्र उंराव और संचालन जाहिद अली ने किया।बैठक में ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यो पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही बेरोजगारी व नशाखोरी जैसी गंभीर समस्या को दूर करने के लिए ट्रस्ट के द्वारा सकारात्मक पहल करने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से वंचित लोगों की मदद कर योजना का लाभ दिलाने,बीमार एवं लाचार लोगों की मदद करने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने कहा कि पिछले कई वर्षो से ट्रस्ट के द्वारा कई सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्य के लिए लोगो को सहयोग किया जा रहे हैं,जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।ट्रस्ट के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित गांव का दौरा कर सर्वे भी किया गया,जिसमें गंभीर रूप से बीमार लोगों को इलाज में मदद करने के लिए सहयोग व सरकारी सहायाता प्रदान की गई।बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्ट का पुर्नगठन किया गया,जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष जाहिद अली, उपाध्यक्ष बिरेन्द्र उंराव,सचिव मतिउल हक,उपसचिव मोहम्मद फहीम,कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनवर,उप कोषाध्यक्ष निर्मल उंराव को बनाया गया।